वर्ष 69 ▸ अंक 184 ▸ पृष्ठ 12
भोपाल, शुक्रवार 03 अप्रैल, 2026
▸ वैशाख कृष्ण पक्ष 01, विक्रम संवत् 2083
▸ महानगर ▸ मूल्य 5 रुपए

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

कुछ भी आपके साथ नहीं होता, बल्कि आपके लिए होता है। नकारात्मक घटनाओं में भी सकारात्मक पहलू देखने की कोशिश करें।
–जोएल ओस्टीन





**जंग का 34वां दिन:** ईरानी सुप्रीम लीडर के करीबी सलाहकार घायल, पत्नी की मौत

# ट्रंप ने किया जीत का दावा, ईरान को पाषाण युग में पहुंचाने की दी धमकी

**तेल अवीव/ तेहरान/ वॉशिंगटन डीसी, जेएनएन।** पश्चिम एशिया में जारी ईरान-अमेरिका संघर्ष के 34वें दिन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बड़ा दावा किया है। गुरुवार को राष्ट्र के नाम संबोधन में ट्रंप ने कहा कि अमेरिका इस युद्ध में 'जीत हासिल कर चुका है' और ईरान की सैन्य क्षमता लगभग खत्म हो चुकी है।

उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर ईरान ने समझौता नहीं किया, तो अमेरिका उसे 'पाषाण युग' में पहुंचा देगा। ट्रंप ने यह भी दावा किया कि ईरानी सेना अब अमेरिका के प्रभावी नियंत्रण में है और उसकी मिसाइल, ड्रोन और नौसैनिक ताकत बुरी तरह कमजोर हो चुकी है। ट्रंप ने कहा कि आने वाले 2-3 हफ्तों में अमेरिका बड़ा सैन्य कदम भी उठा सकता है। हालांकि, उनके 19 मिनट के भाषण में कोई नई नीति या ठोस घोषणा सामने नहीं आई। इसी बीच, ईरान के पूर्व विदेश मंत्री और सुप्रीम लीडर के करीबी सलाहकार कमाल खराजी के तेहरान स्थित घर पर अमेरिकी हमले की खबर है। इस हमले में उनकी पत्नी की मौत हो गई, जबकि खराजी गंभीर रूप से घायल होकर अस्पताल में भर्ती हैं। खराजी फिलहाल स्ट्रैटेजिक फॉरेन रिलेशंस काउंसिल के चेयरमैन हैं, जो सीधे सुप्रीम लीडर को सलाह देने वाली अहम संस्था है। सूत्रों के मुताबिक, खराजी हाल के दिनों में पाकिस्तान के जरिए संभावित सीजफायर वार्ता के लिए बैकचैनल संपर्क में थे, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

### युद्ध आने वाली पीढ़ियों के लिए निवेश: ट्रंप



ट्रंप ने अपने भाषण में एक ओर बातचीत की बात कही, वहीं दूसरी ओर यह भी कहा कि उन्हें समझौते की जरूरत नहीं है। उन्होंने युद्ध को जरूरी बताते हुए कहा कि यह 'आने वाली पीढ़ियों के भविष्य में निवेश' है, भले ही इससे अमेरिकी जनता को आर्थिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा हो।

## ईरानी राष्ट्रपति का अमेरिकी जनता को पत्र क्या यह युद्ध 'अमेरिका फर्स्ट' के अनुरूप

**तेहरान/वॉशिंगटन, जेएनएन।** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने अमेरिका-ईरान युद्ध के बीच अमेरिकी जनता को खुला पत्र लिखकर ट्रंप प्रशासन की नीतियों पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने पूछा कि क्या यह युद्ध वास्तव में 'अमेरिका फर्स्ट' की नीति के अनुरूप है या नहीं। पेजेशकियन ने अपने पत्र में कहा, 'आखिर इस युद्ध से अमेरिकी जनता के कौन से हित पूरे हो रहे हैं?' ईरानी राष्ट्रपति ने पत्र में कहा कि क्या 'अमेरिका फर्स्ट' वास्तव में अमेरिकी सरकार की प्राथमिकता है? यह युद्ध किसके फायदे के लिए लड़ा जा रहा है? उन्होंने यह भी दावा किया कि ईरान ने अपने आधुनिक इतिहास में कभी आक्रामक या विस्तारवादी नीति नहीं अपनाई।पेजेशकियन ने कहा कि ईरान की 'खतरे की छवि' ताकतवर देशों की राजनीतिक-आर्थिक सोच का परिणाम है। हालिया ड्रोन और मिसाइल हमले 'वैध आत्मरक्षा' के तहत किए गए।




### अमेरिका के दिमाग में भ्रम पैदा कर रहा हॉलीवुड

जो लोग ईरान को धमकी दे रहे हैं, वे असल में अपने ही सैनिकों को मौत की तरफ धकेल रहे हैं। ईरान को 'स्टोन एज' (पाषाण युग) में भेजने की बात सिर्फ कल्पना है और ऐसा करना संभव नहीं है। हॉलीवुड अमेरिका के दिमाग में भ्रम पैदा कर रहा है। अमेरिका सिर्फ 250 साल पुराना देश है, जबकि ईरान की सभ्यता 6,000 साल पुरानी है और वो हमें डराने की कोशिश कर रहा है। होर्मुज हमारे कंट्रोल में है और यह अमेरिकी राष्ट्रपति के बेतुके बयानों से नहीं खुलेगा। यह रास्ता तभी खुलेगा जब उसकी शर्तें मानी जाएंगी।
**- माजिद मौसवी**, कमांडर, ईरानी एयरस्पेस फोर्स



पश्चिम एशिया: ईरान जंग में अपने मकसद से कितने दूर राष्ट्रपति ट्रंप-पेज- 11 पर




आर्टेमिस 2 मिशन चार अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा के चारों ओर ले जाएगा।

## ओबीसी आरक्षण: 27 अप्रैल से होगी नियमित सुनवाई

**हाईकोर्ट का निर्देश:** सभी पक्ष लिखित जवाब प्रस्तुत करें

**जागरण, जबलपुर।** मध्य प्रदेश में अन्य पिछड़ा वर्ग का आरक्षण 14 से बढ़ाकर 27 प्रतिशत करने के बाद दायर हुईं याचिकाओं पर शीघ्र अंतिम फैसला आने की उम्मीद जाग गई है। ऐसा इसलिए क्योंकि हाई कोर्ट ने 27 अप्रैल से इस मामले की नियमित सुनवाई करने के निर्देश दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट द्वारा ट्रांसफर किए गए मामलों पर हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा व न्यायमूर्ति विनय सराफ की युगलपीठ ने कहा कि आगामी 27 से 29 अप्रैल तक हर रोज दोपहर 12:30 बजे से मामलों पर सुनवाई की जाएगी।

### भोजशाला मामले की भी 6 अप्रैल से रोज सुनवाई

**इंदौर/धार, जेएनएन।** धार स्थित भोजशाला विवाद मामले में हाईकोर्ट ने अहम कदम उठाते हुए 6 अप्रैल से रोजाना सुनवाई करने का फैसला किया है। जस्टिस विजय कुमार शुक्ला और जस्टिस आलोक अवस्थी की डिवीजन बेंच सोमवार दोपहर 2.30 बजे से सभी याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई करेगी।

### ऑफ बीट

## चीन: 3.5 मीट्रिक टन वजन लेकर उड़ेगा 'ट्रक'



*चीन ने तकनीकी क्षेत्र में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए दुनिया के सबसे बड़े मानव रहित मालवाहक ड्रोन का सफल परीक्षण किया है। 'चांगयिंग-8' नाम का यह ड्रोन 3.5 मीट्रिक टन तक का भारी माल उठाने में सक्षम है, जिसे 'उड़ने वाला ट्रक' कहा जा रहा है। यह ड्रोन हेनान प्रांत के झेंग्झौ शांगकियाओ अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरकर करीब 30 मिनट तक हवा में रहा और सुरक्षित लैंडिंग की। उड़ान के दौरान इसके फ्लाइट कंट्रोल सिस्टम, एवियोनिक्स, इलेक्ट्रिकल और मैकेनिकल सिस्टम समेत सभी तकनीकी पहलुओं की जांच की गई। यह अधिकतम 3.5 मीट्रिक टन तक भार उठाने की क्षमता रखता है। और करीब 3000 किलोमीटर की उड़ान रेंज है। इसकी लंबाई 17 मीटर और 25 मीटर विंगस्पैन हैं। इसका कच्चे और कठिन इलाकों में भी संचालन संभव है। इस उन्नत ड्रोन को चीन की प्रमुख रक्षा कंपनी चाइना नॉर्थ इंडस्ट्रीज ग्रुप कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने विकसित किया है।*

### आईपीएल में आज

**चैन्नई बनाम पंजाब**
**समय : शाम 7.30 बजे से**
**प्रसारण: स्टार स्पोर्ट्स और जियो हॉटस्टार पर**
**परिणाम: हैदराबाद ने कोलकाता को 65 रन से हराया।**

## बंगाली का हक बांग्लादेशी को देने पर तुली हैं दीदी: मुख्यमंत्री

### मुख्यमंत्री ने 5 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र भरवाए

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरुवार को पश्चिम बंगाल के चुनावी दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने 5 भाजपा प्रत्याशियों के नामांकन पत्र भरवाए। वहीं जनसभाओं में मौजूदा टीएमसी सरकार की जमकर आलोचना की। डॉ. यादव ने कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी अब दीदी नहीं अप्पी हो गई हैं। बांकुरा में जनसमुदाय को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ममता दीदी बंगाली मानुष के अधिकार बांग्लादेश को देने पर तुली हुई हैं। ऐसे में यह चुनाव नहीं धर्म युद्ध है। बंगाल के युवा, महिला, गरीब और किसान बदलाव के लिए खड़े हो गए हैं। सब अपनी आन -बान -शान के लिए लड़ रहे हैं। ऐसे में दुनिया की कोई भी ताकत भाजपा को बंगाल में सत्ता हासिल करने से नहीं रोक सकती। उन्होंने कहा कि पिछले 15 साल से बांकुरा के लोग दीदी के शासन में पलायन ■ शेष पृष्ठ 9 पर



### 21 राज्यों में हमारी सरकारें

चुनावी सभा के उपरांत पत्रकारों से चर्चा करते हुए डॉ. यादव ने कहा कि देश के 21 राज्यों में भाजपा या हमारे गठबंधन की सरकारें हैं। ऐसे में इस विधानसभा चुनाव में पश्चिम बंगाल में भी भाजपा की सरकार बनती दिखाई दे रही है। पश्चिम बंगाल की ममता सरकार से पूरे प्रदेश परेशान है। घुसपैठियों को जिस तरीके से बढ़ावा दिया गया, हिन्दुओं को अपमानित किया गया।

## छग: जग्गी हत्याकांड में अमित जोगी दोषी करार

**बिलासपुर, जेएनएन।** छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित रामावतार जग्गी हत्याकांड में हाईकोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी के बेटे अमित जोगी को दोषी करार दिया है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की डिवीजन बेंच ने उन्हें तीन सप्ताह के भीतर सरेंडर करने का आदेश दिया है। अदालत ने यह फैसला सीबीआई द्वारा पेश किए गए साक्ष्यों के आधार पर सुनाया। फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए अमित जोगी ने कहा कि उन्हें पूरी सुनवाई का मौका नहीं मिला और यह फैसला उनके लिए अप्रत्याशित है। उन्होंने इसे 'अन्याय' बताया। मामले में 4 जून 2003 को रायपुर में एनसीपी नेता रामावतार जग्गी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मामले में कुल 31 आरोपी बनाए गए। इनमें से 28 आरोपियों को सजा हुई, जबकि अमित जोगी को ट्रायल कोर्ट ने बरी किया था।



**30 जून तक राहत:** महंगाई काबू करने और सप्लाई चेन मजबूत करने की कोशिश

## 40 पेट्रोकेमिकल्स पर कस्टम ड्यूटी शून्य

**नई दिल्ली, जेएनएन।** पश्चिम एशिया संकट से वैश्विक सप्लाई चेन पर पड़े असर के बीच केंद्र सरकार ने बड़ा आर्थिक फैसला लिया है। सरकार ने उर्वरक उत्पादों समेत 40 से अधिक अहम पेट्रोकेमिकल्स पर कस्टम ड्यूटी पूरी तरह खत्म कर दी है। वित्त मंत्रालय के मुताबिक यह छूट 2 अप्रैल 2026 से लागू होकर 30 जून 2026 तक प्रभावी रहेगी। इसका मकसद घरेलू उद्योगों के लिए कच्चे माल की उपलब्धता सुनिश्चित करना और बढ़ती लागत पर लगाम लगाना है।

इस फैसले से कई बड़े मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को राहत मिलने की उम्मीद है। सरकार का मानना है कि इससे उत्पादन लागत घटेगी और अंततः आम उपभोक्ताओं को सस्ते उत्पाद मिल सकते हैं। मिडिल ईस्ट में युद्ध के कारण सप्लाई चेन बाधित हो गई है। साथ ही होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों की आवाजाही प्रभावित हुई है। इससे कच्चे तेल की कीमतें 120 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई हैं। भारत की 85 फीसदी ऊर्जा जरूरतें आयात पर निर्भर हैं। इन हालात में कच्चे माल की लागत तेजी से बढ़ रही थी, जिसे नियंत्रित करने के लिए यह कदम उठाया गया। इससे पहले सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर 10-10 रुपये प्रति लीटर एक्साइज ड्यूटी में कटौती की थी और डीजल और एटीएफ पर एक्सपोर्ट ड्यूटी लगाकर घरेलू सप्लाई बढ़ाने की कोशिश की है। हालांकि घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम में 60 रुपये की बढ़ोतरी की गई है।



### इन सेक्टर्स को फायदा

- प्लास्टिक और पैकेजिंग उद्योग
- टेक्सटाइल (कपड़ा) सेक्टर
- फार्मास्यूटिकल्स (दवा उद्योग)
- केमिकल इंडस्ट्री
- ऑटोमोबाइल और ऑटो पार्ट्स

### यह होगा सस्ता

- पानी की बोतल, पैकेजिंग, दवाएं, कपड़े, पेंट, खिलौने, ऑटो पार्ट्स
- शैंपू, प्लास्टिक सामान, पैकेज्ड प्रोडक्ट सस्ते हो सकते हैं
- दवाओं और कपड़ों की कीमतों में राहत संभव
- मैन्युफैक्चरिंग लागत घटने से महंगाई पर नियंत्रण
- मेथनॉल, टोल्यून, स्टाइरीन, एसिटिक एसिड, फिनॉल, अमोनिया, पॉलीइथिलीन, पीवीसी, पीईटी, इंजीनियरिंग प्लास्टिक्स आदि।

## आप ने राघव चड्ढा को रास उपनेता पद से हटाया

**नई दिल्ली, जेएनएन।** आम आदमी पार्टी (आप) ने गुरुवार को बड़ा संगठनात्मक फैसला लेते हुए राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा को उपनेता पद से हटा दिया। उनकी जगह पंजाब से ही सांसद अशोक मित्तल को नया उपनेता नियुक्त किया गया है। पार्टी ने इस संबंध में राज्यसभा सचिवालय को पत्र भेजकर जानकारी दी है। पत्र में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि अब राघव चड्ढा को सदन में पार्टी की ओर से बोलने का समय न दिया जाए। आप ने इस बदलाव के पीछे कोई आधिकारिक कारण नहीं बताया है। हालांकि, चर्चा है कि राघव चड्ढा पिछले कुछ समय से पार्टी से दूरी बनाए हुए थे और अहम मुद्दों पर सार्वजनिक रूप से कोई बयान नहीं दे रहे थे। दिल्ली शराब नीति मामले में अरविंद केजरीवाल को राहत मिलने के बाद भी उनकी चुप्पी चर्चा में रही थी।



**हाईकोर्ट सख्त:** 443 करोड़ वसूली मामले में न्यायिक प्रक्रिया प्रभावित करने की कोशिश का आरोप

## विधायक संजय पाठक पर दर्ज हो सकता है केस

**जागरण, जबलपुर।** मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने विजयराघवगढ़ से भाजपा विधायक संजय पाठक के खिलाफ गंभीर रुख अपनाते हुए केस दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने नोटिस जारी कर पूछा है कि उनके खिलाफ आपराधिक अवमानना की कार्रवाई क्यों न की जाए। यह मामला खनन से जुड़े 443 करोड़ रुपए के वसूली प्रकरण और न्यायाधीश से संपर्क करने के आरोप से जुड़ा है।

हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा व न्यायमूर्ति विनय सराफ की युगलपीठ ने पाठक को नोटिस जारी कर पूछा है कि क्यों न उनके विरुद्ध आपराधिक अवमानना की कार्रवाई की जाए। याचिकाकर्ता कटनी निवासी आशुतोष दीक्षित की ओर से अधिवक्ता अरविंद श्रीवास्तव और पुनीत श्रोती ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि भाजपा विधायक संजय पाठक ने हाई कोर्ट के जज से संपर्क करने की कोशिश की थी, जो न्यायिक प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास माना जा सकता है। दरअसल, पाठक परिवार से जुड़ी खदानों के मामले की सुनवाई हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति विशाल मिश्रा की अदालत में निर्धारित थी। इसी दौरान एक सितंबर, 2025 को न्यायमूर्ति मिश्रा ने स्वयं यह तथ्य उजागर किया था कि विधायक द्वारा उनसे संपर्क करने की कोशिश की गई है। इस तरह साफ है कि यह मामला किसी जनप्रतिनिधि द्वारा जज से संपर्क करने की कोशिश न्यायपालिका की स्वतंत्रता पर सवाल खड़े कर सकती है।

यदि आरोप सही साबित होते हैं, तो यह जनप्रतिनिधियों के आचरण से जुड़े गंभीर मुद्दे को उजागर करता है। शिकायत के बावजूद कार्रवाई न होना भी प्रशासनिक तंत्र पर सवाल उठाता है। न्यायमूर्ति विशाल मिश्रा ने निष्पक्षता बनाए रखने के लिए सुनवाई से स्वयं को अलग कर लिया था। उन्होंने प्रकरण प्रशासनिक स्तर पर मुख्य न्यायाधीश के समक्ष भेजने की व्यवस्था दी थी।

### जज विशाल मिश्रा ने खुद को किया था अलग



- 1 सितंबर 2025 को जस्टिस विशाल मिश्रा ने मामले की सुनवाई से खुद को अलग कर लिया था।
- उन्होंने ऑर्डर शीट में लिखा कि संजय पाठक ने उनसे एक विशेष मामले पर चर्चा करने के लिए संपर्क किया।
- यह मामला पाठक परिवार की खनन कंपनियों से जुड़ा था।

## हाईकोर्ट से स्टे नहीं मिला तो जाएगी राजेंद्र की विधायकी

### दतिया विधायक को तीन साल की सजा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने ग्रामीण बैंक घोटाले के मामले में मध्य प्रदेश के दतिया से कांग्रेस विधायक राजेंद्र भारती को 3 साल की सजा सुनाई है। कोर्ट ने इस मामले में सह-आरोपी रघुबीर शरण प्रजापति को भी समान सजा दी है। अदालत ने दोनों दोषियों पर जुर्माना भी लगाया है और अपील दायर करने के लिए एक महीने की जमानत प्रदान की है। कानूनी प्रावधानों के अनुसार, 2 साल या उससे अधिक की सजा होने पर विधायकी स्वतः जा सकती है। भारती को 3 साल की सजा हुई है। हालांकि, हाईकोर्ट से सजा पर स्टे मिलने पर राहत संभव है।

कोर्ट ने आपराधिक साजिश धोखाधड़ी, मूल्यवान दस्तावेजों की जालसाजी और जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल करने के आरोपों में अदालत ने राजेंद्र भारती को दोषी करार दिया। विशेष न्यायाधीश दिग्विनय सिंह ने कहा कि यह पूरा मामला सुनियोजित साजिश का हिस्सा था, जिसके जरिए बैंक को आर्थिक नुकसान पहुंचाया गया। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि राजनीतिक साजिश के आरोप साबित नहीं हुए, क्योंकि मामला 1998 से 2011 के बीच की घटनाओं से जुड़ा है। 3 मार्च 2011 को बैंक अध्यक्ष बने भाजपा नेता पप्पू पुजारी मामले को सामने लाए। सहकारिता विभाग के तत्कालीन संयुक्त पंजीयक अभय खरे ने जांच की, जिसमें एफडी पर ऑडिट आपत्ति दर्ज हुई।

विधायक के बेटे अनुज भारती ने बताया कि उनके पिता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। वे फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील करेंगे और जमानत के लिए आवेदन देंगे।



### यह है मामला

भारती और अन्य आरोपियों ने मिलकर सहकारी ग्रामीण विकास बैंक को धोखा देने की साजिश रची। आरोप है कि 3 साल की अवधि वाली फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) 2011 में समाप्त होने के बाद भी आरोपियों ने उच्च ब्याज दर पर राशि निकालना जारी रखा। इसके लिए बैंक के दस्तावेजों में जालसाजी की गई।

### केस की पृष्ठभूमि

- मामला पहले मध्य प्रदेश में चला
- बाद में सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर दिल्ली ट्रांसफर किया गया
- भारती ने रघुवीर के साथ मिलकर एफडी की अवधि 3 साल से बढ़ाकर 15 साल कर दी।
- सालाना 13.5 फीसदी की दर से ब्याज के 1.35 लाख रुपए 1999 से 2011 तक निकाले।

### 2 साल या ज्यादा सजा पर विधायकी जा सकती है

विधायक के दोषी करार दिए जाने के बाद क्षेत्र में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। तीन साल की सजा के चलते उनकी विधायकी पर संकट है। सीट खाली होने पर उपचुनाव की स्थिति बन सकती है। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा- राज्यसभा चुनाव को लेकर भाजपा की मंशा खुलकर सामने आ रही है। कांग्रेस विधायकों को तोड़ने और खरीदने की कोशिश की जा रही है। जब यह प्रयास सफल नहीं हो रहा, तो उनके खिलाफ पुराने मामलों को हथियार बनाया जा रहा है। पूर्व भाजपा विधायक नरोत्तम मिश्रा का पेड न्यूज मामला वर्षों से सुप्रीम कोर्ट में लंबित है, यह दोहरे मापदंड साफ दिखाता है।

**शिक्षा**

**सीबीएसई का नया सिलेबस लागू, डमी स्कूलों पर कसेगा शिकंजा**

# अब स्कूल में ही होगी जेईई-नीट परीक्षा की तैयारी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने शिक्षा प्रणाली में बड़ा बदलाव करते हुए सत्र 2026-27 से कक्षा 9वीं और 10वीं के लिए नया पाठ्यक्रम लागू करने का निर्णय लिया है। इस बदलाव का मुख्य उद्देश्य छात्रों को स्कूल शिक्षा से जोड़ते हुए उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे जेईई और नीट की तैयारी के लिए सक्षम बनाना है, ताकि कोचिंग पर निर्भरता कम हो और 'डमी स्कूल' संस्कृति पर लगाम लग सके। यह नया ढांचा राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 और राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा (एनसीएफ) 2023 के अनुरूप तैयार किया गया है, जिसमें रटने के बजाय समझ, कौशल और एप्लीकेशन आधारित शिक्षा पर जोर दिया गया है।



### तीन-भाषा फॉर्मूला अनिवार्य

नई व्यवस्था में सबसे बड़ा बदलाव तीन-भाषा फॉर्मूला है।

- कक्षा 6 से तीसरी भाषा अनिवार्य होगी
- इसे 2030-31 तक कक्षा 10 तक लागू किया जाएगा
- हर छात्र को कम से कम दो भारतीय भाषाएं पढ़नी होंगी
- 10वीं बोर्ड परीक्षा में भाषाओं को पास करना जरूरी होगा
- दिव्यांग छात्रों को इसमें छूट दी गई है।

### डमी स्कूलों पर असर

सीबीएसई का मानना है कि इन बदलावों से-

- छात्र नियमित स्कूल शिक्षा से जुड़े रहेंगे
- कोचिंग संस्थानों पर निर्भरता घटेगी
- डमी स्कूलों की प्रवृत्ति पर अंकुश लगेगा
- प्रभावी ढंग से लागू होने पर यह सिलेबस शिक्षा प्रणाली में बड़ा बदलाव साबित हो सकता है।

### गणित और विज्ञान में एडवांस स्तर

- सीबीएसई ने गणित और विज्ञान विषयों को भी नया रूप दिया है।
- कक्षा 9 से दो स्तर- स्टैंडर्ड और एडवांस होंगे।
- सभी छात्रों के लिए सामान्य परीक्षा
- एडवांस स्तर के लिए 25 अंकों की अतिरिक्त परीक्षा
- इसमें हाई-ऑर्डर थिंकिंग और एनालिटिकल सवाल होंगे

### एआई और टेक्नोलॉजी पर जोर


- कक्षा 3 से 8 तक गतिविधि आधारित पढ़ाई
- 2027-28 से एआई विषय के रूप में पढ़ाया जाएगा
- 2029 तक बोर्ड परीक्षा में औपचारिक मूल्यांकन

### इंटरडिसिप्लिनरी अप्रोच

- कक्षा 9 में 'समाज में व्यक्ति' विषय
- कक्षा 10 में 'पर्यावरण शिक्षा'
- व्यावसायिक शिक्षा और स्थानीय कौशल पर जोर
- कार्य आधारित और व्यावहारिक शिक्षा को बढ़ावा

### बोझ कम करने के उपाय

- स्कूलों को निर्देश दिए हैं कि 'बैगलेस डे' लागू किए जाएं ताकि बच्चों को राहत मिले
- हल्के टाइमटेबल बनाए जाएं
- कला, खेल और वेलनेस को मुख्य शिक्षा में शामिल किया जाए


मध्यप्रदेश शासन
भारत के स्वाभिमान
नवजागरण और विकास
की यात्रा का उत्सव
महानाट्य
सम्राट विक्रमादित्य
शुभारंभ
3 अप्रैल 2026 । विक्रम सम्वत् 2083, वैशाख कृष्ण पक्ष
सायं 7.00 बजे, बी.एल.डब्ल्यू. मैदान, वाराणसी, उत्तर प्रदेश
नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश
मुख्य अतिथि
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश
3 से 5 अप्रैल 2026, प्रतिदिन सायं 7.00 बजे
प्रदर्शनियाँ
आर्ष भारत, सम्राट विक्रमादित्य और अयोध्या
शिव पुराण, चौरासी महादेव, श्रीहनुमान एवं मध्यप्रदेश के पवित्र स्थलों की प्रदर्शनी
पूर्वरंग : सायं 6.30 बजे से
मध्यप्रदेश के लोक नृत्य
स्वाद
देशज व्यंजनों का मेला
04:59 PM
1 अप्रैल 2026
विक्रमादित्य वैदिक घड़ी
मीन
हस्त
पूर्णिमा
अर्यमन्
कन्या
चन्द्र
विष्टि
कर्ण
13 : 15 : 03
मुहूर्त | कला | काष्ठा
चैत्र | शुक्ल पक्ष | पूर्णिमा
वि. 2083 सं.
बुधवार
वाराणसी
विक्रमादित्य वैदिक घड़ी
बाबा महाकाल के अनन्य सेवक
डॉ. मोहन यादव
द्वारा बाबा विश्वनाथ को सादर समर्पित
भारत का समय - पृथ्वी का समय
विक्रमादित्य वैदिक घड़ी
आप आदरपूर्वक आमंत्रित हैं।
मध्यप्रदेश जनसंपर्क द्वारा जारी
D-11001/26
आयोजक :
संस्कृति, पर्यटन, जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश शासन
महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ, उज्जैन
सहयोग :
जिलाधिकारी वाराणसी
उत्तर प्रदेश सरकार

राजधानी का तापमान/मौसम
अधिकतम 37.2°c | न्यूनतम 12.2°c
राजधानी में सर्दी का मौसम खत्म हो रहा है। तापमान बढ़ने की संभावना है

•11• राज्य •31• संस्करण
मध्य प्रदेश • उत्तर प्रदेश • दिल्ली • हरियाणा • उत्तराखंड • पंजाब • जम्मू-कश्मीर • बिहार • झारखंड • हिमाचल प्रदेश • पश्चिम बंगाल से प्रकाशित
www.dainikjagranmpcg.com

## नगर में आज

**युवा अनुनाद**
- स्थान: रंग श्री लिटिल बैले ट्रूप
- समय: शाम 7 बजे से

**सितारा प्रदर्शनी**
- स्थान: गौहर महल
- समय: दोपहर 3 बजे से

**शक्ति का सम्मान एंव व्याख्यान**
- स्थान: दुष्यंत संग्रहालय
- समय: शाम 4 बजे से

## शेयर मार्केट में ट्रेडिंग के नाम पर प्रापर्टी डीलर से 18.55 लाख की ठगी

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** शेयर मार्केट में ट्रेडिंग के नाम पर एक प्रापर्टी डीलर से 18.55 लाख की आनलाइन ठगी हो गई। उन्हें 70 फीसदी मुनाफा का लालच दिया गया था। एक सोशल मीडिया ग्रुप से जोड़कर उनसे निवेश कराया। बाद में अकाउंट ब्लॉक कर दिया। ठगी का अहसास होने पर उन्होंने इसकी शिकायत की। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चूनाभट्टी पुलिस के मुताबिक, 50 वर्षीय ललित नामदेव चाणक्यपुरी में रहते हैं। वह प्रापर्टी डीलिंग का काम करते हैं।

### 70 फीसदी मुनाफा का दिया लालच

जनवरी 2026 में अपने मोबाइल पर वह रील देख रहे थे, तभी उनके पास ऐप आया। ऐप में बताया गया कि शेयर मार्केट में निवेश करने पर 70 फीसदी तक मुनाफा मिल सकता है। लालच में आकर वह ऐप के माध्यम से सोशल मीडिया से जुड़ गए। यहां बताया गया कि किस तरह से शेयर में निवेश करना है। इस ग्रुप में जुड़े अन्य लोगों के वर्चुअल मुनाफा दिखाया जा रहा था। यह देखकर उन्होंने अलग-अलग किश्तों में करीब 18.55 लाख रुपए निवेश कर दिए। बाद में उन्हें ना तो निवेश की हुई रकम पर कोई प्रोफिट मिला और ना ही निवेश की हुई रकम वापस मिली। उन्होंने थाना पुलिस को लिखित में आवेदन दिया था। जांच के बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

**जीएमसी के चिकित्सा शिक्षकों ने शुरू किया सीधी भर्ती का विरोध** | **नियम नहीं बदला तो 21 से प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों में हड़ताल**

# सीधी भर्ती के नाम पर हो रहा फरेब, पेंशन मिलेगी न ग्रेच्यूटी

**नगर संवाददाता, भोपाल।** स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों में टीचर्स की कमी दूर करने के लिए सीधी भर्ती की जा रही है। यह सीधी भर्ती दो तरह से हो रही है। एक ओपन फॉर ऑल, यानि इसमें कोई भी योग्य उम्मीदवार शामिल हो सकता है। जबकि दूसरी का नाम है आंतरिक सीधी भर्ती। यानि जिस मेडिकल कॉलेज में आंतरिक सीधी भर्ती निकली है, उसमें सिर्फ उसी मेडिकल कॉलेज के चिकित्सक शामिल हो सकते हैं। इस आंतरिक सीधी भर्ती प्रक्रिया का भोपाल के गांधी मेडिकल कॉलेज में विरोध शुरू हो गया है। पीएमटीए (प्रोग्रेसिव मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन) के बैनर तले यह विरोध शुरू किया गया है।




### 2018 से शुरू कहानी, अब तक 400 शिकार

चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा वर्ष 2018 में आदर्श भर्ती नियम तैयार किए गए थे। इस नियमावली के तहत यह प्रावधान किया गया था कि आरक्षण में प्रमोशन मामले के चलते डीपीसी पर रोक है। इसलिए सीधी भर्ती के जरिए खाली पदों को भरा जाए। आंतरिक सीधी भर्ती प्रक्रिया में यदि एसोसिएट प्रोफेसर और प्रोफेसर पर भर्ती की गई, तो इसमें असिस्टेंट प्रोफेसर और एसोसिएट प्रोफेसर शामिल हुए। भर्ती के समय उम्मीदवारों को यह नहीं बताया गया कि आपका पुराना सर्विस रिकार्ड जीरो हो गया है और अब आप नए सिरे नए एम्पलाई हो गए हो। वर्ष 2018 से लेकर 2023 तक प्रदेश के अलग अलग मेडिकल कॉलेजों में आंतरिक सीधी भर्ती के माध्यम से करीब 400 से ज्यादा लोग नए एम्पलाई बन गए। अब इन सबके सामने पेंशन और ग्रेच्यूटी का संकट है, क्योंकि आंतरिक सीधी भर्ती में कई प्रकार के वित्तीय लाभ का प्रावधान नहीं है।

### क्या है आंतरिक भर्ती प्रक्रिया

आंतरिक भर्ती प्रक्रिया का अर्थ है कि संस्थान में पहले से कार्यरत योग्य और अनुभवी चिकित्सा शिक्षकों को उक्त प्रक्रिया के माध्यम से उच्च पदों पर नियुक्त किया जाए। लेकिन इस प्रक्रिया के तहत आने वाले उम्मीदवारों का सर्विस रिकार्ड शून्य माना जाए और नया कोड दिया जाए।

### इससे होने वाले नुकसान

शिक्षकों का कहना है कि सीधी भर्ती लागू होने से उनकी वर्षों की सेवा का मूल्य शून्य हो जाएगा। इससे ग्रेच्युटी, एनपीएस, वेतन वृद्धि और भविष्य की पेंशन पर सीधा असर पड़ेगा। साथ ही वरिष्ठता खत्म होने से प्रमोशन के अवसर भी समाप्त हो जाएंगे। लंबे समय से संस्थान में सेवाएं दे रहे शिक्षकों को आर्थिक और पेशेवर दोनों तरह का नुकसान झेलना पड़ेगा।

### जीएमसी के चिकित्सकों ने किया भर्ती का बहिष्कार

गांधी मेडिकल कॉलेज में निकली आंतरिक सीधी भर्ती प्रक्रिया का यहां के चिकित्सकों ने बहिष्कार कर दिया है। जारी विज्ञापन के मुताबिक जीएमसी में प्राध्यापक और सह प्राध्यापक के कुल 9 पदों पर आंतरिक सीधी निकाली गई। इन पदों के योग्यता होने के बाद भी जीएमसी के चिकित्सकों ने अपने अपने स्तर पर डीन को पत्र भेजकर इस प्रक्रिया का बहिष्कार किया है। यानि अभी तक एक भी आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। जबकि आवेदन करने की अंतिम तिथि 8 अप्रैल है।

### ग्वालियर में कोर्ट ने रद्द की प्रक्रिया

करीब सप्ताह भर पहले ग्वालियर मेडिकल कॉलेज में भी आंतरिक सीधी भर्ती प्रक्रिया शुरू की गई है। इसे हाइकोर्ट में चुनौती दी गई। डॉ. आशीष कौशल विरुद्ध मध्यप्रदेश शासन के प्रकरण में उच्च न्यायालय ग्वालियर बैंच ने पदोन्नति के पदों को सीधी भर्ती से भरे जाने को खारिज कर विज्ञप्ति को निरस्त किया है। इससे पहले खंडवा व अन्य मेडिकल कॉलेजों में भर्ती प्रक्रिया हो चुकी है।

> सरकार ने हमारे साथ धोखा किया है। अपने कंधों से वित्तीय बोझ उतारने के लिए यह रास्ता अपनाया जा रहा है। इसमें चिकित्सा शिक्षकों का पूरा नुकसान है। हमारी सरकार से एक ही मांग है कि बिना देर किए इस प्रक्रिया को रद्द किया जाए या पेंशन और ग्रेज्यूटी सहित तमाम वित्तीय लाभ को जोड़ा जाए।
>
> **● डॉ. राकेश मालवीय,** अध्यक्ष पीएमटीए

# बंसल वन के बाहर 2 युवकों को कार से घसीट कर पीटा, वीडियो वायरल

## 4-5 लोगों ने लात-घूंसों से की मारपीट, देर रात डेढ़ बजे की घटना, एफआईआर दर्ज

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** बंसल वन मॉल के बाहर बुधवार देर रात गदर हो गया। कार में बैठे दो युवकों को लोगों ने घसीटकर बाहर निकाला इसके बाद लात-घूंसे से जमकर पिटाई की। युवतियां उन्हें बचाती रहीं, लेकिन आरोपी मारते रहे। करीब 10 मिनट तक आरोपी पीटते रहे। यह घटना वीडियो में कैद हो गई। गुरुवार को सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हो गया। घटना बुधवार देर रात डेढ़ बजे की है। पीड़ित की रिपोर्ट पर हबीबगंज पुलिस ने एक नामजद आरोपी समेत अन्य के खिलाफ मारपीट समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।



### रेस्टोरेंट में एक युवती से हुई थी बहस

हबीबगंज पुलिस के मुताबिक, इस संबंध में 30 वर्षीय दर्पण सिंह ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। वह डिजिटल मार्केटिंग का काम करता है। उसने बताया कि बुधवार रात दोस्तों के साथ खाना खाने रेस्टोरेंट गया था। जहां पहचान की युवती से पुरानी बातों को लेकर बहस हो गई। खाना खाने के बाद जब वह बंसल वन मॉल के बाहर निकला, तभी आरोपी आदित्य व अन्य लोगों ने हमला कर दिया। दर्पण का कहना है कि जिस युवती से उसका होटल में विवाद हुआ था उसी ने आदित्य को बुलाया। उसके कहने पर आरोपियों ने उसके व दोस्त के साथ लात-घूंसों से मारपीट की। वह पहले से इंतजार कर रहे थे।

### बीचबचाव कर रहीं युवतियों से झूमाझटकी

पीड़ित के साथ उसकी महिला मित्र भी थी। हमले में उसने बीचबचाव किया, लेकिन आरोपियों ने उसके साथ ही झूमाझटकी की। इस घटना से वह सहम गई। बीच सड़क हुई घटना का लोगों ने वीडियो बना लिया। वीडियो में दिख रहा है कि 4-5 लड़के मॉल की ओर से बाहर निकलते हैं। मॉल के बाहर लाल रंग की कार खड़ी है। कार से दो युवकों को कॉलर पकड़कर बाहर खींचते हैं और उनके साथ लात-मुक्कों से मारपीट शुरू कर देते हैं। पास में 2-3 युवतियां भी खड़ी हैं। तीन युवकों ने पीड़ित व उसके दोस्त को थप्पड़ मारे जबकि दो युवक लात-घूंसे चला रहे थे। फिलहाल आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# यात्री बस ने बाइक सवार युवक को सामने से मारी टक्कर, मौत

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** बिलखिरिया इलाके में तेज रफ्तार यात्री बस ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद चालक बस लेकर स्वयं थाने पहुंच गया। पुलिस ने बस जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर लिया। बताया गया है कि ओवरटेक करते समय बाइक सवार सामने आ गया था। पुलिस ने गुरुवार को पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। बिलखिरिया थाना प्रभारी उमेश चौहान ने बताया कि 30 वर्षीय सुरेंद्र लोधी पिता सुंदर लोधी बेगमगंज रायसेन में रहता था। वह पोकलेन मशीन चलाता था। बुधवार दोपहर को वह पोकलेन का सामान लेने भोपाल आ रहा था। उसके साथ महेंद्र भी था। दोपहर तीन बजे वह अभी कोलुआ गांव के पास पहुंचे थे, तभी सामने से आ रही यात्री बस ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में सुरेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई।



### टू लेन पर सिक्स लेन का ट्रैफिक

यहां पर वर्तमान में टू लेन रोड है। फोर लेन का काम चल रहा है। दोनों ओर सर्विस लेन नहीं बनी है। मिसरोद रोड का ट्रैफिक भी यहां पर शामिल हो रहा था, जिससे टू लेन पर सिक्स लेन का ट्रैफिक दबाव है। यदि बस चालक बाइक सवार को बचाता तो सीधे बस नीचे जाकर पलट जाती।

### खजूरी में अज्ञात वाहन ने युवक को कुचला

इधर, खजूरी सड़क इलाके में 11 मील तिराहा पर पैदल जा रहे एक युवक को अज्ञात वाहन ने कुचल दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, मूलतः साहिल यादव (22) यहां बापू की कुटिया नामक रेस्टोरेंट में काम करता था और यहीं पर स्टाफ रूम में रहता था। बुधवार देर रात करीब सवा 12 बजे साहिल गुटखा लेने के लिए पैदल जा रहा था। तभी 11 मील तिराहा पर उसे अज्ञात वाहन टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने टक्कर मारने वाले वाहन की पहचान के लिए इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है। पुलिस ने पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।



## संक्षिप्त खबरें

### नवसंवत्सर पर 'शक्ति सम्मान एवं व्याख्यान' आज

**जागरण, भोपाल।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद्, भोपाल इकाई के तत्वावधान में नवसंवत्सर विक्रम संवत 2083 के अवसर पर 'शक्ति का सम्मान एवं व्याख्यान' कार्यक्रम का आयोजन आज शाम 4 बजे दुष्यंत पाण्डुलिपि संग्रहालय सभागार, शिवाजी नगर में किया जाएगा। कार्यक्रम में 'कुटुंब प्रबोधन' विषय पर व्याख्यान आयोजित होगा, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. बिनय षडंगी राजाराम अपने विचार रखेंगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में शीला दाहिमा एवं सारस्वत अतिथि के रूप में लता कर्णावट की उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. नुसरत मेहदी करेंगी। वहीं बीज वक्तव्य सुनीता यादव प्रस्तुत करेंगी और संचालन डॉ. प्रतिभा द्विवेदी द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर प्रशासनिक सेवा (आईएएस) में योगदान के लिए शीला दाहिमा तथा 'नेपथ्य की शक्ति' के लिए लता कर्णावट को 'शक्ति सम्मान' से अलंकृत किया जाएगा। इसके साथ ही समाज के विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय अन्य महिलाओं को भी सम्मानित किया जाएगा।

### आंचलिक विज्ञान केन्द्र ने आर्टेमिस-2 मिशन का लाइव प्रसारण किया

**जागरण, भोपाल।** आंचलिक विज्ञान केन्द्र, भोपाल द्वारा मानव अंतरिक्ष अन्वेषण के महत्वपूर्ण आर्टेमिस-2 मिशन के लाइव लॉन्च का यूट्यूब और फेसबुक के माध्यम से सफल प्रसारण किया गया। इस दौरान ऑनलाइन इंटरैक्टिव सत्र आयोजित कर दर्शकों को मिशन से जुड़ी जानकारी भी दी गई। निर्धारित समय सुबह 3:54 बजे (आईएसटी) था, लेकिन टी10 मिनट पर तकनीकी कारणों से काउंटडाउन रोक दिया गया। लगभग 11 मिनट की देरी के बाद सुबह 4 : 05 बजे मिशन का सफल प्रक्षेपण हुआ। विशेषज्ञों ने बताया कि इस प्रकार के तकनीकी विराम मानव मिशनों में सुरक्षा सुनिश्चित करने की प्रक्रिया का अहम हिस्सा होते हैं।

### बच्चों को मिलेगा रंगकर्म, अभिनय व कला की विभिन्न विधाओं का प्रशिक्षण

**जागरण, भोपाल।** एवीएम स्कूल, नेहरू नगर में ग्रीष्मकालीन बाल नाट्य कार्यशाला का शुभारंभ 1 अप्रैल से हो गया है। रंग त्रिवेणी साहित्यिक एवं सांस्कृतिक समिति, भोपाल एवं एवीएम स्कूल के तत्वावधान में आयोजित यह कार्यशाला 2 मई तक संचालित होगी। कार्यशाला का शुभारंभ रेखा जैन द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को कलर बॉक्स एवं ड्राइंग शीट वितरित कर रचनात्मक गतिविधियों की शुरुआत कराई। कार्यक्रम में बच्चों के लिए मस्ती भरी पाठशाला का भी आयोजन किया गया। कार्यशाला के अंतर्गत बच्चों को खेल-खेल में रंगकर्म की विभिन्न विधाओं का प्रशिक्षण दिए गए। इसमें अभिनय, आशु अभिनय, संगीत, नृत्य, योग, शारीरिक व्यायाम, आवाज़ एवं ड्राइंग क्राफ्ट के साथ-साथ थिएटर गेम्स शामिल हैं।

### हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से हार्वेस्टर चालक की मौत

**जागरण, भोपाल।** रातीबड़ थाना क्षेत्र में खेत में काम कर रहे युवक की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना के वक्त वह हार्वेस्टर की साफ-सफाई कर रहा था। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 42 वर्षीय राजविंदर सिंह सिंह पिता काका मूल रूप से पंजाब के रहने वाले थे। वह सीहोर के डोडी गांव में अपने भाई करम सिंह के साथ रहता था और हार्वेस्टर चलाने का काम करता था। बुधवार सुबह आठ बजे वह कमल सिंह मेवाड़ा के खेत में काम करने के दौरान हार्वेस्टर को खड़ा करके वह उसके ऊपर चढ़कर साफ-सफाई करने लगा। जहां उसके ऊपर से हाईटेंशन लाइन गुजर रही थी। सफाई करते समय ध्यान नहीं जाने पर उसका हाथ हाईटेंशन लाइन से टच हो गया। जिसकी चपेट में आने से उसे करंट का तेज झटका लगा। इस दौरान बेसुध होकर जमीन पर गिर पड़ा। घटना के बाद उसका भाई तुरंत राजविंदर को हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचा। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# भजन-कीर्तन, भंडारे और शोभायात्राओं में उमड़े भक्त

**धूमधाम से मना हनुमान जन्मोत्सवः शहर में दिखी गंगा-जमुनी तहजीब, मुस्लिम समाज ने जुलूस पर फूल बरसाकर किया स्वागत**

**जागरण, भोपाल।** राजधानी भोपाल में हनुमान जन्मोत्सव पर गुवार को आस्था, उल्लास और सामाजिक सौहार्द की अनूठी तस्वीर देखने को मिली। शहर भर के हनुमान मंदिरों में बजरंगबली का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया, वहीं राजधानी भोपाल में गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल पेश करते हुए मुस्लिम समाज ने शोभायात्रा का फूल बरसाकर स्वागत किया। शहर में स्थित जगह-जगह मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ नजर आई। भजन-कीर्तन, भंडारे और शोभायात्राओं के जरिए भक्तों ने भगवान हनुमान के प्रति अपनी आस्था प्रकट कर मन्नत मांगी। खेड़ापति हनुमान मंदिर में सुबह से विशेष धार्मिक आयोजन किए गए, जहां पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे। पंडित के अनुसार चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को हनुमान जी का प्राकट्य दिवस माना जाता है। इस वर्ष यह तिथि गुरुवार को हस्त नक्षत्र और ध्रुव योग के विशेष संयोग में आई, जिसे अत्यंत शुभ माना जा रहा है। इस अवसर पर साधु-संतों और भक्तों ने विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान कर हनुमान जी की कृपा प्राप्ति की कामना की। हनुमान जयंती के जुलूस के दौरान राजधानी में साम्प्रदायिक सौहार्द की मिसाल भी देखने को मिली। मुस्लिम समाज के लोगों ने जुलूस में शामिल श्रद्धालुओं पर फूल बरसाए और जगह-जगह पानी पिलाकर उनका स्वागत किया। स्थानीय युवक ने बताया कि भोपाल की पहचान ही आपसी भाईचारे और एकता से है।



छायाः एचसी वर्मा

### नव वर्ष मेला महोत्सव में भक्तिमय हुआ वातावरण

नववर्ष मेला महोत्सव में हनुमान जयंती पर सुंदरकांड और हनुमान चालीसा के पाठ से माहौल भक्ति से सराबोर हो गया। मेले में आए लोगों ने पवनपुत्र श्री हनुमान के चरणों में नमन करते हुए भक्ति भाव प्रकट किए। इसके बाद मेला समिति के सभी पदाधिकारियों ने भगवान शिव, राम दरबार और हनुमान जी की आरती उतारी। गुरुवार शाम को मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत ओपन स्टेज, ओपन माइक का आयोजन किया गया। इसमें ऑटिज़्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर से प्रभावित रुचिका पांडे ने खयाल गायकी में भज गोबिंदा भज गोपाला की आकर्षक प्रस्तुति दी। राष्ट्रपति द्वारा बालश्री अवार्ड से सम्मानित दस भाषाओं में गायन कला में दक्ष रुचिका की प्रस्तुति पर श्रोता मंत्र मुग्ध हो गए। पूर्व मंत्री उमाशंकर गुप्ता एवं मंत्री सारंग ने रुचिका की प्रस्तुति की सराहना कर उन्हें सम्मानित किया। इस दौरान अन्य कलाकारों ने बॉलीवुड गीतों और भजनों की प्रस्तुति देकर अपना हुनर पेश किया।

### मनोकामना शिला बनी आस्था का केंद्र

करोंद स्थित करीब 45 साल पुराने खेड़ापति हनुमान मंदिर की एक खास पहचान यहां मौजूद 'मनोकामना शिला' है, जहां श्रद्धालु अपनी इच्छाएं लिखते हैं। मान्यता है कि सच्चे मन से मांगी गई मुराद यहां पूरी होती है। मंदिर में अखंड रामायण पाठ, आरती और भंडारे का आयोजन भी किया गया।

**25 किलो हलवे का प्रसाद वितरितः** तुलसी नगर स्थित हनुमान मंदिर में विशेष पूजन-अर्चना कर श्रद्धालुओं के बीच हलवे का प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मंच के प्रदेश संयोजक अशोक पांडे के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान भगवान हनुमान की विधि-विधान से पूजा की गई और करीब 25 किलो हलवे का प्रसाद श्रद्धालुओं में बांटा गया। हनुमान जन्मोत्सव के दिन पूजासे दुखों का निवारण होता है और मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।





# आसिफ बम का 13 तक का बना जेल वारंट पुलिस की सुरक्षा के बीच चल रहा इलाज

**अशोका गार्डन में युवक की हत्या मामलाः ठीक होने पर रिमांड पर लेगी अशोका गार्डन पुलिस**

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** चाय होटल कारोबारी की चाकू से गोदकर हत्या करने वाले आरोपी आसिफ बम का 13 अप्रैल तक का जेल वारंट बना है। ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट ने गुरुवार को इसकी प्रक्रिया की। पुलिस की सुरक्षा के बीच उसका अभी हमीदिया अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने 8 जवान तैनात किए गए हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपी के ठीक होने पर उसे रिमांड पर लिया जाएगा। हत्या के मामले में उससे गाड़ी और चाकू बरामद करना है। मजिस्ट्रेट के सामने आरोपी ने बयान दिए है कि उसने पुलिस पर गोली चलाई, जिसके जबाव में उसे गोली पैर में लग गई और वह घायल हो गया। पुलिस की शुरुआती पूछताछ में आरोपी ने बताया कि घटना के वक्त वह नशे में था। उसने जान से मारने के उद्देश्य से कारोबारी को चाकू नहीं मारी थी, लेकिन चाकू अंदर तक धंस गया, जिससे उसकी जान चली गई। पुलिस के मुताबिक, सुभाष कालोनी निवासी विजय मेवाड़ा की 26-27 मार्च की देर रात आसिफ बम और उसके साथियों ने चाकू घोंपकर हत्या कर दी थी। हत्या के अगले दिन हिंदूवादी संगठन और परिजनों ने थाने का घेराव कर दिया। शाम को पुलिस ने हत्या के आरोपी इमरान और फरमान उर्फ आरिस को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की टीम आरोपी आसिफ की तलाश में जुटी थी। बुधवार को हिंदूवादी संगठनों ने फिर से धरना-प्रदर्शन कर दिया। इस बीच पुलिस को सूचना मिली कि आसिफ समसगढ़ कोटरा के जंगलों में देखा गया है। दोपहर करीब 12 बजे से जैसे ही पुलिस पहुंची। पुलिस को देश आसिफ ने गोली चला दी। बचाव में पुलिस ने गोली चलाई। तीन राउंड में से एक आसिफ के पैर में लगा और वह वहीं गिरा गया। इसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। इधर, अशोका गार्डन थाना प्रभारी अनुराग लाल की रिपोर्ट पर रातीबड़ पुलिस ने आरोपी आसिफ के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने तथा हत्या के प्रयास का केस दर्ज किया। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने बताया कि घटना के बाद वह मोबाइल पत्नी के पास छोड़कर भाग निकला था। उसने शहर के आसपास जंगलों में फरारी काटी। पैदल भागता रहा। होटलों में चाय-समोसे खाकर गुजारा किया। जंगल के रास्ते सीहोर जाने की फिराक में था। इससे पहले पुलिस ने उसे दबोच लिया। पुलिस कमिश्नर संजय कुमार का कहना है कि यदि किसी ने आरोपी को पनाह दी होगी तो उसे भी आरोपी बनाया जाएगा।

### रंगदारी दिखाने वाले दो बदमाशों को भेजा जेल

**जागरण, भोपाल।** अयोध्यानगर पुलिस ने रंगदारी दिखाने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इससे पहले से पुलिस ने उनका जुलूस निकाला। पुलिस ने उनके कब्जे से चाकू से बरामद किया। पुलिस के अनुसार 28 मार्च को शिवम बिछैले से राजीव नगर मैदान में बदमाशों ने शराब पीने के लिए पैसे की अड़ीबाजी कर मारपीट की। इस पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया। इस दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान आशीष यादव उर्फ बब्बी (20) और विक्की उर्फ विकास धनमेरिया (24)निवासी झील नगर के रूप में हुई। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ पहले से ही कई आपराधिक मामले दर्ज है। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# पति को बचाने पत्नी निर्दोषों पर लगा रही आगजनी का आरोप

**मामला दर्ज करने अरेरा हिल्स पुलिस पर भी बना रही दबाव**

**नगर संवाददाता, भोपाल।** राजधानी भोपाल में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। जिसमें एक पत्नी अपने पति को जेल छुड़ाने के लिए झूठा आरोप लगा रही है। मामला अरेरा हिल्स पुलिस स्टेशन का है। थाना प्रभारी सुनील शर्मा ने बताया कि महिला लक्ष्मी चौधरी भीम नगर झुग्गी में रहती है, उसका पति अक्कू उर्फ आकाश चौधरी 307 के आरोप में जेल में बंद है। 25 मार्च की रात महिला के घर में छोटी सी आगजनी हो गई थी, जिसमें जनहानि नहीं हुई। महिला व उसके जेठ ने इस मामले की शिकायत अरेरा हिल्स पुलिस से की। पुलिस ने जांच की और सीसीटीवी की मदद से पता चला कि आग लगाने वाले मोहल्ले के ही तीन युवक थे। जिनका नाम मिथलेश, प्रकाश थापा और लिलेश उर्फ नितिन प्रजापति है। तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। अब इस मामले में महिला लक्ष्मी चौधरी का कहना है कि आगजनी दानिश, सलमान और अक्कू ने की है। यह तीनों रावेन्द्र सेन के दोस्त हैं। रावेन्द्र को महिला के पति ने कुछ दिन पहले हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। इसी झगड़े में महिला के पति अक्कू चौधरी पर 307 का प्रकरण दर्ज है। अब महिला चाहती है कि पुलिस रावेन्द्र के दोस्तों पर आगजनी का प्रकरण दर्ज करे। इधर, महिला की ओर से किसी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया कि एक हिंदू महिला के घर में मुस्लिमों ने आग लगाई। पुलिस ने इसका खंडन किया है। अरेरा हिल्स पुलिस ने बताया है कि बातचीत के लिए जब पुलिस महिला के घर पहुंची तो उसने पुलिस पर मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगा दिए।

> आगजनी का वीडियो देखकर हमने अपराधियों को पकड़ा और वैधानिक कार्रवाई कर जेल भेज दिया। अब महिला अन्य चार लड़कों को इस मामले में फंसाने का दबाव बना रही है, ताकि वह अपने पति के केस में राजीनामा करवा सके। यह गलत है, हम ऐसा नहीं कर सकते।
>
> **सुनील शर्मा,** टीआई अरेरा हिल्स पुलिस स्टेशन

# छिपी पाण्डुलिपियों को खोजने तीन महीने चलेगा अभियान, होगा डिजिटलीकरण

**ज्ञान भारतम एप पर संरक्षित की जा रही सभी पांडुलिपियां, नई पीढ़ी को आसानी से होंगी उपलब्ध**

**नगर संवाददाता, भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक मंशा जाहिर की, और मप्र पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय विभाग इसको अमलीजामा पहनाने पर जुट गया। मार्च से मई तक चलने वाले इस प्रोग्राम के बाद कई दुर्लभ पांडुलिपियों के सामने आने की संभावना है। इसके लिए विधिवत एक ऐप भी विकसित किया है, जिस पर इन पांडुलिपियों को अपलोड किया जा रहा है, यह काम अनवरत जारी है। मध्य प्रदेश शासन, संस्कृति विभाग के माध्यम से राज्य में ज्ञान भारतम् मिशन का सक्रिय रूप से क्रियान्वयन कर रहा है, जो भारत की अमूल्य पांडुलिपि विरासत के संरक्षण, प्रलेखन एवं डिजिटलीकरण के लिए समर्पित एक राष्ट्रीय पहल है। इस मिशन के अंतर्गत राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण मार्च से मई 2026 की अवधि में राज्य के सभी जिलों में संचालित किया जा रहा है। इस सर्वेक्षण का उद्देश्य संस्थानों, मंदिरों, निजी संग्रहों तथा पारंपरिक संरक्षकों के पास सुरक्षित पांडुलिपियों की व्यवस्थित पहचान कर उनका डिजिटल प्रलेखन करना है, ताकि उनका दीर्घकालिक संरक्षण एवं सुलभ उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके। मध्य प्रदेश में इस अभियान के नोडल अधिकारी निलेश लोखंडे ने बताया कि इसके लिए एक मोबाइल एप्लिकेशन विकसित किया गया है, जिसके माध्यम से नागरिक अपने पास उपलब्ध अथवा जात पांडुलिपियों की जानकारी साझा कर सकते हैं। शासन द्वारा यह सुनिश्चित किया गया है कि पांडुलिपियों का स्वामित्व उनके मूल मालिकों के पास ही सुरक्षित रहेगा तथा संरक्षण के लिए केवल उनकी डिजिटल प्रतियां तैयार की जाएंगी।

**किसको किया शामिलः** लोखंडे ने बताया कि कागजी पांडुलिपियों का इतिहास करीब 75 साल पहले के दस्तावेज को माना गया है। इससे पहले पेड़ के पत्तों, लकड़ी, चमड़ा, ताम्र पत्र आदि पर दस्तावेज अंकित होते थे।

**क्या होगा फायदाः** लोखंडे ने बताया कि ज्ञान भारतम अभियान के तहत करीब 24 भाषा की पांडुलिपि शामिल की जा रही हैं। आध्यात्मिक, धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व की पांडुलिपियों को अपलोड करने में मदद करने वाले और इसके बारे में जानकारी मुहैया कराने वाले लोगों को प्रशस्ति पत्र देने और सम्मानित करने की योजना बनाई जा रही है।

# कोलार व विजय नगर में शराब दुकानों का विरोध

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** राजधानी भोपाल के कोलार रोड और विजय नगर में शराब दुकानों की शिफ्टिंग को लेकर विरोध शुरू हो गया है। विजय नगर में शराब दुकान के खिलाफ महिलाओं ने मोर्चा खोल दिया है। वहाँ महिलाएं दुकान के सामने ही सड़क पर बैठ गई हैं और भजन-कीर्तन कर रही हैं। चाँदबढ़ के विजय नगर स्थित सांईराम कॉलोनी में शराब दुकान के विरोध में स्थानीय महिलाओं ने गुरुवार को दुकान के ठीक सामने टेंट गाड़ दिया है। इस विरोध को देखते हुए गुरुवार दोपहर में पुलिस और प्रशासन की टीम भीड़ को हटाने और महिलाओं को समझाने पहुंची थी, लेकिन महिलाओं ने दो टूक जवाब देते हुए कहा कि जब तक दुकान नहीं हटेगी, तब तक न ही विरोध बंद होगा और न ही भजन-कीर्तन। इसके बाद प्रशासन ने वहां एहतियातन पुलिस बल तैनात कर दिया है।




### कोलार में मंदिर के पीछे शिफ्ट हो रही दुकान

इसी तरह गुरुवार को कोलार के मंदाकिनी चौराहे पर भी शराब दुकान को लेकर स्थानीय नागरिकों ने विरोध जताया। पहले यह वाइन शॉप सर्वधर्म इलाके में थी, जिसे रातों-रात मंदाकिनी जैन मंदिर के ठीक पीछे रहवासी इलाके में शिफ्ट कर दिया गया। बुधवार रात को जैसे ही इसकी जानकारी लोगों को लगी, वहाँ विरोध का दौर शुरू हो गया। इस दौरान कांग्रेस के कुछ नेता भी मौके पर पहुँच गए। गुरुवार को भी इस शराब दुकान को लेकर रहवासियों ने विरोध जताया। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि शराब दुकान के कारण न केवल इलाके का माहौल खराब होगा, बल्कि महिलाओं और युवतियों के साथ अभद्रता एवं अपराध भी बढ़ेंगे। इस मामले में जिले के कलेक्टर को भी शिकायत की गई है।

### विजय नगर की दुकान हटाने के निर्देश

इस मामले में सहायक आबकारी आयुक्त वीरेंद्र धाकड़ का कहना है कि विजय नगर की जिस दुकान को लेकर विरोध-प्रदर्शन हुआ है, उसके बारे में लाइसेंसी को दुकान शिफ्ट करने के लिए कहा गया है। यहाँ ठेकेदार ने आबकारी विभाग को जानकारी दी है कि वह शराब दुकान के लिए नई जगह तलाश रहा है और स्थान तय होते ही दुकान को हटा लिया जाएगा। इसके अलावा कोलार की मंदाकिनी स्थित वाइन शॉप को लेकर हो रहे विरोध के संबंध में आबकारी विभाग जानकारी जुटा रहा है।

**वर्ल्ड ऑटिज्म डे पर 35 फीट की पेंटिंग बनाकर दिया संवेदनशीलता का संदेश**

# स्पेशल बच्चों के समर्थन में छात्रों ने दिखाई रचनात्मकता

**जागरण, भोपाल।** वर्ल्ड ऑटिज्म डे के अवसर पर संस्था 'एक्ट टू इनेबल- आधार' द्वारा सुभाष एक्सिलेंस स्कूल में विशेष आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने ऑटिज्म से ग्रसित बच्चों के समर्थन में 35 फीट लंबी विशाल पेंटिंग बनाकर मानवीय मूल्यों और संवेदनशीलता का संदेश दिया। कार्यक्रम की थीम ऑटिस्टिक व्यक्तियों के लिए गरिमा और समानता को बढ़ावा देना रही। इस दौरान डॉ. जगमीत कौर ने विद्यार्थियों से ऑटिज्म विषय पर संवाद कर उन्हें जागरूक किया। आयोजन का मुख्य आकर्षण 35 विद्यार्थियों द्वारा तैयार की गई 35 फीट लंबी पेंटिंग रही, जिसे ब्लू थीम पर विशेष रूप से ऑटिज्म बच्चों को समर्पित किया गया। सीनियर आर्टिस्ट स्वतंत्र करजोतकर के मार्गदर्शन में तैयार इस पेंटिंग के माध्यम से समाज में समावेश और सहयोग का संदेश दिया गया। इसके अलावा स्पेशल बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गई तथा 'जिंदगी को मिले आधार नया' गीत का प्रदर्शन किया गया। स्कूल के प्राचार्य डॉ. पाराशर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हर व्यक्ति विशेष है और हमें सभी के प्रति संवेदनशील रहना चाहिए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बच्चे, अभिभावक, शिक्षक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।






**गौहर महल में सजी 'सितारा' प्रदर्शनी**

# 75 शिल्पियों ने बिखेरे कला के रंग

**जागरण, भोपाल।** गौहर महल में आयोजित 'सितारा' प्रदर्शनी इन दिनों कला, शिल्प और परंपरा के रंगों से सराबोर है। 5 अप्रैल तक चलने वाली इस प्रदर्शनी में देशभर से आए 75 शिल्पी अपने पारंपरिक उत्पादों और हुनर का प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदर्शनी का उद्देश्य विशेष रूप से घर-आधारित कार्य करने वाली महिलाओं को मंच प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। यहां बनारसी सिल्क साड़ियां, बाग प्रिंट, चंदेरी व कोटा डोरिया साड़ियों की आकर्षक कारीगरी के साथ भागलपुर की शॉल और असम की पारंपरिक शिल्पकला दर्शकों को लुभा रही है। इसके अलावा कारपेट, क्रोकरी, फर्नीचर और लाइफस्टाइल उत्पाद भी प्रदर्शनी का हिस्सा हैं, जो पारंपरिक और आधुनिक कला का सुंदर समन्वय प्रस्तुत करते हैं। आगंतुकों के लिए विभिन्न राच्यों के व्यंजनों से सजे फूड स्टॉल भी आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं, जहां लोग स्वाद का आनंद ले रहे हैं।



संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

## युद्ध के चलते उपभोक्ता पर बढ़ रहा दबाव

*घरेलू बाजार में जिस तेजी से वस्तुओं के दाम बढ़ने शुरू हुए हैं, उससे रोजमर्रा की चीजों की खरीदारी में आम लोगों को यह सोचने पर विवश होना पड़ रहा है कि क्या ज्यादा जरूरी है और क्या नहीं।*

*पश्चिम एशिया में जारी युद्ध से उपजे संकट का असर अब भारत पर भी साफ दिखने लगा है। अभी तक सरकार यह दावा कर रही थी स्थिति नियंत्रण में है, मगर बुधवार को वाणिज्यिक एलपीजी और विमान ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी से स्पष्ट हो गया है कि समस्या अब गहराने लगी है और इसकी सबसे गंभीर मार आम लोगों पर पड़ने वाली है। अगर ईरान तथा अमेरिका-इजराइल का संघर्ष लंबा चला, तो यह तय है कि हालात और ज्यादा बिगड़ेंगे। वैश्विक स्तर पर तेल की कीमतों में आए उछाल के कारण घरेलू तेल कंपनियों ने उन्नीस किलोग्राम वाले वाणिज्यिक गैस सिलेंडर के दाम 195.50 रुपए बढ़ा दिए हैं। इसका असर यह होगा कि होटल, रेस्तरां और ढाबों पर भोजन करना तथा डिब्बाबंद खाद्य सामग्री अब महंगी हो जाएगी। देश के कई शहरों मे दूध , ब्रेड , फल सब्जियों के दाम बढ़ने की खबरे भी आने लगी है । यह सीधी तौर पर आम आदमी को प्रभावित करने लगा है ।*

*इसके अलावा विमान ईंधन के दाम बढ़ाकर 2.07 लाख रुपए प्रति किलोलीटर से अधिक कर दिए गए हैं। हालांकि, राहत की बात यह है कि सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों ने इस बढ़ोतरी को घरेलू विमानन कंपनियों के लिए 8.5 फीसद तक ही सीमित रखा है। फिर भी आने वाले दिनों में हवाई यात्रा पहले के मुकाबले महंगी हो सकती है।*

*हाल ही में ऐसी खबरें आईं थी कि ईरान ने भारत समेत पांच देशों के तेल जहाजों को होर्मुज जलमार्ग से गुजरने की अनुमति दे दी है, लेकिन बीते सोमवार को कहा गया कि भारत आ रहे तेल और गैस के उन्नीस जहाज अभी भी इस जलमार्ग में फंसे हुए हैं। यानी युद्ध की वजह से खाड़ी क्षेत्र में स्थितियां इतनी जटिल हो गई हैं कि औपचारिक राहत के बावजूद भारत के लिए तेल जहाजों को इस क्षेत्र से बाहर निकालना आसान नहीं है। जाहिर है, ऐसी स्थिति में ईंधन के वैश्विक संकट के असर से भारत भी घरेलू बाजार में जिस तेजी से वस्तुओं के दाम बढ़ने शुरू हुए हैं, उससे रोजमर्रा की चीजों की खरीदारी में आम लोगों को यह सोचने पर विवश होना पड़ रहा है कि क्या ज्यादा जरूरी है और क्या नहीं। खासतौर पर रसोई गैस और पेट्रोल-डीजल की उपलब्धता को लेकर जिस तरह की स्थिति पैदा हुई है, उसे नियंत्रित करने के लिए सरकार के समक्ष भी बड़ी चुनौती है। अभी तो वाणिज्यिक गैस सिलेंडर के दाम में वृद्धि की गई है, लेकिन गैस आपूर्ति जल्द सामान्य नहीं हुई, तो आने वाले समय में घरेलू रसोई गैस के दाम बढ़ाए जाने से भी इनकार नहीं किया जा सकता।*

*वैश्विक स्तर पर तेल कीमतों में आए उछाल के कारण देश में चुनिंदा प्रीमियम या ब्रांडेड पेट्रोल और डीजल के दाम में भी 1.50 रुपए से लेकर 11 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई है। यानी घरेलू रसोई गैस और सामान्य पेट्रोल-डीजल के दामों में ही बढ़ोतरी नहीं हुई है, क्योंकि सरकार इसकी कीमतें स्थिर रखने की कोशिश कर रही है, लेकिन देखना होगा कि यह स्थिरता कब तक रहती है। सरकार के समक्ष भी यह चुनौती है कि इस समस्या के बीच आम लोगों को राहत बरकरार कैसे रखी जाए।*

*उत्पाद शुल्क में कटौती से खुले बाजार में पेट्रोल और डीजल के दाम को स्थिर रखने में मदद मिल सकती है, लेकिन अभी असली समस्या उपलब्धता की है। ऐसे में जरूरी है कि सरकार कच्चे तेल की खरीद के लिए अन्य विकल्पों पर भी गंभीरता से विचार करे। यह इसलिए जरूरी है, क्योंकि मध्यपूर्व में अगर हालात सामान्य नहीं हुए, तो ईंधन की आपूर्ति और ज्यादा प्रभावित होगी तथा घरेलू स्तर पर इस समस्या से निपटना आसान नहीं होगा।*

प्रसंगवश

## गुजारे भत्ते के लिए कानूनी बाध्यता अनुकरणीय पहल

*वैसे तो यह किसी भी सभ्य समाज के लिये शर्मनाक है कि जन्म देकर पालन-पोषण करने वाले मां-बाप की जीवन की सांझ में बेकद्री की जाए। फिर गुजारे भत्ते के लिये कानून-प्रशासन से मांग करनी पड़े। लेकिन यह मौजूदा समय की हकीकत है। सही मायनों में बुढ़ापा अपने आप में बड़ी चुनौती है, जब शरीर की क्षमताओं का ह्रास होने लगता है और आय के स्रोत लगभग खत्म होने लगते हैं। सेवानिवृत्ति की जमा-पूंजी बच्चों की पढ़ाई, शादी-ब्याह और मकान बनाने में खर्च हो जाती है। उन लोगों की स्थिति तो और दुखद हो जाती है जो निजी क्षेत्र या किसी प्राइवेट काम-धंधे में लगे रहते हैं। उन्हें तो पेंशन भी नहीं मिलती। वहीं धीरे-धीरे अक्षम होता शरीर उम्रदराज होने पर लगने वाली बीमारियों का घर बन जाता है। ऐसे स्थिति में अपने बच्चे जब मां-बाप की देखभाल न करें तो यह एक सामाजिक अपराध ही कहा जाएगा। जाहिर है, जब खून के रिश्ते साथ न दें तो कानून ही अंतिम सहारा रह जाता है। इस दिशा में तेलंगाना विधानसभा में पारित तेलंगाना कर्मचारी जवाबदेही और माता-पिता सहायता निगरानी विधेयक 2026 पूरे देश के बुजुर्गों के लिये एक नई उम्मीद जगाता है। इस राज्य की विधानसभा ने बीते रविवार वरिष्ठ नागरिकों की वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह विधेयक पारित किया। निस्संदेह, देश में पहले से एक राष्ट्रीय कानून 'माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम 2007' मौजूद है, लेकिन नये विधेयक का दायरा विस्तृत है। जो पहले कानून की कुछ विसंगतियों को दूर करता है।*



*महत्वपूर्ण बात यह है कि राज्य के नये विधेयक के दायरे में जनप्रतिनिधियों और निजी क्षेत्र के कर्मचारियों को भी शामिल किया गया है। यह विधेयक जन प्रतिनिधियों, सरकारी व निजी कर्मचारियों के लिए अनिवार्य रूप से बुजुर्ग माता-पिता की देखभाल करना सुनिश्चित करता है।*

*तेलंगाना विधानसभा में पारित यह विधेयक यकीन बनाता है कि यदि बच्चे मां-बाप की देखभाल नहीं करते तो उनके वेतन से पंद्रह फीसदी या दस हजार रुपये, जो भी कम है, शिकायत मिलने पर माता-पिता को देय राशि के रूप में काटे जाएंगे। उल्लेखनीय है कि अपनी चल-अचल संपत्ति बेटे के नाम करने वाले मशहूर कारोबारी विजयपत सिंघानिया की बेदखली का एक मामला चर्चा में आया था। इस घटना ने पूरे देश का ध्यान खींचा और देश में प्रभावी कानून बनाए जाने की चर्चा तेज हुई थी। यह सुखद ही है कि तेलंगाना सरकार ने सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए यह पहल की। सरकार का कथन है कि समाज में नैतिक दायित्वों को बढ़ावा देना इस विधेयक का मकसद है। यदि बच्चे अपना दायित्व नहीं निभाते तो कानून के जरिये उन्हें इसके लिये बाध्य किया जा सकेगा। इस विधेयक में प्रावधान है कि बच्चों द्वारा मां-बाप का भरण-पोषण न करने पर वे जिला कलेक्टर के सामने आवेदन कर सकेंगे। उल्लेखनीय है कि यह कानून न केवल सरकारी कर्मचारियों पर बल्कि निजी क्षेत्र के कर्मियों, सांसदों, विधायकों, मनोनीत सदस्यों तथा स्थानीय निकायों के निर्वाचित प्रतिनिधियों पर भी लागू होगा।*

*निश्चित रूप से भारतीय परिवार परंपरा में सदियों से गरिमापूर्ण स्थान रखने वाले माता-पिता के सम्मान व जीवन-यापन सुनिश्चित करने की दिशा में यह विधेयक एक मील का पत्थर साबित हो सकता है। इस विधेयक में जहां कलेक्टर को नामित प्राधिकारी बनाया गया है, वहीं माता-पिता को भी संपत्ति के बंटवारे की स्थिति व आय की स्पष्ट जानकारी देनी होगी। ऐसे मामलों में माता-पिता तथा कर्मचारी को सुनवाई का मौका मिलेगा। कलेक्टर को साठ दिनों के भीतर शिकायत का निस्तारण करना होगा। फैसले के बाद कर्मचारी के वेतन से काटी गई राशि सीधे मां-बाप के खाते में जाएगी। उल्लेखनीय है कि केवल जैविक माता-पिता ही नहीं, सौतेले माता-पिता भी शिकायत करने के हकदार होंगे। इस विधेयक में इस बात का प्रावधान भी है कि इस बाबत शिकायतों की सुनवाई के लिये वरिष्ठ नागरिक आयोग का गठन किया जाएगा। उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश आयोग के मुख्य आयुक्त के रूप में काम करेंगे। अर्ध न्यायिक शक्तियों वाले आयोग में प्रशासन व सामाजिक क्षेत्र के अनुभव वाले दो सदस्य भी होंगे। उम्मीद की जानी चाहिए कि यह विधेयक वरिष्ठ नागरिकों के जीवन-यापन व सम्मान बहाली में सहायक होगा।*

खेलो इंडिया अभियान

ऐसे प्रयासों से जनजातीय युवाओं को प्रोत्साहन मिल रहा है

## खेल प्रतिभाएं राष्ट्र की अमूल्य पूंजी



श्रीमती द्रौपदी मुर्मु
भारत की राष्ट्रपति

मैंने देखा है कि ग्रामीण क्षेत्रों और वनांचलों में, बच्चे घर के बाहर प्रकृति के सानिध्य मेंअधिक समय बिताते हैं। वे खेल-कूद के सहज तरीके खोज लेते हैं। वे मिट्टी में लकीरें खींचकर और आकृतियां बनाकर, खेलने की जगह तैयार कर लेते हैं।वे फलों के सूखे बीजों का खेल की गोटियों की तरह इस्तेमाल कर लेते हैं। सूखे पत्तों, पेड़ों की जड़ों और फटे-पुराने कपड़ों से गेंद बना लेते हैं।बांस का उपयोग करके हॉकी और फुटबाल के गोल-पोस्ट बना लेते हैं। इस प्रकार, अनेक प्राकृतिक वस्तुओं का उपयोग करके, वे अपने खेल-संसार की रचना कर लेते हैं। बहुत से बच्चे बिना जूते और जर्सी के पूरे जोश से खेलते रहते हैं। पोखरों-तालाबों में बच्चे खूब तैरते रहते हैं। तैराकी की इस सहज प्रतिभा को अब उपलब्ध प्रशिक्षण और संसाधनों की सहायता से विकसित करके, केवल 15 वर्ष की, जाजपुर की बेटी अंजलि मुंडा ने प्रथम'खेलो इंडिया जनजातीय खेल 2026'में पहले ही दिन तीन स्वर्ण-पदक जीत कर पूरे देश के युवाओं को प्रेरित किया।

तीरंदाजी के प्रति जनजातीय लोगों में सहज तरंग सी होती है। संताल-समुदाय ने वर्ष 1855 में शोषण के विरुद्ध एक घनघोर संग्राम किया था जो 'संताल हूल' के नाम से अमर है। संताल-हूल का नेतृत्व करने वाले बहादुर भाइयों सिद्धो-कान्हू तथा चांद-भैरव एवं वीरांगना बहनों,फूलो-झानो की प्रतिमाओं का झारखंड में उनके गांव उरी-मारी में जाकर अनावरण करने का सौभाग्य मुझे तब मिला था जब मैं राज्यपाल थी। तीरंदाजी में एकलव्य की महानता से देश का बच्चा-बच्चा परिचित है। वे श्रेष्ठतम धनुर्धर के रूप में सम्मानित हैं। एकलव्य, सभी देशवासियों के लिए, विशेषकर जनजातीय समाज के लिए एक प्रेरक विभूति हैं। एकलव्य आवासीय आदर्श विद्यालयों में स्थापित 'खेल उत्कृष्टता केंद्र' बच्चों को खेल-कूद की आधुनिक सुविधाओं और पद्धतियों से सक्षम बना रहे हैं।

मेरे व्यक्तिगत प्रयासों से, मेरे गांव में वंचित वर्गों के बच्चों के लिए एक आवासीय स्कूल की स्थापना की गई है। इस विनम्र प्रयास के तहत स्कूल के परिसर में ही तीरंदाजी के प्रशिक्षण की व्यवस्था भी कराई गई

मेरे गांव के अन्य जनजातीय बच्चों की तरह, मुझमें भी तैराकी सहित, व्यायाम और खेलों के प्रति बहुत रुझान था। मैं स्कूल की खेल प्रतियोगिताओं में प्रायः प्रथम स्थान पर रहती थी। एक प्रतियोगिता में जानबूझकर मैंने अपने को इसलिए पीछे रखा ताकि मेरी एक सहेली को प्रथम पुरस्कार का आनंद मिल सके। खेल-कूद से टीम




भावना विकसित होती है तथा सामाजिक संबंध मजबूत होते हैं। मैदान पर कड़ी प्रतिस्पर्धा और मैदान के बाहर गहरी मित्रता, खिलाड़ियों में प्रायः देखने को मिलती है।

मेरे भाई फुटबाल के बहुत अच्छे खिलाड़ी रहे हैं जो गंभीर चोट लगने के कारण आगे नहीं खेल सके।मेरे परिवार के कुछ अन्य सदस्यों ने भी विभिन्न खेलों में उत्कृष्टता प्रदर्शित की है। इस निजी विवरण से मैं यह बताना चाहती हूं कि जनजातीय परिवारों में खेल-कूद की जीवन्त परंपरा विद्यमान है। उनमें खेलों के लिए असीम प्रतिभा है, ऊर्जा है, रुचि है और आगे बढ़ने का हौसला भी है। सुविधाओं और प्रशिक्षण के द्वारा ऐसी प्रतिभाओं को निखारने से, खेल-कूद उनके लिए केवल मनोरंजन और सामाजिक मेल-जोल का जरिया न होकर जीवन में आगे बढ़ने का, आर्थिक आत्म-निर्भरता और सामाजिक सम्मान प्राप्त करने का माध्यम बन सकता है। इस संदर्भ में वर्ष 2018 से केंद्र सरकार द्वारा राज्य सरकारोंतथा खेल- संस्थानों के साथ मिलकर चलाए जा रहे 'खेलो इंडिया' अभियान द्वारा अच्छा बदलाव आया है।

कुछ वर्षों पहले तक हमारे देश में खेल-कूद की अच्छी सुविधाएं केवल महानगरों तक सीमितथीं जबकि ग्रामांचलों और वनांचलों में अनेक प्रतिभावान खिलाड़ी रहते हैं। जनजातीय क्षेत्रों में खेल-अकादमी और प्रशिक्षण सुविधाएं सुलभ नहीं होती थीं। अब एकलव्य आवासीय आदर्श विद्यालयों में बच्चों के खेल-कूद पर विशेष ध्यान देने से लेकर 'खेलो इंडिया जनजातीय खेल' जैसे प्रयत्नों के बल पर जनजातीय प्रतिभाओं को प्रशिक्षण और प्रोत्साहन मिल रहा है।

मुझे याद है कि मेरे विद्यार्थी जीवन के दौरान ग्रामीण स्तर पर,पांच-छह गांवों के लोग मिलकर खेल प्रतियोगिताएं आयोजित किया करते थे। कुछ आध्यात्मिक और सांस्कृतिक संस्थाएं भी जनजातीय क्षेत्रों में खेल-कूद को बढ़ावा देती रहीहैं। प्रायः ग्रामीण क्षेत्र की प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले अच्छेखिलाड़ी भी ग्रामीण स्तर से ऊपर नहीं उठ पाते थे।पिछले कुछ वर्षोंमें, इस स्थिति को बदलने के अनेक सराहनीय प्रयास किए गए हैं।

ऐसे प्रयासों को आगे बढ़ाते हुए 'खेलो इंडिया जनजातीय खेल 2026' का आयोजन किया गया। इस आयोजन से जमीनी स्तर के जनजातीय खिलाड़ियों को भी पहचान मिली है तथा उन्हें सुविधाएं और प्रशिक्षण उपलब्ध कराए गए हैं। इन राष्ट्रीय खेलों में लगभग सभी राज्यों और संघ राज्यक्षेत्रों के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है।

भारत ने खिलाड़ियों की नैसर्गिक प्रतिभा के बल पर ओलिम्पिक खेलों में पहला स्वर्ण-पदक, हॉकी के लिए, वर्ष 1928 में जीता था।उस विजय में जनजातीय समुदाय के खिलाड़ियों की महत्वपूर्ण भूमिका थी। तब से लेकर आज तक दिलीप तिर्की,सुबोध लाक्रा और सलीमा टेटे जैसे स्टार-हॉकी खिलाड़ी भारत की पुरुष तथा महिला टीमों को जनजातीय प्रतिभा से समृद्ध करते रहे हैं।

भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे 'खेलो इंडिया' नामक राष्ट्रीय खेल विकास कार्यक्रम के तहत स्थानीय स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक सभी भौगोलिक क्षेत्रों, सामाजिक वर्गों और संस्थाओं के लिए समुचित खेल इको-सिस्टम उपलब्ध कराने का समावेशी प्रयास किया जा रहा है। इसी कार्यक्रम के तहत,खेल-कूद में बेटियों की भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए चलाई जा रही 'अस्मिता' नामक योजना से जनजातीय बेटियों की क्षमता भी विकसित होरही है। 'खेलो इंडिया जनजातीय खेल 2026' द्वारा शुरू की गई मुहिम को मजबूत बनाते हुए जनजातीय खेल-प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने से, खिलाड़ियों के ऐसे समूह तैयार होंगे जो विश्व-पटल पर भारत को खेल-महाशक्ति के रूप में स्थापित करेंगे।

पिछले कुछ महीनों में आयोजित बस्तर एवं सरगुजा ओलिम्पिक में कुल 7 लाख से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। उन खिलाड़ियों में कुछ ऐसे युवा भी शामिल थे जो नक्सलवाद के रास्ते को छोड़कर खेल-कूद के सन्मार्ग पर चल पड़े हैं। खेल-कूद से युवा-ऊर्जा को सकारात्मक अभिव्यक्ति मिलती है। सरकार द्वारा युवाओं में खेल-प्रतिभा को पहचानने और विकसित करने के अच्छे परिणाम राष्ट्रीय और अंतर-राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में दिखाई देने लगे हैं।

युवाओं, विशेषकर जनजातीय युवाओं की खेल प्रतिभा हमारे राष्ट्र की अमूल्य सामाजिक पूंजी है। मुझे विश्वास है कि इस अनमोल संसाधन का सदुपयोग करते हुए हमारा देश खेल-कूद के क्षेत्र में उत्कृष्टता के अनेक गौरवशाली प्रतिमान स्थापित करेगा। इसी विश्वास के साथ मेरा संदेश है - खेलो इंडिया! खूब खेलो इंडिया!

खुला मंच

## विकास के लिए चाहिए एक अदद कील

निर्मल असो

हुनर तराशने के लिए कील भी एक प्रयत्न है। अंत तक सीधी रहे, तो बड़े काम कर लेती है। एक कील की जरूरत भी कई बार बहुत बड़ी समस्या हो सकती है, रौनक राम को इसका पता उस वक्त लगा जब दरवाजा बीच में ही अटक गया। दरअसल वर्षों से सीधी रही एक कील उस दिन टेढ़ी हो चुकी थी। इज्जत के खोखले पलों से मुक्त होने के लिए वह नई कील खरीदने निकला। रौनक राम को लगा कि भारत में वाकई विकास हो रहा है। उसने दुकानदार के सामने कील खरीदने की पेशकश कर दी, 'जनाब! एक ऐसी कील चाहिए, जो घर के दरवाजे को बंद कर सके।' दुकानदार की हंसी में उसे कील नजर आई। सोचने लगा, 'ये कीलें भी न जानें कहां-कहां बिखरी होती हैं। सबसे ज्यादा तो दिल्ली में होती होंगी। जहां विकास की बात होती है, वहां कील जरूर होती है।' उसने मन ही मन स्व. पिता जी को याद किया, 'यह कैसा विकास कराया है कि दरवाजा अड़ गया है। अच्छी कीलें लगाई होतीं, तो यह नौबत न आती।' पूरा बाजार छान मारा, लेकिन दरवाजे के काम और नाप की कील नहीं मिली। उसे बताया गया कि स्वच्छता अभियान से पता करे, शायद वहां कोई मिल जाए। पहली बार उसे फख्र हुआ कि स्वच्छता अभियान भी उसके दरवाजे को बचा सकता है। अपनी इज्जत बचाने वह स्वच्छता रैली में पहुंच गया। मंत्री जिस मंच से हरी झंडी दिखा रहे थे, वहां कीलों से उसे सुरक्षित बनाया गया था। एक बार तो मन में आया कि मंत्री को हटाकर अपने लिए उचित कील चुन ले, लेकिन स्वच्छता अभियान की रैली लंबी थी। हाथों में झाड़ू लिए कई लोग खाक छान रहे थे। उसे हैरानी हुई कि कीलें सिर्फ मंच बनाने में नहीं, बल्कि स्वच्छता अभियान से भी निकल रही थीं। उसकी बुद्धि जवाब दे रही थी, 'आखिर यहां कीलें आईं कहां से।' किसी ने कहा मंच बनाते-बनाते गिरी होंगी। शाम तक इतनी कीलें हो गईं कि कबाड़ी बुलाना पड़ा। कबाड़ी सत्तारूढ़ दल का था और स्वच्छता अभियान से जुड़ा था। उसने घोषणा की कि कीलें बेकार हैं, इसलिए कचरे के भाव खरीदी और चल दिया।

किसी ने उसे सलाह दी कि पुलिस स्टेशन की कील से उसका दरवाजा खड़ा हो जाएगा। उसने मन ही मन तय किया कि अपने घर के दरवाजे की बाकी बची सारी कीलें पुलिस को सौंप देगा। यह तरकीब काम कर गई। उसके दरवाजे की बाकी बची कीलों ने पुलिस स्टेशन का दरवाजा ठीक कर दिया, लेकिन उसका घर अब पूरी तरह बिना दरवाजे के हो गया।

पोषण योजना


स्वास्थ्य जोखिम और निर्माण प्रक्रिया की अनिश्चितता अब गंभीर विमर्श का विषय बन गई है

## फोर्टिफाइड चावल से जुड़े हुए हैं स्वास्थ्य के जोखिम

पंकज चतुर्वेदी

सार्वजनिक वितरण प्रणाली में 'फोर्टिफाइड' चावल का वितरण अनिवार्य करना सवाल खड़े करता है। कहा गया कि चावल के दानों में कृत्रिम रूप से आयरन और विटामिन मिलाकर देश की बड़ी आबादी को 'छिपी हुई भूख' से मुक्त किया जा सकता है। किंतु, इस योजना के स्वास्थ्य जोखिम अब चर्चा में है।

सरकार को अपने उस आदेश को वापस लेना पड़ा, जिसके तहत विभिन्न सार्वजनिक वितरण तंत्र के माध्यम से 'फोर्टिफाइड' चावल के वितरण को अनिवार्य किया गया था। दरअसल, इस बात के कोई प्रमाण नहीं थे कि इस तरह तैयार चावल रक्त-अल्पता यानी एनीमिया से लड़ने में कारगर है। वहीं आईआईटी खड़गपुर की एक रिपोर्ट में इनके भंडारण को मानव स्वास्थ्य के लिए घातक बताया गया था। भारत में केंद्रीय पूल में चावल का कुल भंडार लगभग 679.32 लाख टन तक पहुंच गया है, जो निर्धारित बफर मानदंड, लगभग 76.1 लाख टन से 9 गुना अधिक है। इसके बावजूद सार्वजनिक वितरण प्रणाली में 'फोर्टिफाइड' यानी संवर्धित चावल के वितरण को अनिवार्य कर दिया जाना कई सवाल खड़े कर रहा था। देश की सभी सार्वजनिक वितरण दुकानों और आंगनवाड़ी आदि में कोई 350 लाख मीट्रिक टन फोर्टिफाइड चावल के वितरण की व्यवस्था की गई थी। कहा तो यह गया कि चावल के दानों में कृत्रिम रूप से लौह तत्व और विटामिन मिलाकर देश की एक बड़ी आबादी को 'छिपी हुई भूख' से मुक्त किया जा सकता है। किंतु, इस महत्वाकांक्षी योजना के पीछे छिपे स्वास्थ्य जोखिम और निर्माण प्रक्रिया की अनिश्चितता अब गंभीर विमर्श का विषय बन गई है। पायलट प्रोजेक्ट की आड़ में सारे देश में सार्वजनिक वितरण प्रणाली में यह चावल डालने से बड़ी आबादी पर संकट के बादल भी मंडरा रहे हैं।



सबसे पहले टूटे हुए चावलों को पीसकर आटा बनाया जाता है। इस आटे में आयरन (लोहा), फोलिक एसिड और विटामिन बी12 का एक निर्धारित मिश्रण मिलाया जाता है। इसमें जिंक, विटामिन ए, बी1, बी2, बी3 और बी6 भी मिलाए जाते हैं। मिश्रण में पानी मिलाकर इसे एक 'एक्सट्रूडर' मशीन में डालते हैं, जो इसे ठीक चावल के दाने जैसा आकार देती है। इन्हें फोर्टिफाइड राइस कर्नेल कहा जाता है। इन कृत्रिम दानों को सामान्य चावल के साथ 1:100 के अनुपात में मिलाया जाता है।

भारतीय चिकित्सा अनुसंधान संस्थान के विशेषज्ञों का कहना है कि ऐसे चावल सभी के लिए एक समान लाभकारी नहीं हैं। खासकर थैलेसीमिया और सिकल सेल एनीमिया जैसे आनुवंशिक रोगों से पीड़ितों के लिए। ऐसे मरीजों के शरीर में पहले ही आयरन अधिक होता है और आयरन युक्त चावल खाने से उनके अंग खराब होने का खतरा बढ़ सकता है। चिकित्सा विज्ञान के अनुसार, इन रोगों से पीड़ित व्यक्तियों के शरीर में आयरन का संचय प्राकृतिक रूप से अधिक होता है। उन्हें बार-बार रक्त चढ़ाना पड़ता है, जिससे उनके शरीर के अंगों पर पहले से ही अतिरिक्त लोहे का दबाव रहता है। यदि ऐसे मरीजों को नियमित लौह-संवर्धित चावल खिलाया जाता है, तो उनके शरीर में 'आयरन ओवरलोड' की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। यह अतिरिक्त लोहा उनके लीवर, हृदय और गुर्दों को धीरे-धीरे नष्ट कर सकता है।

विडंबना यह कि जिन क्षेत्रों में इन बीमारियों का प्रकोप सबसे अधिक है, वहीं सरकारी राशन भोजन का एकमात्र साधन है। पैकेटों पर लिखी बारीक चेतावनी ग्रामीण व निरक्षर आबादी तक पहुंचने में विफल रही, जिससे अनजाने में एक बड़ा वर्ग स्वास्थ्य संकट की ओर धकेला जा रहा है। शोध बताते हैं कि जब हम सिंथेटिक आयरन यानी कृत्रिम लोहे का अधिक सेवन करते हैं, तो वह पूरे अवशोषित नहीं हो पाता। बचा हुआ लोहा आंतों में ई-कोलाई, आदि हानिकर बैक्टीरिया की वृद्धि में सहायक होता है, जिससे लाभकारी बैक्टीरिया नष्ट हो जाते हैं। इससे दीर्घकाल में पाचन के गंभीर विकार पैदा हो सकते हैं। शरीर में लोहे की अधिकता 'फ्री रेडिकल्स' पैदा करती है, जिससे कोशिकाओं में 'ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस' बढ़ता है। यह स्थिति समयपूर्व बुढ़ापे, मधुमेह और हृदय रोगों के खतरे बढ़ा सकती है।

संवर्धित चावल के निर्माण की तकनीक, जिसे 'एक्सट्रूज़न' कहा जाता है, सैद्धांतिक रूप से तो सटीक लगती है, लेकिन इसके क्रियान्वयन में भारी खामियां हैं। अनेक चावल मिलों में पोषक तत्वों के मिश्रण (प्रीमिक्स) की मात्रा का सही संतुलन नहीं रखा जा रहा है। इसके अतिरिक्त, निर्माण में उपयोग किए जाने वाले कच्चे माल और रसायनों की शुद्धता पर भी कोई कड़ा नियंत्रण नहीं है। यही कारण है कि पकाते समय इस चावल का स्वाद और गंध बदल जाती है, जिससे आम जनता के मन में इसके 'प्लास्टिक चावल' होने का भ्रम पैदा होता है। भंडारण के दौरान नमी और तापमान के कारण इन कृत्रिम दानों में ऑक्सीकरण (ऑक्सीडेशन) की प्रक्रिया शुरू हो सकती है, जो चावल को विषाक्त बना सकती है।

सार्वजनिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में 'एक ही दवा सबको' की नीति अक्सर प्रतिकूल परिणाम देती है। एनीमिया के कई कारण हो सकते हैं, जिनमें स्वच्छता की कमी, पेट के कीड़े या अन्य संक्रमण शामिल हैं। केवल चावल में लोहा मिलाकर पूरी आबादी को खिलाना अदूरदर्शी कदम प्रतीत होता है। जब सरकार केवल चावल के फोर्टिफिकेशन पर अरबों रुपये खर्च करती है, तो पूरा ध्यान 'धान' की खेती और वितरण पर केंद्रित हो जाता है। इससे बाजरा, रागी, कोदो और ज्वार जैसे 'श्री अन्न' (मोटे अनाज), जो प्राकृतिक रूप से पोषक तत्वों से भरपूर हैं, हाशिए पर चले जाते हैं। कुपोषण मिटाने का संकल्प प्रशंसनीय है, लेकिन यह जन स्वास्थ्य की कीमत पर होना सही नहीं।

सरकार को चाहिए कि वह उन क्षेत्रों में गैर-संवर्धित सामान्य चावल का विकल्प भी खुला रखे, जहां आनुवंशिक बीमारियों का प्रसार अधिक है। फोर्टिफाइड चावल को कुपोषण का अंतिम सत्य मान लेना एक बड़ी भूल होगी। यह एक 'आपातकालीन हस्तक्षेप' तो हो सकता है, लेकिन कभी भी 'संपूर्ण पोषण' का विकल्प नहीं बन सकता। हमें तकनीक से अधिक अपनी मिट्टी की विविधता और जैव-विविधता पर भरोसा करना होगा।

जीवन दर्शन

## स्वभाव के बोझ में छिपी है उम्मीद की रोशनी

हमारे भीतर कहीं एक छोटी-सी रोशनी है, जो धीरे-धीरे जलती रहती है और हमें एहसास कराती है कि बदलाव मुमकिन है। खुद को समझने के लिए ?हमें अपने भीतर के उसी कोने में झांकना होगा, जहां देखने से हम अक्सर कतराते हैं। मैं यह सोचकर आसमान की ओर देखता हूं कि शायद वहां मुझे दया की कोई झलक मिल जाए। लेकिन कुछ नहीं मिलता। बस सुस्त और बेपरवाह बादल दिखाई देते हैं, जो अपनी ही लय में बहते रहते हैं, जैसे उन्हें किसी इन्सानी बेचैनी से कोई सरोकार ही न हो। उनके पास कहने के लिए कुछ नहीं होता, और यही उनकी असली प्रकृति है।

बादल बोलते नहीं हैं, वे बस चुपचाप आसमान में तैरते रहते हैं। उनकी यह खामोशी इतनी गहरी होती है कि उसे महसूस करते-करते मन के भीतर भी एक सन्नाटा-सा पसरने लगता है। तब लगता है, शायद मुझे ऊपर नहीं, बल्कि अपने भीतर देखना चाहिए। फिर, मैं अपने अंदर झांकने की कोशिश करता हूं, वहां अंधेरा है, ठंडक है, और एक अजीब-सी सच्चाई है। वहां मुझे सिर्फ मेरा अपना स्वभाव दिखाई देता है-मेरा निजी, जिद्दी, कभी-कभी असहयोगी और अक्सर स्वार्थ से भरा हुआ। एक ऐसा स्वभाव, जो खुद पर संदेह करता है और जो



मुश्किल समय में हल्की-सी हंसी की तलाश करता है। मैं इस स्वभाव को अपने साथ एक पुराने सूटकेस की तरह ढोता आया हूं। यह सूटकेस न तो सुंदर है और न ही हल्का। इसके किनारे घिस चुके हैं, जगह-जगह से यह कमजोर पड़ चुका है, और इसके भीतर भरा सामान इतना भारी है कि कई बार कदम रुकने लगते हैं। फिर भी, मैं इसे इसलिए नहीं उठाए हूं कि यह मुझे पसंद है, बल्कि इसलिए कि मेरे पास और कुछ था ही नहीं, जिसे मैं अपने साथ ले जा सकूं। धीरे-धीरे, इस बोझ के साथ एक रिश्ता बन गया है। मैं जानता हूं कि यह मुझे थकाता है, लेकिन यही मुझे गढ़ता भी है। शायद इन्सान अपने स्वभाव से पूरी तरह अलग नहीं हो सकता। कभी-कभी मन में यह ख्याल आता है कि क्या मैं इस सूटकेस को नीचे रख सकता हूं? क्या मैं इसके बिना हल्का महसूस कर पाऊंगा? पर उसी क्षण एक डर उभरता है कि अगर यह मेरे साथ नहीं रहेगा, तो क्या मैं वही रहूंगा, जो हूं? शायद यह बोझ ही मेरी पहचान का एक हिस्सा बन चुका है। फिर भी, उम्मीद पूरी तरह खत्म नहीं होती। मेरे भीतर कहीं एक छोटी-सी रोशनी है, जो धीरे-धीरे जलती रहती है और मुझे यह एहसास कराती है कि बदलाव नामुमकिन नहीं है। शायद करुणा कहीं बाहर नहीं, बल्कि भीतर के उसी कोने में छिपी है, जहां देखने से हम अक्सर कतराते हैं।

मैं अब समझने लगा हूं कि खुद को समझना आसान नहीं है। इसके लिए धैर्य व ईमानदारी चाहिए, तथा सच को स्वीकार करने की हिम्मत चाहिए। यही एक रास्ता है, जो धीरे-धीरे भीतर की धुंध को साफ करता है और हमारे भीतर उठ रहे हरेक सवाल का जवाब भी देता है। अगली बार शायद किसी दिन, जब मैं फिर से आसमान की ओर देखूंगा, तो वही बादल मुझे अलग लगेंगे। जब इन्सान अपने भीतर झांकने का साहस करता है और अपने स्वभाव की कठोर सच्चाइयों को स्वीकारते हुए भी उम्मीद की लौ को जलाए रखता है, तब वही बोझ, जो कभी उसे थकाता था, धीरे-धीरे उसकी ताकत बन जाता है। अंततः वह यह समझने लगता है कि असली बदलाव और शांति भीतर से ही जन्म लेती है।

हारुकी मुराकामी

॥गीता ज्ञान॥



**श्लोक**

**यस्तु सञ्चरते देशान् सेवते यस्तु पण्डितान्!**
**तस्य विस्तारिता बुद्धिस्तैलबिन्दुरिवाम्भसि!!**

**भावार्थ**

वह व्यक्ति जो अलग - अलग जगहों या देशो में घूमता है और विद्वानों की सेवा करता है उसकी बुद्धि उसी तरह से बढती है जैसे तेल का बूंद पानी में गिरने के बाद फ़ैल जाता है।

# युद्ध का असर, नहीं बढ़ रही यात्रियों की संख्या

## मार्च 25 की तुलना में मार्च 26 में 7 हजार यात्री कम, बढ़ सकता है किराया

**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** ईरान का इजराल एवं अमेरिका से चल रहा युद्ध ने न केवल तेल एवं गैस के संकट को जन्म दिया है, बल्कि इसका असर हवाई सेवाओं पर भी बुरी तरह से नजर आने लगा है।

भले ही राजधानी के राजा भोज एयरपोर्ट से इंटरनेशनल उड़ान नहीं है, लेकिन प्रतिदिन लगभग 25 से 30 यात्री दिल्ली, मुम्बई, अहमदाबाद एवं बैंगलुरू के लिए विदेश जाने वाली उड़ानों के लिए भी सफर करते थे, जिनमें से अधिकांश संख्या दुबई, शारजहां एवं अबुधाबी आदि मुल्कों की रहती थी, लेकिन युद्ध के कारण इन यात्रियों ने यात्रा करना बंद कर दिया है, यही कारण है कि एयरपोर्ट पर बेहतर सुविधाएं होने एवं उसमें लगातार इजाफा किए जाने के बाद भी यात्रियों की संख्या में वृद्धि नहीं हो रही है अगर बात की जाए मार्च 2025 की तो 76218 यात्रियों का आगमन एवं 74353 यात्रियों का प्रस्थान हुआ इस तरह यह संख्या कुल 150571 पर पहुंच गई थी लेकिन अगर मार्च 2026 को देखा जाए तो आने वाले यात्री 72587 एवं जाने वालों की संख्या 71034 रिकार्ड की गई जो कुल 143621 होती है, इस तरह इस बार भी राजा भोज एयरपोर्ट 1.50 लाख सदस्यता वाले क्लब से बाहर ही रहा।



### फरवरी से भी कम यात्री

जनवरी के बाद फरवरी 2026 में भी राजधानी का राजा भोज एयरपोर्ट 1.50 लाख यात्री क्लब में शामिल नहीं हो पाया। जहां दिसम्बर 2025 की तुलना में जनवरी 2026 में वह केवल 1.50 लाख यात्री संख्या से केवल 27 यात्री दूर था, वहीं जनवरी की तुलना में फरवरी में वह 3181 यात्री पीछे रहा। उसके पीछे एक बहुत बड़ा कारण फरवरी का केवल 28 दिन का महीना भी था। जहां जनवरी 2026 में एयरपोर्ट पर 1,48,676 यात्रियों का आवागमन हुआ, वहीं फरवरी माह में यह संख्या घटकर 1,45,494 हो गई। जबकि मार्च जो कि 31 दिन का महीना था, उसमें फरवरी से 5055 यात्री कम रिकार्ड किए गए।

### अप्रैल भी करेगा निराश

हालांकि नई दिल्ली के अलावा नवी मुम्बई के लिए एक एक अतिरिक्त उड़ान 29 मार्च को मिली है, लेकिन 28 मार्च को गोवा उड़ान पर ब्रेक लग गया और गोवा उड़ान पूरा महीना ही लगभग फुल जाता करती थी। एयरबस बस 220 क्षमता वाली अक्सर भरी रहती थी लेकिन उसके बंद हो जाने और युद्ध के जिस तरह से खत्म होने के आसार बहुत ही कम दिख रहे हैं, अप्रैल 2026 भी निराश ही करेगा और उसमें 1.50 सदस्यता के क्लब को पूरा करना कठिन हो जाएगा।

### किराया बढ़ने की आशंका

वहीं दूसरी और युद्ध के चलते पेट्रोलियम पदार्थों में मूल्य वृद्धि के कारण भोपाल एयर इंडिया एवं इंडिगो ने भी यात्री किराए में वृद्धि का संकेत दिया है और भोपाल में फिलहाल इंडिगो की सर्वाधिक उड़ाने हैं जबकि दूसरे नम्बर पर एयर इंडिया अगर किराए में वृद्धि होती है, तो उसका असर यात्री संख्या में पढ़े बिना नहीं रहेगा।

# स्टेशन रोड पर सड़क निर्माण की मांग



**जागरण, औबेदुल्लागंज।** स्टेशन रोड क्षेत्र में जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण रहवासियों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। विशेषकर वर्षा ऋतु में सड़कों पर जलभराव से गंदगी और बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है सड़क की वर्तमान स्थिति को लेकर नई सड़क बनाने की माँग करते हुए वार्डवासियों ने गुरुवार को नपा सीएमओ को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि खराब सड़क होने से पैदल चलने वालों को दिक्कत हो रही है। दुकानदार धूल मिट्टी से परेशान हैं। रोजाना हादसे का अंदेशा बना हुआ है। इस दौरान राकेश तिवारी मनोज चौरसिया रामकिशोर नंदवंशी शैलेश साहू मौजूद रहे।

# गुड फ्राइडे त्याग, क्षमा और मानवता का पथः डॉ. मैथ्यूज

## इसाई समाज आज ईसा मसीह को याद करेगा

**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** गुड फ्राइडे वह पवित्र दिन है जो हमें मानवता के प्रति अटूट प्रेम और सर्वोच्च बलिदान की याद दिलाता है। प्रभु यीशु मसीह का क्रूस पर दिया गया बलिदान हमें यह संदेश देता है कि सत्य और न्याय की राह में कितनी ही कठिनाइयाँ क्यों न आएँ, अंततः प्रेम और क्षमा की ही विजय होती है। यह कहना है ग्रुप आफ क्राइस्ट मेमोरियल के चेयरमैन डा. मैनिस मैथ्यूज का। वे गुड फ्राइडे की पूर्व संध्या पर आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि ईसा मसीह ने सिखाया कि सबसे बड़ी शक्ति प्रतिशोध में नहीं, बल्कि क्षमा में है। आज की इस प्रतिस्पर्धी दुनिया में करुणा, सहानुभूति और निस्वार्थ सेवा जैसे गुण ही हमें एक श्रेष्ठ समाज के निर्माण की ओर ले जा सकते हैं। यह दिन हमें आत्म-चिंतन की प्रेरणा देता है। यह हमें याद दिलाता है कि हम दूसरों के जीवन में प्रकाश लाने के लिए क्या योगदान दे रहे हैं। शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य भी यही है। स्वयं को इस योग्य बनाना कि हम समाज के कमजोर और जरूरतमंद वर्गों की सेवा कर सकें। डा. मैनिज मैथ्यूज ने कहा कि इस पावन अवसर पर हम प्रभु यीशु के शांति और भाईचारे के संदेश को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लें। हम एक ऐसी पीढ़ी तैयार करें जो ज्ञान के साथ-साथ हृदय में दया और चरित्र में सत्यता का भाव रखती हो और प्रभु की असीम कृपा और शांति आप सभी के जीवन में सदैव बनी रहे।



# श्रमिकों में आक्रोश, एरियर भुगतान को लेकर टकराव निर्णायक मोड़ पर



**जागरण, मंडीदीप।** रायसेन जिले के औद्योगिक नगर मंडीदीप में नगर पालिका कर्मचारियों और प्रशासन के बीच चल रहा विवाद अब एक अहम मोड़ पर पहुंच गया है। मप्र नगरीय निकाय श्रमिक कर्मचारी संघ (इंटक) द्वारा मुख्य सीएमओ को सौंपे गए ज्ञापन के बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है। श्रम विभाग की बैठक में तय एक सप्ताह की समयसीमा समाप्त हो चुकी है, लेकिन कर्मचारियों की मांगों पर कोई ठोस समाधान सामने नहीं आया, जिससे असंतोष लगातार गहराता जा रहा है। संघ के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही उनकी मांगों पर गंभीरता से निर्णय नहीं लिया तो वे सामूहिक धरना-प्रदर्शन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे। उन्होंने यह भी साफ कर दिया कि किसी भी प्रकार की स्थिति के लिए नगर पालिका प्रशासन स्वयं जिम्मेदार होगा। विवाद का मूल मुद्दा दैनिक वेतनभोगी और 25 दिवसीय कर्मचारियों को 1 अप्रैल 2024 से नवंबर 2024 तक के वेतन अंतर (एरियर) के भुगतान से जुड़ा है। नपा परिषद ने पहले इस राशि को 24 किश्तों में देने का निर्णय लिया था, जिस पर आंशिक अमल भी शुरू हो चुका है। हालांकि कर्मचारी इस व्यवस्था से असंतुष्ट हैं और वे एरियर को अधिकतम 9 किश्तों में भुगतान करने के साथ-साथ ईएसआईसी और ईपीएफ जैसी मूलभूत सामाजिक सुरक्षा सुविधाएं सुनिश्चित करने की मांग कर रहे हैं।

# बेतवा पर दोहरी मारः उद्योगों की मनमानी और अफसरों की चुप्पी, नदी संकट में



**जागरण, मंडीदीप।** बेतवा नदी का बिगड़ता हाल अब केवल पर्यावरणीय मुद्दा नहीं, बल्कि सिस्टम की गंभीर विफलता की कहानी बनता जा रहा है। सूत्रों और मीडिया रिपोर्ट्स के जरिए सामने आई जानकारी ने यह साफ कर दिया है कि नदी के प्रदूषण में जहां उद्योगों की लापरवाही जिम्मेदार है, वहीं प्रशासनिक उदासीनता भी कम नहीं है। मंडीदीप से विदिशा तक कई औद्योगिक इकाइयां बिना पर्याप्त ट्रीटमेंट के रासायनिक अपशिष्ट सीधे बेतवा में छोड़ रही हैं। इससे जल की गुणवत्ता तेजी से गिर रही है, जिसका असर आसपास के गांवों और जीव-जंतुओं पर साफ दिखाई दे रहा है। यह सब लंबे समय से चल रहा है, लेकिन जिम्मेदार विभागों ने अब तक कोई प्रभावी और स्थायी कार्रवाई नहीं की। हाल ही में राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एनएमसीजी) की बैठक में अधिकारियों ने सख्ती के संकेत जरूर दिए, लेकिन सवाल यह उठता है कि जब हालात इतने बिगड़ चुके हैं, तो अब तक निगरानी एजेंसियां क्या कर रही थीं? क्या निरीक्षण सिर्फ कागजों तक सीमित रह गए हैं, या फिर कहीं न कहीं मिलीभगत की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता? विशेषज्ञों का मानना है कि यदि समय रहते पारदर्शी और कठोर कदम नहीं उठाए गए, तो बेतवा का पारिस्थितिक संतुलन पूरी तरह बिगड़ सकता है। ऐसे में केवल उद्योगों पर कार्रवाई ही पर्याप्त नहीं होगी, बल्कि प्रशासनिक जवाबदेही तय करना भी उतना ही जरूरी है।

# जेएसएस ने चुनिंदा 12 स्थानों पर लगाए प्याऊ

## सुबह से शाम 5.30 बजे तक जल सेवा

**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** यह बात अलग है कि बुधवार को जमकर बरसात हुई और एक बार फिर माहोल में ठंडक बैदा हो गई लेकिन हर साल की तरह इस बार भी सामाजिक सस्था जीव सेवा संस्थान ने संत हिरदाराम नगर, गांधीनगर एवं लालघाटी आदि जगहों पर जहां अधिक भीड़ रहती है, वहां सार्वजनिक प्याऊ स्थापित किए हैं जहां प्रतिदिन सुबह 9.30 से शाम 5.30 बजे तक राहगीरों को ठंडा पानी वितरित किया जाएगा। जीव सेवा संस्थान के सचिव महेश दयारामानी ने बताया कि वर्ष 1994 में स्थापित जीव सेवा संस्थान विगत तीन दशकों से मानव सेवा ही माधव सेवा के मूलमंत्र के साथ निरंतर कार्यरत है।



संत हिरदाराम जी के पावन आशीर्वाद एवं एवं सिद्ध भाऊ की प्रेरणा से संस्थान शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, कौशल विकास, आजीविका सहायता, निःशुल्क चिकित्सा शिविर, अंतिम संस्कार सहायता, वृद्धाश्रम संचालन, आपदा राहत एवं आपातकालीन सेवाओं सहित अनेक क्षेत्रों में सक्रिय है। संस्थान द्वारा अब तक 45 लाख से अधिक जरूरतमंदों को विभिन्न रूपों में सहायता प्रदान की जा चुकी है। कोविड-19 महामारी सहित विभिन्न आपदाओं के दौरान भी संस्थान ने भोजन, राशन, दवाइयाँ, ऑक्सीजन कंसंट्रेटर एवं शिक्षा सहायता जैसी सेवाओं के माध्यम से उल्लेखनीय योगदान दिया है। अपनी परोपकारी सेवाओं के अंतर्गत जीव सेवा संस्थान द्वारा प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए आम नागरिकों एवं राहगीरों की सुविधा हेतु भोपाल शहर के 12 प्रमुख स्थानों पर निरूशुल्क प्याऊ सेवा प्रारंभ की गई है। ये प्याऊ संत हिरदाराम जी साहिब की कुटिया, विद्युत मण्डल कार्यालय के समीप, दशहरा मैदान सिविल अस्पताल के सामने, नई सब्जी मंडी, सीहोर नाका गुलाब उद्यान के सामने, संत हिरदाराम नगर थाना के सामने, हलालपुरा बस स्टैंड के सामने, लालघाटी चैराहा, संत आशाराम चैराहा बायपास रोड, गांधीनगर, , गांधीनगर थाना के सामने, गांधीनगर नगर निगम एवं सब्जी मंडी, गांधीनगर आदि शामिल हैं।

# राशिफल

**मेष :** समय थोड़ा मिलाजुला रहेगा। आगे बढ़ने के नए मौके मिल सकते हैं, लेकिन मन किसी बात को लेकर थोड़ा परेशान भी रह सकता है। परिवार का सहयोग मिलेगा।

**वृषभ :** आत्मविश्वास थोड़ा कम रह सकता है। आज अपने कारोबार को बढ़ाने के लिए अनुभवी लोगों से उपयोगी सलाह ले सकते हैं।

**मिथुन :** आत्मविश्वास अच्छा बना रहेगा। मेहनत का अच्छा परिणाम मिलने के योग बनते दिख हैं। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी।

**कर्क :** आय में बढ़ोतरी हो सकती है। आज पॉजिटिव सोच के साथ आगे बढ़ना आपके लिए फायदेमंद रहेगा। दांपत्य जीवन में खुशियां बढ़ेंगी। आर्थिक स्थिति स्थिर रहेगी।

**सिंह :** आज कोई भी बड़ा फैसला लेने से पहले किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह जरूर लेनी चाहिए। असंतोष का भाव आ सकता है, लेकिन चीजें जल्दी ही बदलती दिख रही हैं।

**कन्या :** आत्मविश्वास अच्छा रहेगा, लेकिन काम पर पूरा फोकस रखना जरूरी है। आर्थिक रूप से उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ सकता है।

**तुला :** नौकरी में अधिकारियों का सहयोग मिल सकता है, जिससे प्रमोशन या नई जिम्मेदारी मिलने के योग हैं। सीनियर्स के साथ अच्छे संबंध बनाए रखें।ऑफिस की राजनीति से दूर रहें।

**वृश्चिक :** मन में उतार-चढ़ाव रह सकते हैं और कभी-कभी नेगेटिव विचार भी आ सकते हैं। लेकिन आपको अपने लक्ष्य पर ध्यान बनाए रखना है। आत्मविश्वास थोड़ा कम हो सकता है।

**धनु :** आज थोड़े व्यस्त रह सकते हैं। कोशिश करें कि अपने जरूरी काम और असाइनमेंट समय पर पूरे करें। कोई अच्छी खबर मिल सकती है।

**मकर :** बिजनेस में नए प्रोजेक्ट पर काम करने का मौका मिल सकता है, जिससे आपकी इनकम भी बढ़ सकती है। सेहत का थोड़ा ध्यान रखें।

**कुंभ :** आज शांत रहने की जरूरत है। बेकार के गुस्से और विवाद से दूर रहें। सेहत का ध्यान रखें। कारोबार में वृद्धि मिल सकती हैं।

**मीन :** प्रोफेशनल लाइफ में थोड़ा उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। परिवार में छोटी-मोटी अनबन हो सकती है, इसलिए शांत रहकर समझदारी से बात करें।

**आज का पंचांग:** 03 अप्रैल शुक्रवार 2026। **दिशाशूल :** पश्चिम दिशा में रहेगा। **पर्व एवं त्योहार :** भगवान विष्णु एवं तुलसी पूजन करें। विक्रम संवत 2083 शके 1948 उत्तरायण, उत्तरगोल, वसंत ऋतु वैशाख मास कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा 08 घंटे 43 मिनट तक, तत्पश्चात द्वितीया चित्रा नक्षत्र 19 घंटे 25 मिनट तक, तत्पश्चात स्वाति नक्षत्र व्याघात योग 14 घंटे 09 मिनट तक, तत्पश्चात हर्षण योग कन्या में चंद्रमा 06 घंटे 19 मिनट तक तत्पश्चात तुला में।

# मेरा कार्यकाल छोटा लेकिन रहा महत्वपूर्ण : गिदवानी

## सिंधी अकादमी के निदेशक की उपलब्धि पर स्पर्धा

**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** पिछले दिनों ग्रांड सनसिटी होटल में आयोजित मप्र सिंधी साहित्य अकादमी के दो दिवसीय अंतर प्रांतीय सिंधी साहित्य सम्मेलन में तीन साल बाद सत हिरदाराम गौरव पुरस्कार प्रदान किया गया। विभिन्न विषयों पर चले चर्चाओं के दौर के बाद जिस तरह से अकादमी के निदेशक राजेश वाधवानी की कुछ लोगों ने तारीफ की है, उस पर अकादमी के पूर्व निदेशक नरेश गिदवानी ने सवाल उठाए हैं, और कहा है कि उनका कार्यकाल भले ही 9 नवंबर 19 से 20 अप्रैल 2020 के 6 महीने छोटा था लेकिन अधिकांश पुरस्कार एवं अन्य विस्तारवादी कार्य उन्होंने किए। नरेश गिदवानी जो कि एक जाने माने ख्याति प्राप्त गायक भी हैं और देश विदेश में अनेक प्रोग्राम कर चुके हैं, यहां जारी बयान में उन्होंने कहा है कि संत हिरदाराम गौरव पुरस्कार की राशि जो 51 हजार थी, उन्होंने बढ़ाकर एक लाख की। इस तरह अन्य उपलब्धियां गिनाते हुए उन्होंने बताया कि राज्य स्तरीय गायक के लिये 21 हजार रु का मास्टर चंद्र पुरस्कार, गायकाओ के लिए 21000 का भगवन्ती नावाणी पुरस्कार, कृष्ण खटवानी जी के नाम से गध पुरस्कार 21 हजार, खियलदास बेगवाणी जी के नाम से पद्ध पुरस्कार 21 हजार, युवाओं को साहित्यिक योगदान के लिये 21 हजार का युवा साहित्य पुरस्कार, सिन्धी थियेटर के बेस्ट निदेशक एवं बेस्ट कलाकार के लिए 21000 का पुरस्कार, सिन्धी मशाल नामक पत्रिका साल में 2 बार जारी, बजट 1-15 से 1-65 तक इसके अलावा उन्होंने अकादमी के वाहन सुख नहीं लिया। नरेश गिदवानी को इस बात का भी मलाल है कि 28 एवं 29 मार्च को आयोजित दो दिनी सिंधी साहित्य सम्मेलन में पूर्व निदेशक का नाम लेना तक उचित नहीं समझा गया, जो निम्न मानसिकता का परिचायक है।



# अंजनी आश्रम पर मनाया हनुमान लला का जन्म उत्सव

**जागरण, नजीराबाद।** नजीराबाद से 10 किलोमीटर दूर वीजावन जंगल में एकमात्र स्थान मां जानकी का जहां जानकी मैया हनुमान जी को गोद में लेकर स्तनपान कराते हुए मूर्ति विराजमान है। यह मंदिर वीजा वन अंजनी आश्रम के नाम से प्रसिद्ध है। यहां हनुमान जन्मोत्सव गुरुवार को धूमधाम से मनाया गया। मंदिर परिसर में सुबह से ही भगवान श्री राम के भजन एवं सुंदरकांड राम कथा भंडारे का आयोजन दिन भर चलता रहा। दोपहर दो बजे महाआरती कर प्रसादी बांटी गई। धाम पर साल में दो बार हनुमान जयंती मनाई जाती है। बैरसिया तहसील अंतर्गत नजीराबाद खाता खेड़ी में जानकी मां का प्राचीन मंदिर है। नजीराबाद से लगभग 10 किलोमीटर की दूरी स्थित खाता खेड़ी बिजासन में राम भक्त हनुमान का यह मंदिर कई वर्ष पुराना है। मां जानकी धाम के नाम से मशहूर है। मंदिर में हनुमान जी अपने बाल रूप में अपनी माता की गोद में बैठे हुए हैं जैसे मां अपनी बच्चों को गोद में लेकर दूध पिलाती है उसी प्रकार हनुमान जी अपनी माता की गोद में विराजमान है।



## SUDOKU 194

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 5 | 7 | 1 | 3 | |
| | | 4 | 9 | | 3 | | | 8 |
| | | | 1 | | | | | 4 |
| 8 | 3 | | | | | 6 | | |
| | | | 3 | | 1 | | | |
| | | 1 | | | | | 9 | 2 |
| 7 | | | | | 9 | | | |
| 9 | | | 7 | | 6 | 4 | | |
| | 2 | 8 | 5 | 3 | | | | |

## SOLUTIONS 193

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 7 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 8 | 2 | 9 | 4 | 5 | 7 | 1 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 3 | 7 | 1 | 8 | 9 | 2 |
| 8 | 1 | 7 | 5 | 3 | 4 | 6 | 2 | 9 |
| 5 | 4 | 3 | 2 | 9 | 6 | 1 | 8 | 7 |
| 2 | 9 | 6 | 1 | 8 | 7 | 5 | 4 | 3 |
| 1 | 3 | 8 | 4 | 6 | 2 | 9 | 7 | 5 |
| 4 | 6 | 5 | 7 | 1 | 9 | 2 | 3 | 8 |
| 7 | 2 | 9 | 8 | 5 | 3 | 4 | 6 | 1 |

Rules : The 3x3 sub-grids are called regions. Number already filled in the grid are called givens. The goal of the player is to fill the blank grids of every row, every column and every 3x3 box with the numbers 1,2,3,4,5,6,7,8,9 However, All rows, colums and regions (3x3) should contain numbers 1 to 9 without repeating.


**आम सूचना**

**(व्यवसायिक भूखंड क्रमांक 110 (कोड क्रमांक 29) विद्या नगर चरण-2 बावड़िया कला भोपाल)**

मैं अपनी पक्षकार PNB Housing Finance Ltd. Bhopal की ओर से सर्वसाधारण को सूचित करता हूं कि मेरी पक्षकार कंपनी के समक्ष श्री अशोक शाक्य आत्मज एवं श्री दिलीप शाक्य आत्मज स्व. श्री कन्हैयालाल शाक्य, निवासी-भोपाल ने ऋण प्राप्ति हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है उनके द्वारा (1) श्री सुरिन्दरपाल सिंह देओल आत्मज श्री अमरजीत सिंह देओल एवं (2) श्रीमती सुखदीप कौर देओल पत्नी स्वर्गीय श्री तेजिन्दरपाल सिंह देओल, निवासी-ई-4/257 अरेरा कालोनी भोपाल से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक किता व्यवसायिक भूखंड क्रमांक 110 (कोड क्रमांक 29) जिसका कुल क्षेत्रफल 2421 वर्गफिट अर्थात् 225 वर्गमीटर है जो खसरा क्रमांक 382/1/2 एवं 382/2 का अंश भाग है जो भोपाल विकास प्राधिकरण भोपाल द्वारा विकसित योजना 'विद्या नगर चरण-2' ग्राम बाबड़िया कला, भोपाल नगर निगम सीमाओं के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 52, तहसील कोलार (पुरानी तहसील हुजूर) जिला भोपाल में स्थित है, को क्रय किया जा रहा है और उक्त सम्पत्ति को क्रय करने बाबत् श्री दिलीप शाक्य एवं श्री अशोक शाक्य द्वारा मेरी पक्षकार कंपनी से ऋण प्राप्त किया जा रहा है (उक्त सम्पत्ति उपरोक्त प्लॉटस्वामीगणों को रजिस्टर्ड वसीयतनामा के आधार पर श्रीमती महेन्दर कौर से प्राप्त हुई थी)। यदि उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति में किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, शासकीय/अर्द्धशासकीय निकाय का स्वत्व, आधिपत्य, ऋण, बंधक, भार अथवा अन्य किसी भी प्रकार का विवाद हो तो वह अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्तावेजों के साथ इस सूचना पत्र प्रकाशन के 07 दिवस की अवधि के अन्दर मुझे, मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में प्रस्तुत करें। उपरोक्त समयावधि निकल जाने के पश्चात् किसी भी प्रकार का दावा या आपत्ति मेरी पक्षकार कंपनी पर बंधनकारी नहीं होगी और मेरी पक्षकार कंपनी उपरोक्त सम्पत्ति पर उपरोक्त प्रस्तावित बधककर्ता को ऋण प्रदान कर सकेगी।

**ब्रजेश कुमार शर्मा** (एडवोकेट)
एम-7, आशीर्वाद काम्पलेक्स जोन-1 एम.पी. नगर भोपाल
32 जैन नगर लालघाटी भोपाल मो. नं. : 9826260790,

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मेरे पक्षकार ने अतीक अंसारी पुत्र अनीस अंसारी, आयु 35 वर्ष, निवासी-मकान नंबर 41, गली नंबर 4, डी सेक्टर, बाग उमराव दुल्हा चौराहा, हुजूर, भोपाल, म.प्र. के स्वत्व एवं स्वामित्व की भूमि, खसरा नं 86/2/9 (S) रकबा 1.00 एकड़, जो कि ग्राम पाटनी, तहसील सीहोर, ज़िला सीहोर, मुख्य मार्ग से अन्दर, ग्रामीण क्षेत्र में स्थित है तथा जिसकी चतुर्थ सीमाएँ निम्नानुसार है कि पूर्व में सलमान खान की भूमि, पश्चिम में-अन्य की भूमि, उत्तर में-सिद्दीक खान की भूमि, दक्षिण में रास्ता है को क्रय करने हेतु बयाना राशि अदा कर विक्रय अनुबंध पत्र हस्ताक्षरित कर अनुबंध किया है। अतीक अंसारी से मेरे पक्षकार का अनुबंध निरंतर जारी है। मेरे पक्षकार को विश्वसनीय सूत्रो से ज्ञात हुआ कि अतीक अंसारी मेरे पक्षकार के अनुबंधकाल में उक्त भूमि को अनयंत्र विक्रय करने हेतु निरंतर प्रयासरत है। इस सूचना पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के अनुबंध में उपरोक्त भूमि अनुबंधित है इस कारण कोई भी व्यक्ति, संस्था, बैंक इत्यादि उपरोक्त भूमि के संबंध में क्रय विक्रय अथवा ऋण आदि समव्यवहार न करे। अन्यथा मेरा पक्षकार उक्त व्यक्ति, संस्था, बैंक इत्यादि के विरूद्ध सक्षम न्यायालय में कार्यवाही संस्थित करेगा जिसमे होने वाले सम्पूर्ण हर्जे व खर्चे को वहन करने का दायित्व समव्यवहार कर व्यक्ति, संस्था, बैंक इत्यादि का होगा।

**मोहम्मद इलियास कुरैशी** अधिवक्ता
आफिस- चैंबर नंबर 103 व 105, प्रथम तल, सिंघई हाइट्स, बिग ब्राइस मार्ट के सामने, जहांगीरिया स्कूल लेन, इब्राहिमपुरा, भोपाल, मोबाइल नंबर-9329967374

कार्यालय
प्राचार्य परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र ( अनुसूचित जाति ) 35, श्यामला हिल्स भोपाल
E-mail: petcsc.bpl@gmail.com Phone 0755-2666615
पत्र / प्रशि/ न . स - 36 / 2026 /02 भोपाल दिनांक 01/04/26
खाद्य सुरक्षा अधिकारी परीक्षा - 2025 में चयनित अभ्यर्थियों के लिए साक्षात्कार की तैयारी हेतु
**विज्ञापन**
म0प्र0 लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित **खाद्य सुरक्षा अधिकारी परीक्षा - 2025** में उत्तीर्ण एवं साक्षात्कार हेतु अर्हता रखने वाले म0प्र0 के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए नि:शुल्क मॉक साक्षात्कार परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र भोपाल में अप्रैल 2026 के द्वितीय सप्ताह में आयोजित किया जायेगा । पात्र एवं इच्छुक अभ्यर्थी अपनी जानकारी दिनांक 06 अप्रैल 2026 तक संस्थान में व्यक्तिगत रूप से या ई-मेल द्वारा प्रेषित करें। अधिक जानकारी के लिए केन्द्र के **दूरभाष क्रमांक** 0755-2666615 व ई-मेल petcsc.bpl@gmail.com पर कार्यालयीन दिवस व कार्यालयीन समय में सम्पर्क कर सकते है।
जी-11053/26
प्राचार्य
परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र
भोपाल म.प्र.
पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, नर्मदा विकास संभाग क्रमांक-23,
59 अरेरा हिल्स, नर्मदा भवन, भोपाल (म.प्र.)
☎:-0755-2761257 E-mail:- eenvda23@gmail.com
निविदा सूचना क्र. 17/व.ले.लि.-23/2025-26/806 भोपाल, दिनांक : 01.04.2026
:: निविदा आमंत्रण सूचना ::
(द्वितीय आमंत्रण)
ई-टेण्डरिंग पद्धति द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये ऑनलाईन निविदायें नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण की वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती हैं।
निविदा की संक्षिप्त जानकारी निम्नानुसार है:-

| स. क्र. | नि. आ. सू.क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत ( लाख में ) | धरोहर की राशि ( रुपये में ) | निविदा प्रपत्र का मूल्य ( रुपये में ) | ठेकेदारों की श्रेणी | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 17 (IInd Call) | नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के मुख्यालय नर्मदा भवन में स्थापित 02 नग 08 पैसेन्जर लिफ्ट का वार्षिक मरम्मत का कार्य एक वर्ष के लिए । | Rs. 3.98 लाख (रु. तीन लाख अन्ठानवे | Rs. 7,960.00 (रु. सात हजार नौ सौ साठ मात्र) | Rs 2,000.00 (रु. दो हजार मात्र) | निर्माता Lift Company अथवा निर्माता Lift Company द्वारा अधिकृत Dealer/Agent/ Service Provider एवं मुख्य निरीक्षक म.प्र. शासन द्वारा जारी ''अ'' श्रेणी का विद्युत ठेकेदारी का वैध पंजीयन प्रमाण-पत्र। | 01 वर्ष (वर्षाकाल सहित) |

1. निविदा कार्य के प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि : दिनांक 16.04.2026, 17:30 तक
2. धरोहर राशि एवं अहर्ता दस्तावेज वेब साईट पर खोलने की अनुमानित तिथि : दिनांक 21.04.2026, 10:30
निविदा प्रपत्र केवल उपरोक्त वेबसाईट से निविदा मूल्य डेबिट कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से जमा कर क्रय किये जा सकते हैं। निविदा की विस्तृत जानकारी एवं संशोधन के लिये वेबसाईट www.mptenders.gov.in का अवलोकन करें।
कार्यपालन यंत्री,
नर्मदा विकास संभाग क्रमांक-23,
59, अरेरा हिल्स,नर्मदा भवन,भोपाल
जी-11060/26
पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार


कार्यालय अधीक्षक सब जेल मुलताई जिला बैतूल ( म.प्र. )
OFF.&FAX NO. 07147-224541 Email ID- supdtofsubjailmultai@gmail.com
क्रमांक/428/निविदा/2026 मुलताई, दिनांक 21/03/2026
ई-टेण्डरिंग निविदा वित्तीय वर्ष 2026-2027
ई- निविदा सूचना ( तृतीय आमंत्रण )
सब जेल मुलताई मे परिरुद्ध बंदियों हेतु मध्य प्रदेश जेल पूर्ति नियम 1968 तथा मध्य प्रदेश भण्डार क्रय नियम 2015 के तहत बंदियो हेतु लगने वाली दवाईयाँ की पूर्ति हेतु वार्षिक ई - निविदायें ई-टेण्डरिंग पद्धति के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।
निविदा से संबंधित सम्पूर्ण जानकारी एवं शर्तें वेबसाईट http://www.mptenders.gov.in पर उपलब्ध है। निविदा कार्यक्रम का विवरण निम्नानुसार है

| क्र. | विवरण | दिनांक व समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| 1 | प्री- बिड मीटिंग | 15.04.2026 दोपहर 12.00 बजे | कार्यालय अधीक्षक सब जेल मुलताई जिला बैतूल |
| 2 | निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि, निविदा फार्म का मूल्य 05 लाख तक की निविदा हेतु 500 /- तथा 05 लाख से अधिक की निविदा हेतु रूपये 1000/- प्रति फार्म राशि महालेखाकार ग्वालियर म.प्र. शीर्ष 0056, जेले - 800 अन्य प्राप्तियां में जमा की जावेगी | 27.04.2026 दोपहर 05.00 बजे तक | www.mptenders.gov.in पर प्राप्त किये जा सकेंगे। |
| 3 | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि। | 27.04.2026 शाम 05.00 बजे तक | www.mptenders.gov.in पर आनलाईन स्वीकार की जावेगी |
| 4 | तकनीकि निविदा (आवश्यक दस्तावेज) खोलने की तिथि | 28.04.2026 शाम 05 बजे | कार्यालय अधीक्षक सब जेल मुलताई |
| 5 | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि | 30.04.2026 दोपहर 12.00 बजे | कार्यालय अधीक्षक सब जेल मुलताई |

जी-11050/26
पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार
सहायक जेल अधीक्षक
सब जेल मुलताई

## मौसम अपडेट

### प्रदेश के चार महानगरों का तापमान




### देश के चार महानगरों का तापमान

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 36.8 | 18.9 |
| मुंबई | 31.8 | 23.1 |
| चेन्नई | 38.2 | 20.4 |
| कोलकाता | 35.0 | 26.0 |

सूर्यास्त 6:36 PM
सूर्योदय 6:12 AM
चन्द्रोदय 6.57 PM
चन्द्रास्त 6:03 AM

## दो नए ड्रोन मिले, अब इंदौर के चप्पे-चप्पे पर रहेगी पुलिस की निगाह

**जागरण, इंदौर।** प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर में सुरक्षा और कानून व्यवस्था की मजबूती को लेकर पुलिस गंभीर है। इसीलिए पुलिस अब नगरीय सीमा में कानून व्यवस्था को तकनीकी तौर पर और मजबूत बनाने हाईटेक कदम उठाने जा रही है। आयुक्त कार्यालय (पलासिया) विशेष ड्रोन यूनिट गठित करने की तैयारी कर रहा है, जो आसमान से होनी वाली निगरानी की लाइव फीड देखती रहेगी। इसके तहत दो हाईटेक ड्रोन कैमरों से प्रशिक्षण शुरू कर दिया है। इस संबंध में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (मुख्यालय) आरके सिंह ने बताया कि यह यूनिट अत्याधुनिक कैमरों और सेंसर से लैस होगी, जो ड्रोन संचालित करेगी, इनके जरिए शहर के संवेदनशील इलाकों, भीड़भाड़ वाले बाजारों, प्रमुख चौराहों और बड़े आयोजनों पर रियल टाइम निगरानी रखी जाएगी। इस वक्त पुलिस के पास 12 ड्रोन कैमरे हैं।

## एमएससी परीक्षा के दौरान लैब में घुसकर उत्पात, चार गिरफ्तार

**जागरण, इंदौर।** प्रदेश में इंदौर के होलकर साइंस कॉलेज में परीक्षा के दौरान जमकर हंगामा हो गया। एमएससी प्रथम वर्ष की सीसीई परीक्षा के बीच कुछ छात्र लैब में घुस आए और तोड़फोड़ कर दी। घटना से कॉलेज परिसर में अफरा-तफरी मच गई और परीक्षा बाधित हो गई। घटना बुधवार की है, लेकिन इसका सीसीटीवी गुरुवार को वायरल हुआ है। भंवरकुआ पुलिस के मुताबिक दोपहर करीब 1 बजे लैब क्रमांक-1 में परीक्षा के दौरान आरोपी छात्र अचानक अंदर घुस आए और छात्रों व स्टाफ के सामने हंगामा शुरू कर दिया। उन्होंने प्रयोगशाला के उपकरणों में तोड़फोड़ की, जिससे वहां मौजूद छात्र-छात्राओं में दहशत फैल गई। पूरी घटना कॉलेज में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। घटना के बाद प्राचार्या की शिकायत पर भंवरकुआ थाना पुलिस ने आरोपी विकेंद्र सिंह, लोकपाल, चमनदीप, अभय गुर्जर सहित अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार छात्रों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने विकेंद्र प्रताप सिंह, अभिषेक, अनुज दुबे और देवेश मंसारे को पकड़ा है।

### हम-तुम न जुदा होंगे...सागर, शिवपुरी और शाजापुर में प्यार की कहानियों का दुखद भरा अंत

# प्रेमी-प्रेमिका ने खाया जहर, शादी का जोड़ा पहन फंदे पर झूले दंपत्ति, प्रेमी की हत्या के बाद प्रेमिका ने दी जान

**जागरण, प्रांतीय डेस्क।** परिवार द्वारा सख्ती दिखाते हुए बेटी की जबरन की गई सगाई ने एक साथ दो परिवारों में मातम पसरा दिया। शाजापुर में साथ जीने-मरने का वादा निभाने प्रेमी जोड़े ने जहर खा लिया। प्रेमिका की मौत हो गई। प्रेमी को गंभीर हालत में इंदौर रेफर किया। यहां देर रात्रि उसने भी दम तोड़ दिया। वहीं शिवपुरी में अपनी आंखों के सामने प्रेमी की हत्या के बाद प्रेमिका ने फांसी लगाकर जान दे दी। हत्या उसके परिवारजनों ने दो दिन पहले कर दी थी, जब सगाई से नाराज होकर दोनों देर रात भागने की तैयारी में थे। दूसरी ओर सागर में तीन साल पहले लव मैरिज करने वाले पति-पत्नी शादी का जोड़ा पहनकर फांसी के फंदे पर झूलते मिले। दुखी करने वाली बात यह है कि पति संग जान देने वाली महिला मौत के बाद गर्भवती निकली है।

## शाजापुरः सगाई से दुखी प्रेमी जोड़े ने मौत को लगाया गले



नगर के लालघाटी थाना अंतर्गत करेडी नाका क्षेत्र में गुरुवार शाम एक प्रेमी जोड़े ने जहर खाकर जान देने की कोशिश की। प्रेमिका संग जहर खाने के बाद प्रेमी ने अपने दोस्त को फोन कर दिया। दोस्त की तत्परता से प्रेमी आशुतोष उर्फ गोलू धाकड़ (25) निवासी सुनेरा को गंभीर हालत में इंदौर भेजा, लेकिन वह बच नहीं सका। देवास निवासी कशिश परिहार की भी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक दोनों शादी करना चाहते थे, लेकिन उनके परिजन खिलाफ थे। इसी बात से आहत होकर युवती गुरुवार को देवास से शाजापुर पहुंची और दोनों ने शाम को आत्मघाती कदम उठा लिया। युवक ने जैसे ही फोन पर घटनाक्रम बताया, उसका दोस्त मौके पर पहुंच दोनों को अस्पताल पहुंचा दिया। इलाज के दौरान युवती की मौत हो गई, जबकि युवक ने इंदौर में दम तोड़ा। आशुतोष खेती करता था। युवती ब्यूटी पार्लर चलाती है। एक सप्ताह पहले ही कशिश की सगाई परिवार ने उसकी इच्छा के बगैर उज्जैन के एक परिवार में कर दी थी।

## शिवपुरीः प्रेमी को परिवार ने मारा, प्रेमिका ने लगा ली फांसी



जिले के कोलारस में दो दिन से चर्चा का कारण बना एक प्रेम प्रसंग का दुखद अंत गुरुवार को सामने आया। जब एक युवती ने अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। घटना के वक्त गुरुवार दोपहर युवती वर्षा कुशवाह और उसकी बहन ही घर पर थी। उसने अपनी बहन से खाना मांगा। बहन जब तक खाना परोसकर लाई वर्षा अपने कमरे में फांसी पर झूल गई। इस युवती के प्रेमी की दो दिन पहले ही उसकी आंखों के सामने ही हत्या कर दी गई थी। पुलिस के मुताबिक कोलारस निवासी वर्षा कुशवाह का नेगमा गांव निवासी अर्जुन पाल 26 के संग प्रेम प्रसंग चल रहा था। मगर वर्षा के घर वाले इस रिश्ते के खिलाफ थे और उन्होंने 30 मार्च को ही वर्षा की सगाई कहीं ओर तय कर दी थी। इससे नाराज प्रेमी-प्रेमिका ने रात में ही घर से भागने की योजना बना ली थी। प्रेमी अर्जुन रात एक बजे अपने मित्र कल्ला पाल के साथ जैसे ही युवती के घर के पास पहुंचा, वैसे ही युवती के घर वालों ने पकड़ लिया। दोस्त कल्ला वहां से भाग गया। परिवारजनों ने युवती की आंखों के सामने ही युवक को बंधक बनाकर जमकर मारपीट कर हत्या कर दी। शव को नाले के पास फेंककर युवती के पिता, दादा फरार हो गए, जिन्हें पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। अन्य आरोपी परिजन फरार चल रहे हैं। बताया जाता है कि वन स्टॉप सेंटर भेजने पर वर्षा ने ही पुलिस को पूरी सच्चाई बताई थी। इससे दो दिन से परिवार के सदस्य उसे कोस रहे थे। मृतक अर्जुन के दोस्त कल्ला की रिपोर्ट पर पुलिस ने युवती के परिजनों पर एफआईआर दर्ज की थी।

## सागर : लव मैरिज करने वाले पति-पत्नी फंदे पर झूले



दो साल पहले लव मैरिज करने के बाद हंसी-खुशी रह रहे पति-पत्नी के शव उनके घर में फंदे पर झूलते मिले हैं। इस घटना से पूरे जिले के मुठिया टोला मोहल्ले में सनसनी फैल गई। दोनों ने शादी का जोड़ा पहन सज-धजकर यह कदम उठाया। दोनों को जिसने भी देखा उसका दिल दहल उठा। पुलिस के मुताबिक रहली थाना क्षेत्र स्थित चांदपुर के मुठिया टोला में रहने वाले 22 वर्षीय राजेंद्र उर्फ गोलू पिता गणेश पटेल और उसकी पत्नी काजल (21) के रूप में हुई है। मृतक राजेंद्र के पिता ने पुलिस को बताया कि वह मजदूरी करता था। उसके पास कुछ कृषि भूमि भी थी। पति-पत्नी के बीच कोई विवाद भी कभी नहीं हुआ। फिर आत्महत्या जैसा कदम क्यों उठाया, गांव वाले भी नहीं समझ पा रहे। वह खेत के घर में रहता था। रात में खाना खाने के बाद पति-पत्नी अपने कमरे में चले गए थे। काफी देर तक बाहर नहीं आए तो पिता ने जाकर देखा। गुरुवार को आई पोस्टमार्टम रिपोर्ट में काजल के गर्भवती होने की पुष्टि हुई है। वह डेढ़ माह की गर्भवती थी। दोनों के इस कदम से पूरे गांव में सन्नाटा पसर गया है।

## लॉरेंस गैंग के गुर्गे ने किया सरेंडर

### खरगोन में व्यापारी के घर पर फायरिंग कराने की बात कबूली



**जागरण, नागदा।** कुख्यात अपराधी लॉरेंस बिश्नोई गैंग के गुर्गे राजपाल ने नागदा में अपने गांव रत्नयखेड़ी में गुरुवार को सरेंडर किया। इस दौरान उसने खरगोन के एक व्यापारी के घर पर फायरिंग कराने की बात कबूली। राजपाल ने दावा किया कि जिस व्यापारी के घर गोली चलवाई थी, वह छोटी बच्चियों पर गलत नजर रखता था। किसानों के साथ अत्याचार करता था, उसने कहा कि इसी कारण उसे सबक सिखाने के लिए उस पर फायरिंग कराई थी। राजपाल ने बताया कि पहले उसके साथियों ने हमला करने की कोशिश की थी, लेकिन वे सफल नहीं हो पाए। इसके बाद हैरी बॉक्सर नाम के एक अन्य साथी के जरिए इस वारदात को अंजाम दिया। राजपाल का नाम पंजाब के मोहाली स्थित पुलिस के खुफिया विभाग मुख्यालय पर हुए रॉकेट लॉन्चर हमले में भी आ चुका है। राजपाल ने बताया कि पुलिस उसके परिवार को परेशान कर रही थी, इसलिए उसने यह कदम उठाया। उसने दावा किया कि देशभर की सुरक्षा एजेंसियां और कई राज्यों की पुलिस उससे पहले भी पूछताछ कर चुकी हैं। राजपाल और योगेश भाटी का नाम पहले भी कई बड़े आपराधिक मामलों में सामने आ चुका है।

## लहसुन उखाड़ रहे पिता पर बेटे ने बरसाए डंडे, खेत में ही मौत

**जागरण, छतरपुर।** खेत में लहसुन उखाड़ रहे वृद्ध की उसके बेटे ने ही डंडे मार-मारकर हत्या कर दी। पिता की हत्या कर बिगड़ैल बेटा मौके से फरार हो गया। आरोपी बेटे की धरपकड़ के लिए पुलिस टीम बनाकर संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। बेटे द्वारा पिता की हत्या का मन झकझोर देने वाला यह मामला जिले के ईशानगर थाना क्षेत्र स्थित पनोठा गांव के रगुनिया पुरवा का है। बताया जाता है कि गुरुवार सुबह 70 वर्षीय पंचू कुशवाहा अपने खेत में लहसुन उखाड़ रहे थे। इसी दौरान उनका बेटा रामकृपाल उर्फ गुल्लु वहां आ गया। गुल्लू रात भर से गायब था, इस पर पिता-पुत्र में विवाद होने लगा। विवाद के बीच ही पिता ने बेटे से काम में सहयोग करने को कहा तो वह अचानक उखड़ गया और पास ही पड़ा डंडा उठाकर पिता पर बरसाने लगा। आरोपी ने डंडे से पिता के सिर पर कई वार किए। सिर पर गंभीर चोट लगने से पंचू कुशवाहा ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। पिता का लहूलुहान कर आरोपी गुल्लू खेत से ही फरार हो गया। आसपास के लोगों ने पंचू को लहूलुहान पड़ा देख पुलिस को सूचना दे दी। फॉरेंसिक साइंस लैब (एफएसएल) टीम को भी बुलाया गया, जिसने घटनास्थल से जुटाए।

## गेहूं काट रही महिला पर गिरी बिजली, मौत

**जागरण, मऊगंज।** गरज-चमक के साथ बारिश के बीच बिजली गिरने से खेत में फसल काट रही एक महिला की मौत हो गई। महिला अपने खेत में गेहूं की फसल काट रही थी। तभी यह घटना हुई। मामला जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के भलुआ गांव का है। जब गुरुवार को मनराजू पत्नी रामावतार प्रजापति (42) अपने खेतों में फसल कटाई कर रही थी। तभी तेज गरज-चमक के साथ उसके खेत में ही बिजली गिर पड़ी। इसकी चपेट में आने से महिला की मौके पर ही मौत हो गई।

मध्यप्रदेश राज्य लघु वनोपज
(व्यापार एवं विकास) सहकारी संघ मर्यादित
वन भवन, ब्लाक -ए, भोपाल-462003 (मध्यप्रदेश)
दूरभाष : 2674349, 2760858, ई-मेल : mpmfpit@gmail.com
Website : www. mfpfederation.org
अधिसूचना क्रमांक ते.प.(2026)-II भोपाल, दिनांक : 02.04.2026

वर्ष 2026 में मध्यप्रदेश में संग्रहित होने वाले तेंदूपत्ते के अग्रिम विक्रय हेतु ऑनलाइन निविदाओं की सूचना का सारांश

(1) **ऑनलाइन निविदाओं का प्रस्तुतिकरण एवं खुलना :** निविदा **दिनांक 07.04.2026** से प्रारंभ होकर **दिनांक 09.04.2026** को सायंकाल 3.00 बजे तक केवल ई-प्रोक्यूरमेन्ट पोर्टल **https://mfpfederation.abcprocure.com** में ऑनलाइन जमा कर सकता है, जो दिनांक 09.04.2026 को सायंकाल 3.30 बजे से ऑनलाइन खोली जावेंगी।
(2) **सत्यंकार राशि :** क्रय क्षमता की 8 प्रतिशत राशि केवल ऑनलाइन द्वारा ई-प्रोक्यूरमेन्ट पोर्टल **https://mfpfederation.abcprocure.com** के माध्यम से।
(3) **पंजीयन :**
(i) निविदा हेतु वर्ष 2026 के लिये तेन्दूपत्ता के विनिर्माता/व्यापारी का मध्यप्रदेश के किसी वनमंडल (सामान्य) में पंजीयन आवश्यक।
(ii) समस्त इच्छुक निविदाकारों को ई-प्रोक्यूरमेन्ट पोर्टल **https://mfpfederation.abcprocure.com** पर दिये गये प्रक्रिया अनुसार ई-निविदा में भाग लेने हेतु पंजीकृत होना अनिवार्य है।
निविदा हेतु, निविदा सूचना मय निविदा फार्म, निविदाकार का करारनामा, लाट सूची तथा अन्य परिशिष्टों सहित दिनांक 04.04.2026 से केवल संघ की ऊपर दर्शित वेबसाइट अथवा ई-प्रोक्यूरमेन्ट पोर्टल **https://mfpfederation.abcprocure.com** से डाउनलोड किये जा सकते हैं। संशोधन/सूचनायें उपरोक्त वेबसाइट तथा ई-प्रोक्यूरमेन्ट पोर्टल पर उपलब्ध हैं।
ई-निविदा के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की सहायता हेतु कृपया हमारे सर्विस प्रोवाइडर **e-Procurement Technologies Ltd., Ahmedabad** से निम्न विवरण पर सम्पर्क करें।
**दूरभाष क्रमांक : 7859800621, 6352631766**
**फैक्स क्रमांक : 079 4001 6816**
**ई-मेल : info@AbcProcure.com & Support@AbcProcure.com**
म.प्र. माध्यम/125172/2026 प्रबंध संचालक

## अतिक्रमण हटाने गई टीम पर पथराव सरकारी जमीन मुक्त कराई, 3 गिरफ्तार

**जागरण, उज्जैन।** सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाने गई राजस्व विभाग की टीम पर कब्जाधारियों ने जमकर हंगामा कर दिया। कार्रवाई पर नाराजगी जताते हुए अतिक्रमणकारियों ने राजस्व टीम पर पथराव कर दिया। अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ धक्का-मुक्की और झूमाझटकी भी की गई। पथराव के बाद पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए भीड़ को खदेड़ दिया। घटना का वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें अतिक्रमणकारी वहां मौजूद जेसीबी और प्रशासनिक टीम पर पथराव करते नजर आ रहे हैं। पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार भी किया है। देवास रोड स्थित ग्राम चंदेसरी में सरकारी जमीन सर्वे क्रमांक 568 की करीब 2 बीघा जमीन पर पीरा, मोहनलाल और भारती द्वारा कब्जा किया गया था। कई बार पटवारी और तहसीलदार की समझाइश के बाद भी जमीन खाली नहीं की। पास के खेत वालों का रास्ता भी इन लोगों ने बंद कर दिया था। शिकायत मिलने पर राजस्व अमला थाना नागझिरी पुलिस टीम के साथ जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने पहुंचा था। यहां टीम को देखकर अतिक्रमणकारियों ने हमला कर दिया। इसके बावजूद अमले ने सरकारी जमीन को अतिक्रमण मुक्त करा लिया।

## नाबालिग से छेड़छाड़, उग्र भीड़ ने पुलिस पर किया पथराव लाठीचार्ज के बाद दागे अश्रुगैस के गोले, पांच गिरफ्तार

**जागरण, नीमच।** घर में अकेली 13 वर्षीय नाबालिग को अपने घर ले जाकर 55 वर्षीय आरोपी द्वारा की गई छेड़छाड़ को लेकर उग्र भीड़ सड़कों पर उतर आई। नाराज भीड़ आरोपी का मकान ढहाने की मांग पर अड़ी थी। प्रशासन ने भी अवैध निर्माण देख बुलडोजर बुला लिया, लेकिन इसी बीच भीड़ आरोपी के घर में घुसकर तोड़फोड़ करने लगी। पुलिस ने बाहर निकाला तो उग्र भीड़ ने पथराव कर दिया। उग्र लोगों को खदेड़ने लाठीचार्ज के बाद पुलिस को अश्रुगैस के गोले भी दागना पड़े। पुलिस ने 5 लोगों को हिरासत में लिया है। मगर नगर में अभी भी तनाव बना हुआ है।
यह बवाल गुरुवार को मनासा थाना क्षेत्र के पड़दा गांव का है। पुलिस के मुताबिक बुधवार रात गांव में रहने वाली 13 साल की बच्ची घर पर अकेली थी। माता-पिता किसी धार्मिक कार्यक्रम में गए थे। इसी बीच आरोपी अब्दुल रहमान (55) पिता गनी मोहम्मद रहमान उसके घर में घुस गया। उसने बच्ची को अपने घर ले जाकर छेड़छाड़ की। साथ ही 50 रुपए देकर किसी को नहीं बताने के लिए कहकर भगा दिया। रात करीब साढ़े दस बजे माता-पिता घर आए तो बच्ची ने आरोपी की करतूत बता दी। परिवार वालों की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को रात में ही एक परिचित के घर से गिरफ्तार कर लिया।

**आरोपी के घर में घुसकर तोड़फोड़ मकान तोड़ने पर अड़े, प्रशासन ने बुलाया बुलडोजर, नोटिस चस्पा**

गुरुवार सुबह करीब 11 बजे विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता और ग्रामीणों ने प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारी आरोपी का घर तोड़ने और उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे थे। पुलिस ने लोगों को समझाइश भी दी, लेकिन लोग अड़े रहे। आनन-फानन में प्रशासन ने आरोपी के मकान पर नोटिस चस्पा करा दिया। इसमें आरोपी का मकान नाली पर बताते हुए ढहाने की सूचना दी गई। दोपहर में बुलडोलर भी बुलवा लिया गया।

### बिजनेस प्लस

## कृषि मंत्री शिवराज से डिप्टी सीएम मौर्य ने योजनाओं को लेकर की चर्चा



**लखनऊ/नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बुधवार को नई दिल्ली में केंद्रीय ग्रामीण विकास तथा कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान से भेंट कर प्रदेश में संचालित ग्रामीण विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तृत एवं सार्थक चर्चा की। इस अवसर पर केंद्र एवं राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। उप मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश के स्वयं सहायता समूहों की दीदियों द्वारा निर्मित उत्कृष्ट उत्पाद केंद्रीय मंत्री को भेंट कर उनका अभिनंदन किया तथा इन उत्पादों के बेहतर विपणन, ब्रांडिंग एवं व्यापक बाजार उपलब्ध कराने के विषय में विचार-विमर्श किया गया। केंद्रीय मंत्री ने प्रदेश सरकार के 'लखपति दीदी' अभियान के प्रयासों की सराहना की। बैठक में केंद्र एवं राज्य सरकार के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित कर योजनाओं के तीव्र क्रियान्वयन हेतु आवश्यक सुझाव साझा किए गए तथा आगामी समय में प्रगति की समीक्षा के लिए पुनः बैठक आयोजित करने पर सहमति बनी। बैठक मे आयुक्त ग्राम्य विकास उत्तर प्रदेश गौरीशंकर प्रियदर्शी, उप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की मिशन निदेशक दीपा रंजन सहित केन्द्र व राज्य के उच्चाधिकारी भी मौजूद रहे।

## भीम पेमेंट्स ऐप ने नया 'माही वे' कैंपेन किया लॉन्च




**मुंबई।** भीम पेमेंट्स ऐप ने नया 'माही वे' कैंपेन लॉन्च किया है, जिसमें डिजिटल पेमेंट्स को सरल, सुरक्षित और भरोसेमंद बनाने पर जोर दिया है। इस 360-डिग्री कैंपेन में ब्रांड एंबेसडर महेंद्र सिंह धोनी दिखाए गए हैं, जो रोजमर्रा की परिस्थितियों में सरल और तेज भुगतान चुनते हैं। मुख्य फिल्म 25 सेकंड की होगी, डिजिटल व सोशल प्लेटफॉर्म्स पर छोटे वर्जन भी उपलब्ध होंगे। भीम के स्कैन एंड पे फीचर और इंस्टेंट रिवॉर्ड्स को उजागर कियाहै। यह कैंपेन 11 भाषाओं में उपलब्ध होगा, जिससे सभी यूजर्स के लिए समावेशी और भरोसेमंद डिजिटल पेमेंट अनुभव सुनिश्चित हो सके।

## एलजी ने सेवा तीर्थ में वीआरएफ एचवीएसी सिस्टम की स्थापना की

**नई दिल्ली।** एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया ने हाल ही में प्रधानमंत्री कार्यालय भवन, सेवा तीर्थ में 1,590 हॉर्सपावर क्षमता वाले उन्नत वीआरएफ एचवीएसी सिस्टम की स्थापना की है, जिसमें 113 आउटडोर यूनिट शामिल हैं। यह ऊर्जा-कुशल प्रणाली 39 डिग्री तक तापमान पर बिना क्षमता घटाए कार्य कर सकती है और ब्लैक फिन हीट एक्सचेंजर्स के साथ टिकाऊ प्रदर्शन सुनिश्चित करती है। स्थापना में एसी स्मार्ट 5 इंटेलिजेंट कंट्रोल प्लेटफॉर्म भी शामिल है, जो केंद्रीकृत प्रबंधन और वास्तविक समय निगरानी सक्षम करता है। पुणे विनिर्माण संयंत्र से आपूर्ति की गई यह प्रणाली भारत के मेक इन इंडिया और ऊर्जा-कुशल बुनियादी ढांचे में योगदान को मजबूत करती है।

## सांप को नहला रहे सर्पमित्र को काटा, मौत

**जागरण, खंडवा।** नाली से रेस्क्यू किये गए सांप को नहलाने के चक्कर में सर्पमित्र की जान चली गई। दरअसल नहलाते वक्त सांप ने सर्प मित्र को डस लिया। अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। चश्मदीदों के मुताबिक सांप को पकड़ने के बाद सर्प मित्र आशिक खान मंसूरी उसे पानी से नहला रहे थे। इसी दौरान सांप ने उन्हें काट लिया। मामला खंडवा के बरूड गांव का है। आशिक इंदौर-इच्छापुर हाईवे पर भोजाखेड़ी गांव का रहने वाले था। वह बिना किसी शुल्क आसपास के इलाके से सांप पकड़कर जंगल में छोड़ देता थे। बरूड गांव से उन्हें फोन कर बताया कि एक मकान में सांप छिपा है।

M.P. MADHYA KSHETRA VIDYUT VITARAN COMPANY LTD.
OFFICE OF THE GENERAL MANAGER (O&M) CIRCLE, GOVINDPURA, BHOPAL
E-mail : seombhopal.cz1@gmail.com
No. : G.M./O&M/PUR/56 Bhopal, Dated : 02.04.2026

OFFER FOR HIRING OF VEHICLE

MPMKVVCL Hereby invited Offer/Rate for hiring the below mentioned type of Vehicle in the following location :-

| Name of Unit/Office | Particulars | EMD | Due Date of Submission of Offer | Opening Date & Time |
|---|---|---|---|---|
| DGM (STM-STC) Dn. Bhopal, Mandideep, Budhni, Bhairunda | Type H1, Heavy Vehicle – Truck (10 Metric Ton (for 1200 Km) | Rs. 3000/- | 15.04.26 Up to 3:30 PM | 16.04.26 at 3:30 PM |


Other details, terms and conditions are available on company website : **https://portal.mpcz.in** or the under signed office.
M.P. Madhyam/125189/2026 GM (O&M)

कार्यालय, नगर पालिक निगम उज्जैन, ( म.प्र. )
छत्रपति शिवाजी भवन, कोयला फाटक, उज्जैन फोन 0734-2535222
Website:http//nagarnigamujjain.org/E-mail:nn.ujjain@mpurban.gov.in
प्रकाश विभाग
क्रमांक : प्रकाश/2026/01 दिनांक : 01-04-2026
ऑनलाईन निविदा आमंत्रण
उज्जैन नगर पालिक निगम द्वारा निम्न कार्य हेतु ऑन लाइन निविदा जारी की गई है जिसका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है :

| क्र. | ऑनलाईन निविदा क्र. | कार्य विवरण | राशि रुपए | प्रीबिड मीटिंग दिनांक | प्रपत्र क्रय अंतिम दिनांक | बीड सबमिशन अंतिम दिनांक | बीड ओपनिंग दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2026_UAD_496132_1 | Yearly Zonal Electrical & Lighting Work related tender of Ujjain city on an empanelment basis | 40000000 | 13.04.2026 | 01.05.2026 | 01.05.2026 | 04.05.2026 |

निविदा प्रपत्र व निविदा से संबंधित जानकारी, शर्तें, ऑनलाईन वेबसाईट www. mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है
कार्यपालन यंत्री
प्रकाश विभाग
नगर पालिक निगम उज्जैन

## बाजार पर नजर



शेयर बाजार में आज

1773 **73,320**

**Nifty 50 Top Gainers**

| Scrip | High | %Gain |
|---|---|---|
| HCL Tech | 1,412.80 | 3.53% |
| Tech Mahindra | 1,447.00 | 2.63% |
| Infosys | 1,305.40 | 1.97% |
| Wipro | 195.34 | 1.95% |
| TATA Cons. Prod | 1,046.10 | 1.78% |

**Nifty 50 Top Losers**

| Scrip | Close | %Loss |
|---|---|---|
| Eicher Motors | 6,585.00 | -2.58% |
| Asian Paints | 2,142.40 | -2.55% |
| Eternal | 223.74 | -2.03% |
| Sun Pharma | 1,620.00 | -2.02% |
| Bajaj Auto | 8,624.00 | -1,54% |

**फोरेक्स रेट**

| मुद्रा | बिक्री |
|---|---|
| $ डॉलर | 93.1000 |
| € यूरो | 107.32 |
| ¥ येन | 0.5835 |
| £ पौंड | 122.91 |

# ट्रंप के बयान से वैश्विक बाजार में मची खलबली सोना-चांदी, क्रिप्टो और क्रूड आइल में गिरावट

## भारतीय शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन भी 1773 अंक की रही तेजी, आईटी-रियल्टी शेयर्स में रही तेजी

**मुंबई, जेएनएन।** राष्ट्रपति ट्रम्प के 2 अप्रैल, 2026 को ईरान पर दिए गए भाषण पर वैश्विक बाजारों ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की, जिसके परिणामस्वरूप तेल की कीमतों में उछाल आया, क्रिप्टोकरेंसी की कीमतों में गिरावट आई और युद्ध के फिर से बढ़ने की आशंकाओं के कारण शेयर बाजार धराशायी हो गए। ब्रेंट क्रूड 108 डॉलर प्रति बैरल से नीचे गिर गया। सेंसेक्स अपने दिन के निचले स्तर से 1,773 अंक चढ़कर बंद हुआ। सुबह ये भारी दबाव के साथ खुला और गिरकर 71,545 के स्तर तक आ गया था। बाद में बाजार में खरीदारी आई और यह 185 अंक (0.25 प्रतिशत) चढ़कर 73,320 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में भी 22,182 का निचला स्तर बनाने के बाद 531 अंकों की रिकवरी दिखी। ये 34 अंक (0.15 प्रतिशत) चढ़कर 22,713 के स्तर पर बंद हुआ। आज के कारोबार में निफ्टी के आईटी और रियल्टी इंडेक्स सबसे ज्यादा चढ़ें। इसमें 2.62 प्रतिशत और 1.18 प्रतिशत की तेजी रही।

**कल बाजार भी में रही थी तेजी-** इससे पहले कल यानी 1 अप्रैल को बाजार में तेजी रही थी। सेंसेक्स 1,187 अंक (1.65 प्रतिशत) की तेजी के साथ 73,134 पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी में भी 348 अंक (1.56 प्रतिशत) की बढ़त रही, ये 22,679 के स्तर पर बंद हुआ।



### क्रूड 5 प्रतिशत बढ़कर 106 डॉलर प्रति बैरल हुआ



आज कच्चा तेल करीब 5 प्रतिशत ऊपर है। ये 106 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया है। 28 फरवरी को ईरान जंग शुरू होने से पहले कच्चे तेल के दाम 70 डॉलर प्रति बैरल के के आसपास थे।

### क्रिप्टोकरेंसी में 2.5% की गिरावट

ट्रंप की टिप्पणियों के बाद निवेशकों द्वारा जोखिम भरी संपत्तियों से दूरी बनाने के कारण क्रिप्टोकरेंसी में व्यापक गिरावट आई। एशिया में बिटकॉइन की कीमत में 2.5 प्रतिशत तक की गिरावट आई और यह लगभग 66,500 डॉलर पर पहुंच गया। बाद में यह लगभग 66,600 डॉलर के आसपास देखा गया, हालांकि कुछ रिपोर्टों में 2.6 प्रतिशत की गिरावट का भी संकेत दिया गया है।

### एशियाई बाजार में गिरावट रही

- साउथ कोरिया का कोस्पी इंडेक्स 4.47 प्रतिशत गिरकर 5,234 पर बंद हुआ।
- जापान का निक्केई इंडेक्स 2.38 प्रतिशत गिरकर 52,463 पर बंद हुआ।
- हॉन्गकॉन्ग का हैंगसेंग इंडेक्स 0.70 प्रतिशत गिरकर 25,116 पर बंद हुआ।
- चीन का शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.74 प्रतिशत गिरकर 3,919 पर बंद हुआ।

## एनटीपीसी ने किया बिजली का रिकार्ड उत्पादन

**नयी दिल्ली, जेएनएन।** सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली उत्पादक कंपनी एनटीपीसी ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने हाल ही में समाप्त हुए वित्त वर्ष 2025-26 में रिकॉर्ड 432.2 अरब यूनिट बिजली का उत्पादन किया है। एनटीपीसी ने बताया कि उसने इस दौरान अपने नेटवर्क में 9,619 मेगावाट (लगभग 9.6 गीगावाट) की रिकॉर्ड नयी उत्पादन क्षमता भी जोड़ी है। कंपनी की तरफ से जारी बयान के मुताबिक, पिछले वित्त वर्ष में जोड़ी गई कुल क्षमता में से 5,488 मेगावाट क्षमता सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा और जल विद्युत परियोजनाओं की है। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कदम बढ़ाते हुए कंपनी ने कोयले से बिजली बनाने के बाद बचने वाली 10.9 करोड़ टन राख का शत-प्रतिशत उपयोग सुनिश्चित किया है।

## भारतीय रियल एस्टेट से विदेशी निवेशकों बनाई दूरी

**मुंबई, जेएनएन।** मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव और वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच विदेशी निवेशकों ने भारतीय रियल एस्टेट बाजार से दूरी बनानी शुरू कर दी है। रियल एस्टेट सलाहकार कंपनी कोलियर्स इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, साल 2026 की पहली तिमाही (जनवरी-मार्च) में विदेशी निवेश में 75 प्रतिशत की भारी गिरावट दर्ज की गई है।



पिछले साल की आखिरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर 2025) में जहां विदेशी निवेश 1.6 बिलियन डॉलर था, वह इस साल की शुरुआत में घटकर महज 400 मिलियन डॉलर रह गया है। कोलियर्स का मानना है कि वैश्विक अस्थिरता के कारण विदेशी निवेशक इस पूरे साल सतर्क रह सकते हैं। भारतीय रियल एस्टेट में होने वाले कुल संस्थागत निवेश के आंकड़ों में भी जबरदस्त कमी आई है। रिपोर्ट के अनुसार, कुल निवेश पिछली तिमाही के 4.2 बिलियन डॉलर से 61 प्रतिशत गिरकर केवल 1.6 बिलियन डॉलर पर आ गया है। इस गिरावट का सबसे बड़ा कारण वैश्विक स्तर पर व्यापार, कच्चे तेल और कमोडिटी मार्केट में चल रही उथल-पुथल को माना जा रहा है।

## आरबीआई के फैसलों से थमी रुपए की गिरावट,12 साल बाद सबसे तेजी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय रिजर्व बैंक ने रुपये को लेकर कुछ कड़े फैसले लिए हैं, जिस कारण रुपये में गिरावट सिर्फ थमी ही नहीं, बल्कि बड़ी उछाल आई है। आरबीआई द्वारा करेंसी में अस्थिरता को कम करने के लिए अतिरिक्त उपाय पेश करने के लिए एक दिन बाद यह तेजी आई है। 2 अप्रैल को डॉलर की तुलना में रुपये में 12 सालों से ज्यादा समय में सबसे अधिक तेजी देखी गई है, जबकि बैंक अपने ऑफशोर लॉन्ग डॉलर पोजीशन को कम करना जारी रखे हुए थे। करेंसी मार्केट खुलने के बाद करेंसी ट्रेड फिर से शुरू होने पर रुपया डॉलर के मुकाबले 1.8 प्रतिशत तक बढ़कर 93.17 पर पहुंच गया, जो सितंबर 2013 के बाद सबसे ज्यादा है। 1 अप्रैल को, आरबीआई ने फॉरेक्स मार्केट के नियम को कड़ा किया है। आरबीआई ने बैंकों को रेजिडेंस और नॉन-रेजिडेंस कस्टमर्स को रुपये के नॉन-डिलीवर फॉरवर्ड (एक तरह का फॉरवर्ड कॉन्ट्रैक्ट) जारी करने से रोक दिया? नॉन-डिलीवर फॉरवर्ड एक तरह का कॉन्ट्रैक्ट है, जो फ्यूचर में रुपया का स्तर क्या होगा? उस आधार पर खरीदारी करने की अनुमति देता है। एक तरह से आप इसे करेंसी में डेरिवेटिव ट्रेडिंग भी कह सकते हैं। बस इसी कॉन्ट्रैक्ट को जारी करने से आरबीआई ने रोक लगा दी है। सबसे बड़ा कारण विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार बिकवाली रही है। मार्च में ही विदेशी संस्थागत निवेशकों ने 1.11 लाख करोड़ रुपये की सेलिंग कर डाली थी। इसके साथ ही जंग के शुरू होने से दुनिया भर में महंगाई बढ़ने का खतरा बढ़ गया है। होमुर्ज के रास्ते के बंद होने की वजह से कच्चे तेल के दाम में लगातार तेजी रही है, जिस कारण रुपये में लगातार गिरावट रही है। वहीं रुपये पर बैंकों के शुद्ध खुले पदों के जोखिम को सीमित करने के लिए आरबीआई द्वारा कदम उठाए जाने के बावजूद, 30 मार्च को करेंसी में 95 डॉलर के मनोवैज्ञानिक स्तर को पार कर लिया। हालांकि, ट्रंप के ईरान वॉर को लेकर दिए गए संबोधन के बाद कच्चे तेल की कीमतों में तेजी देखी जा रही है।



## इंडिगो ने बढ़ाया फ्यूल चार्ज

**नई दिल्ली, जेएनएन।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो की फ्लाइट्स महंगी हो जाएंगी। एयरलाइन ने घरेलू उड़ानों में अधिकतम 950 तक और इंटरनेशनल फ्लाइट्स में 10,000 तक एक्स्ट्रा फ्यूल चार्ज लगाया है। नई कीमतें 2 अप्रैल रात 12.01 बजे से लागू हो गईं। इंडिगो ने 18 दिन में दूसरी बार घरेलू और इंटरनेशनल उड़ानों पर फ्यूल सरचार्ज बढ़ाने का फैसला लिया है। इससे पहले कंपनी ने 14 मार्च को भी किराए में बढ़ोतरी की थी। कंपनी के मुताबिक, यह फैसला एविएशन टर्बाइन फ्यूल यानी जेट फ्यूल की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण लिया गया है। इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अनुसार, एक महीने में फ्यूल की कीमतें 130 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ी हैं। जेट फ्यूल महंगा होने से एयरलाइन कंपनियों का ऑपरेशन कॉस्ट बढ़ गई है। कंपनियों का प्लान इस खर्च का भार यात्रियों से वसूलने का था, लेकिन नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने एयरलाइंस को पूरा बोझ ग्राहकों पर डालने से रोक दिया है। सरकार ने अभी डोमेस्टिक फ्लाइट्स के लिए ऑपरेशन कॉस्ट का सिर्फ 25 प्रतिशत बढ़ाने की अनुमति दी है। इंडिगो के अनुसार, उन्होंने दूरी के अनुसार फ्यूल चार्ज को री-कैलिब्रेट किया है, यानी आपका सफर जितना लंबा होगा, टिकट के लिए फ्यूल चार्ज भी उतना ही ज्यादा देना होगा।


**पूर्व मध्य रेल**

**खुली निविदा आमंत्रण सूचना संख्या-34/टी.आर.डी./डी.एन.आर./ओ.टी./25-26**

मंडल रेल प्रबंधक पूर्व मध्य रेल दानापुर भारत के राष्ट्रपति, की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु खुली निविदा आमंत्रित करते हैं। **निविदा संख्या:** टी.आर.डी./डी.एन.आर./ ओ.टी./34/25-26 **(1) कार्य का नाम एवं स्थान:** दानापुर मंडल के अंतर्गत प्लेटफॉर्म क्षेत्र में स्ट्रक्चर बॉन्ड के स्थान पर एरियल अर्थ कंडक्टर (AEC) का प्रावधान **(2) कार्य की अनुमानित लागत (एन.आई.टी. मूल्य):** रु. 1,82,03,126.69/- **(3) अग्रधन राशी:** रु. 3,64,100.00/- **(4) निविदा जमा करने कि तिथी और समय:** 29.04.2026 को दिन 12:00 बजे तक निर्धारित है **(5) वेबसाइट विवरण, नोटिस बोर्ड का स्थान जहां निविदा का पूरा विवरण देखा जा सकता है और कार्यालय का पता जहां से निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है आदि:** विस्तृत निविदा सूचना, पात्रता मानदंड और निविदा दस्तावेज सी.आर.आई.एस वेबसाइट: http://www.ireps.gov.in पर देखे जा सकते हैं और नोटिस का पूरा विवरण सीनियर डी.ई.ई. (टी.आर.डी)/पूर्व मध्य रेलवे/दानापुर के नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है। यदि आवश्यक हुआ तो सभी शुद्धिपत्र वेबसाइट पर अपलोड किए जाएंगे। **मंडल रेल प्रबंधक/पूर्व मध्य रेल, दानापुर**

पीआर/0001/डीएनआर/टीआरडी/टी/26-27/32



**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)/पूर्व मध्य रेल/धनबाद द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

**ई-निविदा सं०:** C-710-CHRK-GCT-26, **क्र० सं० : 01. कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि :** चुरकी (CHRK) स्टेशन पर गति शक्ति मल्टी-मॉडल कार्गो टर्मिनल (जीसीटी) का विकास पूरी तरह से पीओएल (पेट्रोलियम, तेल और स्नेहक) यातायात के लिए रेलवे भूमि पर पैंतीस साल (35 वर्ष) यानी 420 महीने की अवधि के लिए, **2. चुरकी स्टेशन पर गति शक्ति मल्टी-मॉडल कार्गो टर्मिनल (जीसीटी) के विकास का लगभग लागत :** रु० 77,33,79,832/-, **3. ब्याने की राशि :** 7,73,38,000/-, **4. निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख तथा समय :** ई-निविदा बंद होने की तारीख 24.04.2026 को 15:00 बजे। ई-निविदा खुलने की तारीख 24.04.2026 को 15:30 बजे से, **5. वेबसाईट का विवरण : www.ireps.gov.in** ई-निविदा के तहत मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी।

रेल प्रशासन के पास किसी/समस्त प्रपत्र को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

**मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)**
**पूर्व मध्य रेल, धनबाद**

पीआर/0004/डीएचएन/वा०/टी/26-27/36


## प्रथम पृष्ठ का शेष

**बंगाली का हक...**

करने को मजबूर हैं। यहां का युवा कंगाल हो गया है और बांग्लादेशी मालामाल हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में दुनिया भारत का बढ़ता हुआ कद और उसका मान-सम्मान देख रही है। बांग्लादेश से घुसपैठिए आ रहे हैं और हमारे अधिकारों पर कब्जा कर रहे हैं। बांग्लादेश के लोगों के लिए बंगाल में कोई जगह नहीं बची है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज दुनिया भर में हाहाकार मचा हुआ है। पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ गए हैं,लेकिन हमारा देश प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में लगातार फल-फूल रहा है। वो जमाना गया,जब आतंकवादी महानगरों में विस्फोट करके चले जाते थे,आज भारत पाकिस्तान के अदंर घुसकर आतंवादियों को खत्म करता है। उन्होंने कहा कि आज ममता दीदी ने 77 समुदाय की ओबीसी लिस्ट में मुस्लिम जातियां जोड़ दी,हिन्दुओं को नहीं जोड़ा,मैं पूछना चाहता हूं कि वोट के लिए ऐसा पागलपन क्यों किया। इसलिए अब बंगाल के लोगों ने भाजपा की सत्ता लाने की कसम खाई है।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद् हरदा जिला हरदा (म.प्र.)**

Email-cmoharda@mpurban.gov.in
https://nagarpalikaharda.org

conn. 07577222238
Toll free No. 18002331353

क्रमांक 1913/लो.नि./2026-27 हरदा, दिनांक 02/4/26

**(नियम 91(1) (क) (11)**
**ई-नगर पालिका आमंत्रण सूचना का प्रारूप**
**मध्यप्रदेश शासन**
**नगर पालिका का नाम - नगर पालिका परिषद हरदा**

**एन.आई.टी. संख्या 1676 से 1676-1/ई-टेंडरिंग**

निम्नलिखित निर्माण/आपूर्ति/सेवाओं के लिये निविदा मापदंडों को पूरा करने वाले ठेकेदारों/कंसल्टेंट्स और प्राप्त फर्म्स से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित है-

| क्र.सं./पैकेज | निर्माण कार्य/आपूर्तियाँ/सेवाएं | जिला | संभावित राशि | समापन अवधि ( माह ) |
|---|---|---|---|---|
| 2026_UAD_496198_1 | वार्ड क्र. 20 छोटी सिंधी कॉलोनी में सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | हरदा | 498466 | 2 माह |
| 2026_UAD_496206_1 | वार्ड क्र. 33 हरदा खुर्द प्राथमिक शाला के सामने से कपिल जाट के मकान तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | हरदा | 468382 | 2 माह |

01. इच्छुक बोलीदाता वेबसाईट पर एनआईटी देख सकता है www.mptenders.gov.in
02. बोली दस्तावेज सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर टेंडर क्र. 1. 2026_UAD_496198_1 2. 2026_UAD 496206_1 दिनांक 01/04/26 से 15/04/26 समय 5:30 बजे तक।
03. एनआईटी में संशोधन यदि कोई होता है तो केवल वेबसाईट पर प्रकाशित किया जाएगा और समाचार पत्र में नहीं।
04. किसी भी स्पष्टीकरण की आवश्यकता हो तो कृपया श्री एस. के. बोहरे उपयंत्री मोबाईल नं. 9926419797 पर संपर्क करें।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद हरदा**



**एयू स्मॉल फाइनेन्स बैंक लिमिटेड (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)**

AU SMALL FINANCE BANK — A SCHEDULED COMMERCIAL BANK

रजिस्टर्ड ऑफिसः 19-ए, धूलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड, जयपुर-302001(CIN: L36911RJ1996PLC011381)

**परिशिष्ट IV [ देखें नियम 8(1) कब्जा सूचना ]**

जबकि, अधोहस्ताक्षरकर्ता एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए "वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनगर्ठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002" (2002 का 54) और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 13(12) का सपठित नियमों के नियम 3 के तहत प्रदत शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणियों को मांग सूचना पत्र निम्नलिखित तालिका के अनुसार निर्गमितकर तालिका में राशि 60 दिवस के भीतर चुकाने के लिए कहा गया था।

| ऋणी / सहऋणी / बंधककर्ता / गारन्टर / ऋण खाता संख्या | धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | स्थावर सम्पत्ति का विवरण | कब्जे की तारीख |
|---|---|---|---|
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060137834594, मैसर्स कैलाश किराना ( ऋणी ), श्रीमती रिनिता ( सहऋणी ), गोपाल डांगी ( सहऋणी ), कैलाशचंद डांगी ( सहऋणी ) | 14-अक्टूबर-25 Rs. 5,18,955/- पाँच लाख अट्ठारह हजार नौ सौ पचपन रुपए मात्र, 10-अक्टूबर-25 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित मकान नं. 05, पी.एच. नं. 95, वार्ड नं. 08, ग्राम- गुगाहेड़ा, तहसील- खिलचीपुर, जिला- राजगढ़, मप्र, क्षेत्रफल 4745 वर्ग फीट, पूर्व- चंपालाल का मकान, पश्चिम- स्थानीय मार्ग, उत्तर- स्थानीय मार्ग, दक्षिण- भागीरथ का मकान | 28 मार्च 26 |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060130509363, मैसर्स विजय खल भंडार ( ऋणी ), विजयेंद्र देवसिंह ( सहऋणी ), श्रीमती जीवन कुंवर ( सहऋणी ) | 16 अक्टूबर 25 Rs. 2,79,403/- दो लाख उनयासी हजार चार सौ तीन रुपए मात्र, 10 अक्टूबर 25 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित मकान नं. 27, पी.एच. नं. 70, वार्ड नं. 19, ग्राम- भंडावद, तहसील- जीरापुर, जिला- राजगढ़, मप्र, क्षेत्रफल 700 वर्गफीट, पूर्वः मान सिंह का मकान, पश्चिमः मेहरबान सिंह का मकान, उत्तरः स्थानीय रास्ता, दक्षिणः चंदरलाल का मकान | 30 मार्च 26 |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060134308892, मैसर्स प्रेम किराना जरिए प्रोपराइटर प्रेम गुर्जर ( ऋणी ), श्रीमती तेजू बाई गुर्जर ( सहऋणी ), प्रेम गुर्जर ( सहऋणी ) | 16 अक्टूबर 25 Rs. 4,33,397/- चार लाख तैंतीस हजार तीन सौ सत्तानवे रुपए मात्र, 10 अक्टूबर 25 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित मकान नं. 15, पी.एच. नं. 26, ग्राम- देविपुरा, ग्राम पंचायत- दाराना, तहसील- सारंगपुर, जिला- राजगढ़, मध्य प्रदेश क्षेत्रफल 1200 वर्ग फीट, पूर्वः मुख्य सड़क, पश्चिमः सड़क, उत्तरः कैलाश का मकान, दक्षिणः महेश का मकान | 31 मार्च 26 |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060124106020, विनोद कुमार ( ऋणी ), कमल कुमार ( सहऋणी ), श्रीमती सपना बाई ( सहऋणी ) | 14 अक्टूबर 25 Rs. 9,17,518/- नौ लाख सत्रह हजार पांच सौ अट्ठारह रुपए मात्र, 10 अक्टूबर 25 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित मकान नं. 258, वार्ड नं. 12, पी.एच. नं. 13, ग्राम लीमाचौहान, तहसील सारंगपुर, जिला राजगढ़, मध्य प्रदेश, क्षेत्रफल 500 वर्ग फीट, पूर्व- अनिल जैन का प्लॉट, पश्चिम- सारंगपुर-सांडवटा रोड, उत्तर- अनोखी लाल की दुकान, दक्षिण- प्रेम नारायण की दुकान | 31 मार्च 26 |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060119562996, अफजल खान ( ऋणी ), अब्दुल मुकीम ( सहऋणी ), रफीक खान ( सहऋणी ) | 14 अक्टूबर 25 Rs. 1,75,284/- एक लाख पचहत्तर हजार दो सौ चौरासी रुपए मात्र, 10 अक्टूबर 25 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित मकान नं. 893/1, सर्कल नं. 2, नगर खुजनेर, वार्ड नं. 8, तहसील एवं जिला राजगढ़, मध्य प्रदेश, क्षेत्रफल 615 वर्ग फीट, पूर्व- केशर सिंह, पश्चिम- गली, उत्तर- सलीम खान, दक्षिण- रास्ता | 01 अप्रैल 26 |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060137795453, मैसर्स प्रजापति एग्रो एंड वेल्डिंग वर्कशॉप ( ऋणी ), महेश ( सहऋणी ), अंकित ( सहऋणी ), श्रीमती श्यामू बाई ( सहऋणी ) | 14 अक्टूबर 25 Rs. 7,27,367/- सात लाख सत्ताईस हजार तीन सौ सड़सठ रुपए मात्र, 10 अक्टूबर 25 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित एच प्रॉपर्टी नं. 216, पी.एच. नं. 73, ग्राम पंचायत लश्करपुर, वार्ड नं. 05, तहसील नरसिंहगढ़, जिला राजगढ़, मध्य प्रदेश, क्षेत्रफल 1638 वर्ग फीट, पूर्व- रमेश जी, पश्चिम- स्वयं का प्लॉट, उत्तर- सड़क, दक्षिण- देवबागस | 31 मार्च 26 |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060139386739, मैसर्स जगदीश किराना स्टोर्स एंड ग्रेन मर्चेंट ( ऋणी ), श्रीमती धापू बाई ( सहऋणी ), देवेंद्र डांगी ( सहऋणी ), जगदीश डांगी ( सहऋणी ) | 14 अक्टूबर 25 Rs. 11,67,915/- ग्यारह लाख सड़सठ हजार नौ सौ पंद्रह रुपए मात्र, 10 अक्टूबर 25 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित मकान नं. 144, ग्राम बाखेड़, तहसील खुजनेर, जिला राजगढ़, मध्य प्रदेश, क्षेत्रफल 1586 वर्ग फीट | 01 अप्रैल 26 |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060119564932, राजेश डांगी ( ऋणी ), शिवनारायण ( सहऋणी ), श्रीमती चंद्रकला बाई ( सहऋणी ), घनश्याम डांगी ( गारण्टर ) | 14 अक्टूबर 25 Rs. 3,89,394/- तीन लाख नवासी हजार तीन सौ चौरानवे रुपए मात्र, 10 अक्टूबर 25 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित पी.एच. नं. 83, सर्वे नं. 1623, ग्राम बाखेड़, तहसील एवं जिला राजगढ़, म.प्र., क्षेत्रफल 1400 वर्ग फीट, पूर्व- अभिनव गुप्ता का मकान, पश्चिम- मुख्य बाजार एवं स्थानीय सड़क, उत्तर- कन्हैया लाल डांगी का मकान, दक्षिण- महेश विजयवर्गीय एवं जगदीश का मकान | 01 अप्रैल 26 |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060825956811 एवं L9001060838306975, मैसर्स मारुति किराना स्टोर ( ऋणी ), लक्ष्मीनारायण नागर ( सहऋणी ), श्रीमती दुर्गाबाई ( सहऋणी ), सुशील नागर ( सहऋणी ) | 15 अक्टूबर 25 Rs. 17,00,362/- सत्रह लाख तीन सौ बासठ रुपए मात्र एवं Rs. 15,65,420/- पंद्रह लाख पैंसठ हजार चार सौ बीस रुपए मात्र, 10 अक्टूबर 25 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित मकान नं. 1293, वार्ड नं. 03, पी.एच. नं. 84, देव महाराज का चौत्रा के पास, तहसील खुजनेर, जिला राजगढ़, मध्य प्रदेश, क्षेत्रफल 1545.75 वर्ग फीट, पूर्व- भूपतराज की कृषि भूमि, पश्चिम- आम रास्ता, उत्तर- अमर सिंह की कृषि भूमि, दक्षिण- शीतल कुमार का मकान | 01 अप्रैल 26 |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060143259580 एवं L9001060127864647, मैसर्स श्री बालाजी लाइट डेकोरेशन ( ऋणी ), काशीराम नागर ( सहऋणी ), सतीश नागर ( सहऋणी ), जितेंद्र कुमार ( सहऋणी ), श्रीमती रेशम बाई ( सहऋणी ) | 15 अक्टूबर 25 Rs. 7,24,959/- सात लाख चौबीस हजार नौ सौ उनसठ रुपए मात्र एवं 16 अक्टूबर 25 Rs. 2,16,161/- दो लाख सोलह हजार एक सौ इकसठ रुपए मात्र, 10 अक्टूबर 25 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित ( संपत्ति 1 ) मकान नं. 40/2, पी.एच. नं. 21, ग्राम पंचायत पटक्या, तहसील सारंगपुर, जिला राजगढ़, मध्य प्रदेश, क्षेत्रफल 2160 वर्ग फीट | 01 अप्रैल 26 |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060114024715, संजय कुमार चंद्रवंशी ( ऋणी ), विजय कुमार चंद्रवंशी ( सहऋणी ), चंद्रशेखर चंद्रवंशी ( सहऋणी ), श्रीमती मंजुलता चंद्रवंशी ( सहऋणी ), मोहित चंद्रवंशी ( सहऋणी ), अजय कुमार अजमेरा ( गारण्टर ) | 11 नवम्बर 25 Rs. 27,84,110/- सत्ताईस लाख चौरासी हजार एक सौ दस रुपए मात्र, 10 नवम्बर 25 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित नजुल शीट नं. 10-A, प्लॉट नं. 128, वार्ड नं. 10 की भूमि, इंदिरा गांधी वार्ड, पी.एच. नं. 10 ( पुराना 25 ), तहसील एवं जिला हरदा, म.प्र., क्षेत्रफल 496.435 वर्ग फीट, पूर्व- रास्ता, पश्चिम- लहरजी की संपत्ति, उत्तर- बीएचके शॉप, दक्षिण- राजेंद्र ज्वेलर की संपत्ति | 31 मार्च 26 |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060143209213, मैसर्स गुनगुन साड़ी शॉप ( ऋणी ), विनायक शर्मा ( सहऋणी ), श्रीमती कविता शर्मा ( सहऋणी ) | 16 दिसम्बर 25 Rs. 7,39,110/- सात लाख उनचालीस हजार एक सौ दस रुपए मात्र, 11 दिसम्बर 25 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित सर्वे नं. 709/1/2, पी.एच. नं. 20, ग्राम कुवर कोटरी, तहसील नरसिंहगढ़, जिला राजगढ़, मध्य प्रदेश, क्षेत्रफल 812.5 वर्ग फीट, पूर्व- मुरली पुरी का मकान, पश्चिम- सीसी रोड, उत्तर- स्थानीय सड़क, दक्षिण- स्थानीय सड़क | 31 मार्च 26 |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060141771534, मैसर्स राम पशु आहार ( ऋणी ), रामनिवास ( सहऋणी ), मानसिंह ( सहऋणी ), श्रीमती लाडाबाई ( सहऋणी ) | 16 दिसम्बर 25 Rs. 7,15,318/- सात लाख पंद्रह हजार तीन सौ अट्ठारह रुपए मात्र, 11 दिसम्बर 25 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित मकान नं. 18, पी.एच. नं. 47, वार्ड नं. 07, ग्राम भानवास, तहसील सुथालिया, जिला राजगढ़, मध्य प्रदेश, क्षेत्रफल 1715 वर्ग फीट, पूर्व- स्थानीय रास्ता, पश्चिम- मांगीलाल का मकान, उत्तर- लक्ष्मी नारायण का मकान, दक्षिण- लखन का मकान | 31 मार्च 26 |
| ( ऋण खाता सं. ) L9001060142269420, मैसर्स सतगुरु टेंट हाउस जरिए प्रोपराइटर रामकरण चौहान ( ऋणी ), श्रीमती भगवती ( सहऋणी ), रामकरण चौहान ( सहऋणी ) | 14 अक्टूबर 25 Rs. 9,11,585/- नौ लाख ग्यारह हजार पाँच सौ पिचासी रुपए मात्र, 10 अक्टूबर 25 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित सर्वे नं. 586/2, पी.एच. नं. 9, ग्राम चाटूखेड़ा, मेन रोड, तहसील खुजनेर, जिला राजगढ़, मध्य प्रदेश, क्षेत्रफल 2100 वर्ग फीट, पूर्व- फतेहसिंह की भूमि, पश्चिम- गजराज सिंह की भूमि, उत्तर- प्रधानमंत्री सड़क, दक्षिण- गजराज सिंह की भूमि | 01 अप्रैल 26 |
| ( ऋण खाता सं. ) L9001060130752151, मैसर्स कैलाश किराना स्टोर ( ऋणी ), अंकित ( सहऋणी ), कैलाश ( सहऋणी ), श्रीमती फुंदी बाई ( सहऋणी ) | 16 अक्टूबर 25 Rs. 4,76,527/- चार लाख छिहत्तर हजार पाँच सौ सत्ताईस रुपए मात्र, 10 अक्टूबर 25 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित मकान नं. 122, पी.एच. नं. 02, वार्ड नं. 08, ग्राम बाबलडी, तहसील पचोर, जिला राजगढ़, मध्य प्रदेश, क्षेत्रफल 2880 वर्ग फीट | 01 अप्रैल 26 |
| ( ऋण खाता सं. ) L9001060133945594, मैसर्स गोपाल पशु आहार ( ऋणी ), शिवनारायण नागर ( सहऋणी ), श्रीमती शांति बाई ( सहऋणी ), गोपाल नागर ( सहऋणी ) | 16 अक्टूबर 25 Rs. 4,46,750/- चार लाख छियालिस हजार सात सौ पचास रुपए मात्र, 10 अक्टूबर 25 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित मकान नं. 71, पी.एच. नं. 23, वार्ड नं. 4, ग्राम डोबड़ा जमीदार, तहसील सारंगपुर, जिला राजगढ़, मध्य प्रदेश, क्षेत्रफल 1316 वर्ग फीट, पूर्व- किशनलाल का मकान, पश्चिम- शंकर लाल का मकान, उत्तर- स्थानीय रास्ता, दक्षिण- स्थानीय रास्ता | 01 अप्रैल 26 |
| ( ऋण खाता सं. ) L9001060144711301, मैसर्स अनोख एंटरप्राइजेज ( ऋणी ), रामकमलेश ( सहऋणी ), अनोख सिंह ( सहऋणी ), श्रीमती हंसा सोंधिया ( सहऋणी ) | 16 अक्टूबर 25 Rs. 12,22,306/- बारह लाख बाईस हजार तीन सौ छः रुपए मात्र, 10 अक्टूबर 25 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित पी.एच. नं. 06, मकान नं. 23, ग्राम डूंगरपुर, जिला राजगढ़, मध्य प्रदेश, क्षेत्रफल 2520 वर्ग फीट | 01 अप्रैल 26 |
| ( ऋण खाता सं. ) L9001060144840984, बिराम सिंह ( ऋणी ), श्रीमती गीता बाई ( सहऋणी ) | 16 दिसम्बर 25 Rs. 5,18,129/- पाँच लाख अट्ठारह हजार एक सौ उनतीस रुपए मात्र, 11 दिसम्बर 25 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित सरल नं. 14, मकान नं. 06, पी.एच. नं. 06, ग्राम डूंगरपुर, तहसील एवं जिला राजगढ़, मध्य प्रदेश, 465661, क्षेत्रफल 4356 वर्ग फीट, पूर्व- सार्वजनिक रास्ता, पश्चिम- स्वामी की भूमि, उत्तर- बलवंत सिंह का मकान, दक्षिण- कैलाश का मकान | 01 अप्रैल 26 |
| ( ऋण खाता सं. ) L9001060144227613, मैसर्स गुरु कृपा कंप्यूटर एंड गुरु कृपा प्रिंटिंग ( ऋणी ), हेमंत पटेल ( सहऋणी ), इंद्रा पटेल ( सहऋणी ), ब्रजेश पटेल ( सहऋणी ), नरेंद्र पटेल ( सहऋणी ) | 16 दिसम्बर 25 Rs. 8,05,403/- आठ लाख पाँच हजार चार सौ तीन रुपए मात्र, 11 दिसम्बर 25 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित पी.एच. नं. 37, मौजा ग्राम हिनोटा कला, तहसील हट्टा, जिला दमोह, मध्य प्रदेश, क्षेत्रफल 4350 वर्ग फीट, पूर्व- तिवारी जी का मकान, पश्चिम- मुन्नीलाल जी का मकान, उत्तर- सी.सी. रोड, दक्षिण- सी.सी. रोड | 31 मार्च 26 |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060839081362 एवं L9001060131511169, मैसर्स रामभरोसे ढाबा एंड रेस्टोरेंट ( ऋणी ), श्रीमती प्रियंका लोढ़ी ( सहऋणी ), विक्रम सिंह लोढ़ी ( सहऋणी ), भूपेंद्र सिंह ( सहऋणी ), भूपेंद्र सिंह ( गारंटर ) | 18 अगस्त 25 Rs. 7,85,907/- सात लाख पिचासी हजार नौ सौ सात रुपए मात्र एवं Rs. 8,20,567/- आठ लाख बीस हजार पांच सौ सड़सठ रुपए मात्र, 12 अगस्त 25 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित पुराना खसरा नं. 46/2, नया खसरा नं. 46/4/1( S ), पी.एच. नं. 30, राजस्व पुस्तक नं. Lf 194329, चिरैया खेत ग्राम नायकहेड़ा दलपतपुर शाग्रह, जिला- सागर, मध्य प्रदेश, क्षेत्रफल 43055 वर्ग फीट, पूर्वः सागर छतरपुर मार्ग/सड़क, पश्चिमः कंचेड़ी सिंह एवं अन्य की भूमि, उत्तरः विक्रेता की भूमि, दक्षिणः मूरत सिंह की भूमि | 30 मार्च 26 |

ऋणियों द्वारा वह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणियों को तथा सामान्य जन कों एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) तथा सपठित प्रतिभूतिहित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 8 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में उपरोक्त तालिका में वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ग्रहण कर लिया है।


ऋणियों का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों के साथ सपठित नियम 8(6) की ओर आकर्षित किया जाता है, जिसके अन्तर्गत प्रतिभूति आस्तियों के मोचन के लिये उपलब्ध समय अर्थात इस सूचना से 30 दिवस के सम्बन्ध में है।

ऋणियों को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा सम्पत्तियों के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्तियों के साथ कोई व्यवहार उपरोक्त तालिका में वर्णित राशि तथा आगे का ब्याज एवं कुल भुगतान होने तक "एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड" (ए शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) के प्रभार के अधीन होगा।

**दिनांकः 02.04.2026**
**स्थानः भोपाल, मध्यप्रदेश**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड**

## ऑरेंज कैप (बल्लेबाज)



| | |
|---|---|
| अंगकृष (केकेआर) | 103 |
| इशान किशन (हैदराबाद) | 94 |
| हेनरिक क्लासेन (हैदराबाद) | 83 |

## पर्पल कैप (गेंदबाज)



| | |
|---|---|
| उनादकट (हैदराबाद) | 04 |
| मुजराबानी (केकेआर) | 04 |
| जैकब डफी (बेंगलुरु) | 03 |

## बाउंड्री मीटर



105 छक्के

175 चौके

12 अर्धशतक

अभिषेक शर्मा आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए 100 से अधिक छक्के लगाने वाले दूसरे बल्लेबाज बन गए हैं। पहले नंबर पर डेविड वॉर्नर है, जिनके नाम 143 छक्के हैं। तीसरे नंबर पर हेनरिक क्लासेन (90 छक्के) हैं।

## अंक तालिका


| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 1 | 1 | 0 | 2 | 4.171 |
| बेंगलुरु | 1 | 1 | 0 | 2 | 2.907 |
| दिल्ली | 1 | 1 | 0 | 2 | 1.397 |
| मुंबई | 1 | 1 | 0 | 2 | 0.687 |
| पंजाब | 1 | 1 | 0 | 2 | 0.509 |
| हैदराबाद | 2 | 1 | 1 | 2 | 0.469 |
| गुजरात | 1 | 0 | 1 | 0 | - 0.509 |
| लखनऊ | 1 | 0 | 1 | 0 | -1.397 |
| कोलकाता | 2 | 0 | 2 | 0 | -1.964 |
| चेन्नई | 1 | 0 | 1 | 0 | -2.907 |

### मैच 06: हैदराबाद ने 226 रन बनाकर केकेआर को 161 रन पर समेटा, 65 रन से जीता मैच

# बड़ी जीत के साथ सनराइजर्स ने खोला खाता

जेएनएन, कोलकाता

हेनरिक क्लासेन (52) के जुझारू अर्धशतक और नीतीश कुमार रेड्डी (दो विकेट और 39 रन) के हरफनमौला खेल के दम पर सनराइजर्स हैदराबाद ने आईपीएल के छठवें मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को 65 रन से हराकर मौजूदा सत्र में जीत का खाता खोला। सनराइजर्स ने आठ विकेट पर 226 रन बनाने के बाद जयदेव उनादकट (21 रन पर तीन विकेट), इशान मलिंगा (14 रन पर दो विकेट) और प्लेयर ऑफ द मैच रेड्डी (17 रन पर दो विकेट) की शानदार गेंदबाजी से केकेआर की पारी को 16 ओवर में 161 रन पर समेट दिया। केकेआर की यह दो मैचों में दूसरी हार है। केकेआर के लिए अंगकृष रघुवंशी ने 29 गेंदों में 52 रन बनाए, जबकि रिंकू सिंह ने 25 गेंदों में 35 रन का योगदान दिया। फिन ऐलन ने सात गेंदों में 28 रन बनाए, लेकिन उनकी तेज पारी का फायदा उठाने में टीम नाकाम रही। क्लासेन ने 52 रन बनाने के अलावा रेड्डी (24 गेंदों में 39 रन) के साथ पांचवें विकेट के लिए 53 गेंदों में 82 रन की साझेदारी कर पारी को संवारा। इससे पहले ट्रैविस हेड ने 21 गेंदों पर 46 रन की विस्फोटक पारी खेलकर लय में वापसी की, जबकि अभिषेक शर्मा ने 21 गेंदों में 48 रन ठोके। दोनों ने पहले विकेट के लिए 34 गेंदों में 82 रन की शानदार साझेदारी कर टीम को तेज शुरुआत दिलाई। केकेआर के लिए ब्लेसिंग मुजराबानी ने चार, जबकि वैभव अरोड़ा ने दो विकेट लिए।



अजिंक्य रहाणे आईपीएल में 200 मैच खेलने वाले 11वें खिलाड़ी बन गए है। उन्होंने हैदराबाद के खिलाफ यह उपलब्धि हासिल की। उनसे पहले महेंद्र सिंह धोनी (278), रोहित शर्मा (273), विराट कोहली (268), दिनेश कार्तिक (257), रविंद्र जडेजा (255), शिखर धवन (222), आर अश्विन (221), सुरेश रैना (205), रोबिन उथप्पा (205) और अंबाती रायुडू (204) यह रिकॉर्ड बना चुके हैं।

- अभिषेक और हेड की विस्फोटक पारी से सनराइजर्स ने पावरप्ले में एक विकेट पर 84 रन का स्कोर खड़ा किया। यह सनराइजर्स का आईपीएल में पावरप्ले में बनाया गया पांचवां सर्वोच्च स्कोर है। वहीं, किसी टीम का केकेआर के खिलाफ पावरप्ले में यह दूसरा सर्वोच्च स्कोर है। सनराइजर्स से पहले पंजाब ने 2024 में केकेआर के खिलाफ पावरप्ले में एक विकेट पर 93 रन बनाए थे। इस टूर्नामेंट में टीम का पावरप्ले में सर्वोच्च स्कोर 2024 में दिल्ली के खिलाफ बिना किसी नुकसान के 125 रन बनाना है।
- केकेआर 2012 के बाद पहली बार लगातार दो ओपनिंग मैच हारी है। हैदराबाद से पहले उसे मुंबई ने सत्र के शुरुआती मुकाबले में ही हराया था। वहीं, सनराइजर्स की 2020 के बाद कोलकाता के खिलाफ खेले 14 मुकाबलों में सिर्फ चौथी जीत है। वहीं, इडेन गार्डन्स पर खेले 12 आईपीएल मैचों में भी हैदराबाद की यह चौथी जीत है।

## स्कोर बोर्ड

**सनराइजर्स हैदराबाद: 226/8 (20 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| ट्रेविस हेड का. ग्रीन बो. त्यागी | 46 | 21 | 6 | 3 |
| अभिषेक का. वरुण बो. मुजराबानी | 48 | 21 | 4 | 4 |
| किशन का. रिंकू बो. मुजराबानी | 14 | 9 | 3 | 0 |
| क्लासेन का. रमनदीप बो. मुजराबानी | 52 | 35 | 4 | 1 |
| अनिकेत का. रिंकू बो. अनुकूल | 1 | 4 | 0 | 0 |
| नीतीश का. वरुण बो. वैभव | 39 | 24 | 4 | 1 |
| सलील अरोड़ा बोड वैभव | 0 | 1 | 0 | 0 |
| हर्ष दुबे नाबाद | 9 | 3 | 2 | 0 |
| शिवांग का. रहाणे बो. मुजराबानी | 4 | 2 | 1 | 0 |

**अतिरिक्त:** 13, **कुल:** 20 ओवर में 8 विकेट पर 226 रन, **विकेट पतन:** 1-82, 2-111, 3-112, 4-118, 5-200, 6-200, 7-222, 8-226, **गेंदबाजी:** वैभव अरोड़ा 4-0-47-2, ब्लेसिंग मुजाराबानी 4-0-41-4, सुनील नारायण 4-0-39-0, वरुण चक्रवर्ती 2-0-31-0, कार्तिक त्यागी 4-0-48-1, अनुकूल रॉय 2-0-16-1.

**कोलकाता नाइट राइडर्स: 161/10 (16 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| फिन ऐलन का. एंड बो. हर्ष | 28 | 7 | 4 | 2 |
| रहाणे का. मलिंगा बो. उनादकट | 8 | 10 | 0 | 0 |
| अंगकृष रघुवंशी रनआउट | 52 | 29 | 6 | 2 |
| कैमरन ग्रीन रनआउट | 2 | 2 | 0 | 0 |
| रिंकू का. उनादकट बो. नीतीश | 35 | 25 | 4 | 1 |
| अनुकूल रॉय का. एंड बो. नीतीश | 0 | 2 | 0 | 0 |
| रमनदीप का. उनादकट बो. मलिंगा | 10 | 9 | 1 | 0 |
| नारायण का. वर्मा बो. मलिंगा | 12 | 4 | 0 | 2 |
| कार्तिक का. किशन बो. उनादकट | 5 | 5 | 1 | 0 |
| वैभव अरोड़ा नाबाद | 1 | 2 | 0 | 0 |
| वरुण चक्रवर्ती बो. उनादकट | 0 | 1 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त:** 8, **कुल:** 16 ओवर में 161 रन पर सभी आउट, **विकेट पतन:** 1-30, 2-67, 3-74, 4-120, 5-120, 6-139, 7-154, 8-159, 9-161, 10-161, **गेंदबाजी:** डेविड पेन 2-0-35-0, हर्ष दुबे 2-0-17-1, अभिषेक शर्मा 1-0-15-0, उनादकट 3-0-21-3, इशान मलिंगा 2-0-14-2, शिवांग कुमार 4-0-41-0, नीतीश कुमार 2-0-17-2.

# होम ग्राउंड पर पंजाब किंग्स के खिलाफ लय हासिल करने की कोशिश करेगी सीएसके

### चेन्नई खाता खोलने को बेताब, पंजाब जीत की लय बरकरार रखने उतरेगी

जेएनएन, चेन्नई

चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के लिए अपना घरेलू मैदान मजबूत गढ़ रहा है, लेकिन पंजाब किंग्स के खिलाफ शुक्रवार को होने वाले आईपीएल मैच में जीत हासिल करने के लिए उसे खेल के प्रत्येक विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। सीएसके की राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ पहले मैच में शुरुआत निराशाजनक रही थी। सीएसके अब उस हार को भुलाकर नए सिरे से अपना अभियान शुरू करने की कोशिश करेगा। हाल ही में हुए टी-20 विश्व कप के दौरान चेन्नई की पिच के व्यवहार को देखते हुए यह बल्लेबाजी के लिए अच्छा विकेट होना चाहिए। सीएसके के स्टार खिलाड़ी महेंद्र सिंह धोनी गुवाहाटी नहीं गए थे, क्योंकि वह पिंडली की चोट से उबर रहे हैं। उनका हालांकि पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच के दौरान डगआउट में रहने की संभावना है, जिससे कप्तान रुतुराज गायकवाड़ को काफी फायदा मिलेगा। संजू सैमसन सीएसके के लिए अपने पहले मैच में खास प्रभाव नहीं छोड़ पाए थे और वह इसकी भरपाई करने के लिए बेताब होंगे। जहां तक पंजाब किंग्स का सवाल है, तो उसने कुछ विषम परिस्थितियों से गुजरने के बाद गुजरात टाइटंस के खिलाफ जीत हासिल की। उसे ऑस्ट्रेलिया के कूपर कॉनली के रूप में तीसरे नंबर का भरोसेमंद बल्लेबाज मिल गया है। पंजाब की गेंदबाजी भी मजबूत नजर आ रही है।



### चहल से रहना होगा सावधान

चहल का सीएसके के खिलाफ रिकॉर्ड शानदार रहा है और पिछले सीजन इसी मैदान पर उन्होंने सीएसके के खिलाफ हैट्रिक भी ली थी। बीच के ओवरों में चहल के सामने शिवम दुबे की भूमिका अहम होगी। चहल ने अब तक सीएसके के खिलाफ 19 पारियों में 23 विकेट लिए हैं और उनका इकॉनमी रेट 7.1 का रहा है। दुबे ने 2026 में स्पिन के खिलाफ 8 पारियों में 217 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं और सिर्फ एक बार आउट हुए हैं।

### अर्शदीप और खलील के शानदार रिकॉर्ड

2024 से अब तक बाएं हाथ के गेंदबाजों में पंजाब के अर्शदीप ने सबसे ज्यादा 40 विकेट लिए हैं, जबकि सीएसके के खलील 32 विकेट के साथ तीसरे नंबर पर हैं। पावरप्ले (1-6 ओवर) में भी इन दोनों का दबदबा रहा है। इस दौरान खलील ने 18 और अर्शदीप ने 15 विकेट झटके हैं। दोनों ही गेंदबाजों का विपक्षी कप्तान के खिलाफ रिकॉर्ड दमदार है। अर्शदीप ने रुतुराज गायकवाड़ को 6 पारियों में 3 बार आउट किया है, जबकि खलील ने भी श्रेयस अय्यर को आठ पारियों में तीन बार अपना शिकार बनाया है।

# दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज रासी वान डेर डुसेन ने लिया संन्यास

### सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट नहीं मिलने के बाद लिया फैसला

**जोहानिसबर्ग, जेएनएन।** दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज रासी वान डेर डुसेन ने इस साल केंद्रीय अनुबंध में जगह नहीं मिलने के बाद गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की, लेकिन कहा कि वह अपनी घरेलू टीम लायंस की तरफ से खेलते रहेंगे। जोहानिसबर्ग के 37 वर्षीय खिलाड़ी वान डेर डुसेन ने पिछले साल मार्च से दक्षिण अफ्रीका की तरफ से कोई मैच नहीं खेला था। उन्होंने 2018 में 29 साल की उम्र में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था तथा 18 टेस्ट, 71 वनडे और 57 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले। वान डेर डुसेन ने कहा कि मैं अत्यंत गर्व और कृतज्ञता के साथ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर रहा हूं।



- वान डेर डुसेन ने 2018 में जिम्बाब्वे के खिलाफ टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया और उसके बाद वे सभी प्रारूपों के खिलाड़ी बन गए। उन्होंने वनडे में अपना विशेष प्रभाव छोड़ा। उन्होंने इस प्रारूप में 50 से अधिक के औसत से 2657 रन बनाए, जिनमें छह शतक और 17 अर्धशतक शामिल हैं। दक्षिण अफ्रीका का यह बल्लेबाज 2022 में राजस्थान रॉयल्स की तरफ से इंडियन प्रीमियर लीग में भी खेला था।
- 2023 विश्व कप में उन्होंने दो शतक जमाए और टीम के लिए दूसरे सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज़ रहे। 2025 चैंपियंस ट्रॉफी में उन्होंने लगातार तीन अर्धशतक लगाए और टीम के लिए सबसे अधिक रन बनाए। यही उनके आखिरी वनडे मुकाबले भी साबित हुए। वान दर डुसेन ने 2021 का टी-20 विश्व कप भी खेला और इस प्रारूप में आठ बार टीम की कप्तानी की।

## खेल एक नजर

### इटली फुटबॉल अध्यक्ष का इस्तीफा कोच को भी हटाया जा सकता है

**रोम, जेएनएन।** इटली के लगातार तीसरी बार विश्व कप के लिए क्वालिफाई करने में नाकाम रहने के दो दिन बाद देश के फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष गैब्रिएल ग्रेविना ने गुरुवार को राजनीतिक दबाव के बीच इस्तीफा दे दिया। ग्रेविना के इस फैसले के बाद संभवतः इटली के कोच गेनारो गट्टूसो को भी पद से हटाया जा सकता है। विश्व कप के लिए क्वालिफाई करने में लगातार दो बार विफल रहने के बाद खेल मंत्री एंड्रिया अबोदी ने ग्रेविना के नेतृत्व वाले इटली के फुटबॉल महासंघ में बदलाव की मांग की थी। क्वालिफाइंग प्लेऑफ में मंगलवार को बोस्निया एवं हर्जेगोविना से पेनल्टी शूटआउट में हार के बाद उत्तरी अमेरिका में होने वाले इस साल के टूर्नामेंट में इटली के पहुंचने की उम्मीदें खत्म हो गईं। सबसे अधिक गोल करने वाला खिलाड़ी बनने की दौड़ अभी खुली हुई है और ऐसे में ये तीनों खिलाड़ी अपनी छाप छोड़ने के लिए बेताब होंगे। भारत के मिडफील्डरों ने टीम की संरचना और गति बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई है, जिससे टीम को बचाव और आक्रमण के बीच आसानी से तालमेल बिठाने में मदद मिली है। गोलकीपर सूरज सिंह अहीबम ने भी भरोसेमंद प्रदर्शन किया है।

### अंडर-20 महिला एशियाई कप में जापान ने भारत को 6-0 से रौंदा

**पाथुम थानी (थाईलैंड), जेएनएन।** भारत को एएफसी (एशियाई फुटबॉल परिसंघ) के अंडर-20 महिला एशिया कप मैच में गुरुवार को थम्मासाट स्टेडियम में जापान के हाथों 0-6 से करारी हार का सामना करना पड़ा। छह बार की चैंपियन जापान को 12वें मिनट में थोइबिसाना चानू तोइजाम के आत्मघाती गोल से शुरुआती बढ़त मिली। जापान ने दूसरे हाफ में पूरी तरह दबदबा बनाया। मिकी किमुरा (54वां मिनट), नोआ फुकुशिमा (57वां मिनट), नात्सुमी तागो (75वां मिनट), मियु मात्सुनागा (81वां मिनट) और युरा होंडा (87वां मिनट) ने एक-एक गोल दागे। करीब 20 साल बाद एशियाई कप में वापसी कर रही भारतीय टीम ने शुरुआत अच्छी की। शुभांगी सिंह और सुलंजना राउल ने बाएं छोर से बेहतर तालमेल दिखाते हुए सिबानी देवी नोंगमेइकापम के लिए मौका बनाया, लेकिन जापान के खिलाड़ियों ने उनके प्रयास को विफल कर दिया।

## भारत और बांग्लादेश के बीच सैफ अंडर-20 का फाइनल आज

**माले, जेएनएन।** चार बार का चैंपियन भारत शुक्रवार को राष्ट्रीय स्टेडियम में पुरुषों की अंडर-20 सैफ फुटबॉल चैंपियनशिप के फाइनल में बांग्लादेश से भिड़ेगा, तो उसकी नजरें पांचवीं बार खिताब जीतने पर टिकी होंगी। हाल के समय में दोनों टीम के बीच कड़े मुकाबले हुए हैं, जिसमें ग्रुप चरण में 1-1 से ड्रॉ भी शामिल है। ऐसे में इस फाइनल मुकाबले के भी काफी रोमांचक होने की उम्मीद है। भारत के कोच महेश गवली ने बांग्लादेश से मिलने वाली चुनौती को स्वीकार किया। गवली ने कहा कि यह आसान नहीं होगा। यह मुकाबला पिछले साल की सैफ अंडर-19 चैंपियनशिप के फाइनल की यादें भी ताजा करता है, जिसमें भारत ने निर्धारित समय में 1-1 से ड्रॉ रहने के बाद पेनल्टी शूटआउट में बांग्लादेश को हराया था। बांग्लादेश उस परिणाम को पलटने के लिए बेताब होगा। दोनों टीम के बीच ग्रुप चरण में 28 मार्च को हुआ मुकाबला ड्रॉ रहा था।

## आईपीएल खेलने के लिए एनओसी नहीं मिलने पर कोर्ट पहुंचे श्रीलंकाई गेंदबाज नुवान तुषारा

**कोलंबो, जेएनएन।** श्रीलंका के तेज गेंदबाज नुवान तुषारा ने आईपीएल के मौजूदा सत्र में खेलने के लिए गुरुवार को अदालत से हस्तक्षेप करने की मांग की, क्योंकि देश के क्रिकेट बोर्ड ने फिटनेस टेस्ट में नाकाम रहने के कारण उन्हें एनओसी देने से इनकार कर दिया था। इस 31 वर्षीय खिलाड़ी को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने खरीदा था। उन्होंने कोलंबो जिला न्यायालय में मामला दायर कर श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) को एनओसी जारी करने का आदेश देने की मांग की है। इस मामले की सुनवाई नौ अप्रैल को होगी। स्थानीय मीडिया की रिपोर्टों के अनुसार 2022 से अपने देश के लिए 30 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके इस खिलाड़ी ने दलील दी है कि एसएलसी के साथ उनका अनुबंध 31 मार्च को समाप्त हो गया था और वह इसे आगे नहीं बढ़ाना चाहते हैं। तुषारा ने कहा कि उन्होंने एसएलसी को अपना अंतरराष्ट्रीय करियर समाप्त करने की अपनी इच्छा के बारे में बता दिया था। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में फिटनेस टेस्ट में असफल होने के कारण एनओसी नहीं देने के फैसले को अदालत को रद्द कर देना चाहिए। एसएलसी ने राष्ट्रीय टीम में चयन के लिए फिटनेस टेस्ट अनिवार्य कर दिया है।



## कैंडिडेट्स शतरंज: ब्लूबाउम ने प्रज्ञानंदा को ड्रॉ पर रोका, सिंदारोव ने बढ़त बनाई

**पाफोस (साइप्रस), जेएनएन।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानंदा ने कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के चौथे दौर में जर्मनी के मैथियास ब्लूबाउम के साथ ड्रॉ खेला, जबकि उज्बेकिस्तान के जावोखिर सिंदारोव ने अमेरिका के फैबियानो कारुआना को हराकर एकल बढ़त हासिल कर ली। पिछले साल के विश्व कप विजेता सिंदारोव ने बुधवार को चार मैचों में अपनी तीसरी जीत हासिल की, जिससे उनके अंकों की संख्या 3.5 हो गई है। इससे वह इस साल के आखिर में मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश के साथ खिताबी मुकाबले में खेलने के प्रबल दावेदार बन गए हैं। प्रज्ञानंदा ने पिछले दौर में सिंदारोव से हारने के बाद ब्लूबाउम के खिलाफ काले मोहरों से खेलते हुए ड्रॉ हासिल किया।





# इकाना के दंगल में यूपी के रिजवी ने पलटी बाजी

### दिल्ली को जीत दिलाने वाले समीर को खाता खोलने के लिए नौ गेंदों का इंतजार करना पड़ा


जेएनएन, लखनऊ

आईपीएल 2026 में लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ दिल्ली कैपिटल्स की टीम पांचवें ओवर में ही मुश्किल में फंस गई थी। टीम ने महज 26 रन के फेर में अपने चार बल्लेबाजों को गंवा दिए थे। दिल्ली के खेमे में अफरा-तफरी का माहौल साफ दिख रहा था। मुख्य कोच हेमंग बदानी डगआउट की तरफ दौड़ लगा रहे थे, ताकि डेविड मिलर को मैदान पर उतरने से रोक सकें, जो हेलमेट पहनकर बस निकलने ही वाले थे। अमूमन आईपीएल में 142 रन का लक्ष्य बेहद मामूली माना जाता है, लेकिन बुधवार की शाम इकाना स्टेडियम में कहानी कुछ और ही थी। लखनऊ से मिला 141 रनों का यह छोटा स्कोर दिल्ली के लिए पहाड़ जैसा साबित हो रहा था। चेज के दौरान केएल राहुल पहली ही गेंद पर चलते बने, नीतीश राणा स्लिप में कैच थमा बैठे और पथुम निसांका पुल मारने के चक्कर में विकेट दे आए। रही-सही कसर प्रिंस यादव ने अक्षर पटेल को बोल्ड करके पूरी कर दी। लखनऊ की लाल मिट्टी वाली पिच पर मोहम्मद शमी, मोहसिन खान और प्रिंस यादव की तिकड़ी जिस तरह आग उगल रही थी, उसे देखते हुए कोच बदानी हर हाल में ट्रिस्टन स्टब्स को क्रीज पर भेजना चाहते थे। हालात हाथ से इतनी तेजी से निकल रहे थे कि स्टब्स को आनन-फानन में पैड पहनकर मैदान की ओर दौड़ना पड़ा। उन्होंने पहली ही गेंद पर चौका जड़कर खाता तो खोल लिया, लेकिन इस मैच का असली रुख 22 साल के युवा समीर रिजवी ने बदला। रिजवी दूसरे विकेट के गिरते ही इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर मैदान में उतरे थे। दिल्ली के पास आशुतोष शर्मा और अनुभवी करुण नायर जैसे विकल्प भी मौजूद थे। इसके बावजूद मैनेजमेंट ने रिजवी पर दांव लगाया।

- घरेलू क्रिकेट में उत्तर प्रदेश के लिए खेलने वाले रिजवी 70 रन बनाकर नाबाद लौटे। दूसरे छोर पर ट्रिस्टन स्टब्स (39 रन) जैसे मंझे हुए बल्लेबाज ने उनका बखूबी साथ निभाया। दोनों के बीच 76 गेंदों में 115 रनों की नाबाद साझेदारी हुई।

> सीजन शुरू होने से पहले कोचों ने साफ कहा था कि मुझे अपना नैचुरल और पॉजिटिव गेम ही खेलना है। मैं उसी इरादे से उतरा था, लेकिन अगले ही ओवर में दो और विकेट गिर जाने से हम मुश्किल में फंस गए। मैंने और स्टब्स ने आपस में बात की कि अभी काफी ओवर बाकी हैं और टारगेट भी बहुत बड़ा नहीं है, इसलिए हमें थोड़ा समय लेकर खेलना चाहिए।
>
> ■ समीर रिजवी

# आर्सेनल व बायर्न म्यूनिख विमेंस चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल में



**लंदन, जेएनएन।** मौजूदा चैंपियन आर्सेनल दूसरे चरण में चेल्सी से 1-0 से हारने के बावजूद महिला चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाने में सफल रहा। आर्सेनल ने पिछले सप्ताह क्वार्टर फाइनल के पहले चरण में 3-1 से जीत दर्ज की थी और इस तरह से वह 3-2 के कुल स्कोर के आधार पर अंतिम चार में पहुंच गया है। अब उसका सामना वोल्फ्सबर्ग या लियोनेस में से किसी एक से होगा। स्टैमफोर्ड ब्रिज में खेले गए मैच के स्टॉपेज टाइम के चौथे मिनट में स्जोके नुस्केन ने चेल्सी के लिए गोल दागा। इससे पहले बायर्न म्यूनिख ने तीन मिनट के अंदर दो गोल करके मैनचेस्टर यूनाइटेड को 2-1 से हराया और कुल मिलाकर 5-3 के स्कोर के साथ सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अन्य दो क्वार्टर फाइनल में बार्सिलोना का सामना रियाल मैड्रिड से जबकि वोल्फ्सबर्ग का लियोन से होगा। पहले चरण के बाद बार्सिलोना 6-2 से जबकि वोल्फ्सबर्ग 1-0 से आगे है।

## आर्टेमिस 2 मिशन लॉन्च, चांद का चक्कर लगाने 4 एस्ट्रोनॉट्स रवाना



फ्लोरिडा के केप कैनावेरल में केनेडी स्पेस सेंटर से आर्टेमिस-2 मिशन पर ओरियन स्पेसक्राफ्ट को ले जा रहे नासा के स्पेस लॉन्च सिस्टम (रॉकेट) के उड़ान भरने के दौरान एकत्र लोग।

**वॉशिंगटन, जेएनएन।** अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा ने 52 साल बाद इंसान को फिर से चांद के करीब भेजने के लिए अपना ऐतिहासिक आर्टेमिस-2 मिशन सफलतापूर्वक लॉन्च कर दिया है। यह मिशन 1 अप्रैल, 2026 को (भारतीय समयानुसार 2 अप्रैल सुबह) फ्लोरिडा के केनेडी स्पेस सेंटर से रवाना हुआ। यह 10 दिनों का एक 'लूनर फ्लाईबी' मिशन है, जिसमें अंतरिक्ष यात्री चांद की सतह पर नहीं उतरेंगे, बल्कि उसके चारों ओर चक्कर लगाकर वापस धरती पर लौटेंगे। यह मिशन इंसानों को पृथ्वी से अब तक की सबसे लंबी दूरी (लगभग 4 लाख किलोमीटर) तक ले जा सकता है, जो 1970 के अपोलो 13 के रिकॉर्ड को भी पीछे छोड़ सकता है। यात्रियों को नासा के सबसे शक्तिशाली रॉकेट स्पेस लॉन्च सिस्टम (एसएलएस) और ओरियन कैप्सूल के जरिए भेजा गया है? इस मिशन में चार अंतरिक्ष यात्री शामिल हैं, जिनमें पहली बार एक महिला, एक अश्वेत व्यक्ति और एक गैर-अमेरिकी (कनाडाई) अंतरिक्ष यात्री चांद के मिशन पर जा रहे हैं। रीड वाइसमैन मिशन कमांडर, विक्टर ग्लोवर पायलट, चांद के मिशन पर जाने वाले पहले अश्वेत अंतरिक्ष यात्री, क्रिस्टीना कोच मिशन स्पेशलिस्ट, चांद के मिशन पर जाने वाली पहली महिला। जेरेमी हैनसेन मिशन स्पेशलिस्ट, चांद के करीब जाने वाले पहले कनाडाई नागरिक शामिल हैं।

**अगला पड़ाव :** ओरियन कैप्सूल के 6 अप्रैल तक चांद के करीब पहुंचने की उम्मीद है। यह मिशन सफल होने पर 2028 में होने वाले आर्टेमिस-3 मिशन का रास्ता साफ करेगा, जिसके तहत इंसानों को फिर से चांद की सतह पर उतारा जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### नीतीश से मिले तेजस्वी के बागी विधायक

**पटना, जेएनएन।** बिहार की राजनीति में अप्रैल 2026 की शुरुआत में एक बड़ा घटनाक्रम हुआ है, जिसमें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विधान परिषद पद से इस्तीफे और आरजेडी में मची भगदड़ ने नई सरकार की सुगबुगाहट तेज कर दी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 30 मार्च को अपने विधान परिषद पद से इस्तीफा दे दिया है। सूत्रों के अनुसार, वे 10 अप्रैल 2026 को राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ ले सकते हैं और उसके बाद मुख्यमंत्री पद से भी इस्तीफा दे सकते हैं। तेजस्वी यादव के करीब माने जाने वाले विधायक फैसल रहमान ने पटना में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात की है। भाजपा प्रवक्ताओं का दावा है कि आरजेडी और कांग्रेस में भगदड़ मचने वाली है और कई विधायक जल्द एनडीए में शामिल हो सकते हैं।

### नेपाल में एवरेस्ट रेस्क्यू स्कैंडल का भंडाफोड़

**काठमांडू, जेएनएन।** नेपाल पुलिस के केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीआईबी) ने माउंट एवरेस्ट और अन्य हिमालयी क्षेत्रों में एक बड़े 'रेस्क्यू स्कैम' का भंडाफोड़ किया है। इस धोखाधड़ी के तहत पर्यटकों को जानबूझकर बीमार किया जाता था ताकि उनसे और बीमा कंपनियों से मोटा पैसा वसूला जा सके। जांच में सामने आया है कि यह एक संगठित अपराध था जिसमें ट्रेकिंग गाइड, हेलिकॉप्टर ऑपरेटर और निजी अस्पताल शामिल थे। ट्रेकिंग गाइड पर्यटकों के खाने या चाय में बेकिंग सोडा मिला देते थे। बेकिंग सोडा के कारण पर्यटकों को गंभीर पेट दर्द, उल्टी और कमजोरी होने लगती थी, जो काफी हद तक एल्टीट्यूड सिकनेस (ऊंचाई पर होने वाली बीमारी) जैसे लगते थे।

चैटजीपीटी पर कॉपी का आरोप

### एएनआई-ओपनएआई केस में फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली हाईकोर्ट ने न्यूज एजेंसी एएनआई, ओपनएआई के बीच चल रहे महत्वपूर्ण कॉपीराइट विवाद में सुनवाई पूरी कर ली है और फैसला सुरक्षित रख लिया है। यह मामला एआई और कॉपीराइट कानून से जुड़ा देश का पहला बड़ा केस माना जा रहा है। एएनआई ने आरोप लगाया है कि ओपनएआई ने एआई मॉडल चैटजीपीटी को ट्रेन करने के लिए उसकी खबरों का इस्तेमाल किया। एजेंसी का कहना है कि ओपनएआई ने वेब टूल्स के जरिए उसका कंटेंट एकत्र किया और बिना अनुमति व भुगतान के उसका उपयोग किया, जो कॉपीराइट कानून और 'फेयर डीलिंग' के दायरे में नहीं आता। ओपन एआई ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि चैट जीपीटी पूरा आर्टिकल कॉपी नहीं करता, बल्कि सिस्टम इंटरनेट पर उपलब्ध डेटा से केवल पैटर्न और भाषा सीखता है। आगे की ट्रेनिंग के लिए एएनआई को ब्लॉक कर दिया है।

डिजिटल प्लेटफॉर्म्स को निर्देश

### हटाए जाएं हनी सिंह और बादशाह के विवादित गाने



**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली हाईकोर्ट ने रैपर हनी सिंह और सिंगर बादशाह के एक पुराने विवादित गाने को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए उसे सभी डिजिटल प्लेटफॉर्म से हटाने का आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा कि गाने के बोल बेहद अश्लील, अभद्र और महिलाओं के प्रति अपमानजनक हैं, जो किसी भी सभ्य समाज में स्वीकार्य नहीं हो सकते। यह गाना साल 2000 के आसपास का बताया जा रहा है, जब हनी सिंह और बादशाह 'माफिया मुंडीर' नाम के ग्रुप के तहत साथ काम करते थे। दोनों ने कई लोकप्रिय गाने बनाए, लेकिन यह खास गाना अपने आपत्तिजनक शब्दों के कारण विवादों में आ गया।

# पश्चिम एशिया: ईरान जंग में अपने मकसद से कितने दूर राष्ट्रपति ट्रंप

## पहले ही दिन खामेनेई की हत्या, मिसाइल इंडस्ट्री तबाह, लेकिन परमाणु खतरा बरकरार

**वॉशिंगटन, जेएनएन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में घोषणा की कि ईरान के खिलाफ उनके मुख्य रणनीतिक उद्देश्य समाप्ति के करीब हैं। 28 फरवरी, 2026 को शुरू हुए 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' के माध्यम से ट्रंप प्रशासन ने 5 लक्ष्यों पर अपनी प्रगति साझा की है। ट्रंप और अमेरिकी खुफिया एजेंसियों ने पुष्टि की है कि युद्ध के शुरुआती दिनों (फरवरी के अंत/मार्च की शुरुआत) में अमेरिकी-इजरायली हवाई हमलों में ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह अली खामेनेई मारे गए थे। उनके स्थान पर उनके बेटे मोजतबा खामेनेई को नया सर्वोच्च नेता बनाया गया है। ट्रंप के अनुसार, ईरान की 90 फीसदी मिसाइलें और लॉन्चर नष्ट कर दिए गए हैं। ड्रोन और मिसाइल बनाने वाली फैक्ट्रियां भी भारी बमबारी के बाद अब लगभग



निष्क्रिय हैं। हालांकि, ईरान अभी भी छिटपुट मिसाइल हमले और ड्रोन लॉन्च करने की क्षमता रखता है। अमेरिकी सेना का दावा है कि उन्होंने ईरानी नौसेना को 'मिटा दिया' है और उनकी वायु सेना खंडहर में तब्दील हो गई है। एक प्रमुख अभियान में श्रीलंकाई तट के पास अमेरिकी पनडुब्बी ने ईरानी विध्वंसक आईरिस देना को डुबो दिया था।

### 1200 भारतीयों को निकाला

पश्चिम एशिया में संघर्ष के बीच भारत सरकार ने 1200 से अधिक नागरिकों को ईरान से निकाला है, जिनमें से बड़ी संख्या में छात्र हैं। विदेश मंत्रालय द्वारा प्रबंधित इस आपातकालीन निकासी अभियान में नागरिकों को सड़क मार्ग से आर्मेनिया (लगभग 996) और अजरबैजान (204) ले जाया गया, क्योंकि ईरान से सीधी उड़ानें सीमित कर दी गई थीं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को पुष्टि की कि निकाले गए 1,200 से अधिक लोगों में से 845 छात्र हैं, और ईरान में फंसे लोगों के लिए प्रयास जारी हैं। ईरानी हवाई क्षेत्र को बंद करने के बाद, आर्मेनिया और अजरबैजान के साथ भूमि सीमाओं के माध्यम से निकासी को सुगम बनाया गया है। तेहरान स्थित भारतीय दूतावास छात्रों, तीर्थयात्रियों, पेशेवरों सहित भारतीय समुदाय के साथ संपर्क में है, ताकि उन्हें सुरक्षित क्षेत्रों में ले जाने अंततः स्वदेश वापसी में सुविधा प्रदान की जा सके।

### हम अकेले जिसने होर्मुज में नाविक खोए : भारत

ब्रिटेन की पहल पर होर्मुज स्ट्रेट को फिर से खोलने के लिए एक बड़ी ऑनलाइन बैठक हुई, जिसमें 60 से ज्यादा देशों ने हिस्सा लिया। इस बैठक में भारत की तरफ से विदेश सचिव विक्रम मिसरी शामिल हुए। बैठक में मिसरी ने कहा, होर्मुज संकट में अब तक सिर्फ भारत के ही नागरिक मारे गए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, होर्मुज संकट में अब तक 3 भारतीय नाविक मारे जा चुके हैं, ये सभी विदेशी जहाजों पर काम कर रहे थे। भारत ने कहा कि इस पूरे संकट का हल सिर्फ बातचीत और शांति से ही निकल सकता है। भारत ने सभी देशों से अपील की कि तनाव कम करें और आपसी बातचीत के जरिए रास्ता निकालें। इससे पहले ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड ने कहा था कि होर्मुज स्ट्रेट उनके कंट्रोल में है और यह अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के बेतुके बयानों से नहीं खुलेगा। यह रास्ता तभी खुलेगा जब उसकी शर्तें मानी जाएंगी।

बर्थराइट सिटिजनशिप केस

### अमेरिका में पहली बार कोई राष्ट्रपति पहुंचा कोर्ट

अमेरिका में एक अभूतपूर्व घटनाक्रम देखने को मिला, जब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई में पहुंचे। यह पहली बार है जब कोई मौजूदा राष्ट्रपति अपने ही फैसले से जुड़े मामले की सुनवाई के दौरान अदालत में मौजूद रहा। यह मामला जन्म के आधार पर मिलने वाली नागरिकता (बर्थराइट सिटिजनशिप) को सीमित करने से जुड़ा है, जिसे लेकर ट्रंप प्रशासन ने बड़ा कदम उठाया है। ट्रम्प काले सूट और लाल टाई में व्हाइट हाउस से मोटरकेड के जरिए सुप्रीम कोर्ट पहुंचे। वे पब्लिक गैलरी की पहली पंक्ति में बैठे और करीब एक घंटे तक सुनवाई का हिस्सा बने रहे। सरकार के वकील की दलील पूरी होने के बाद वे कोर्ट से निकल गए। व्हाइट हाउस लौटने के बाद ट्रंप ने सोशल मीडिया पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए लिखा, 'हम ही दुनिया के एकमात्र ऐसे देश हैं जो जन्म के आधार पर नागरिकता देने के लिए इतने मूर्ख हैं।' उनका यह बयान बर्थराइट सिटिजनशिप को लेकर उनके सख्त रुख को दर्शाता है।

सड़क और रेल मंत्रालय ने खर्च किया 100% बजट

## रेलवे ने यात्रियों से कमाए 80000 करोड़ रुपए



**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय रेल और सड़क परिवहन मंत्रालयों ने वित्त वर्ष 2023-24 और 2024-25 के दौरान बुनियादी ढांचे के विकास में रिकॉर्ड निवेश और बजट उपयोग सुनिश्चित किया है। भारतीय रेलवे ने वित्त वर्ष 2023-24 में अपनी आय और यात्री संख्या में ऐतिहासिक वृद्धि दर्ज की है। रेलवे ने यात्री सेवाओं से 80,000 करोड़ का संशोधित अनुमानित राजस्व प्राप्त किया है। कुल 741 करोड़ यात्रियों ने इस अवधि के दौरान ट्रेन से सफर किया। माल ढुलाई और यात्री किराए को मिलाकर रेलवे का कुल राजस्व लक्ष्य 3.02 लाख करोड़ रखा गया था। रेलवे ने माल ढुलाई में भी नया रिकॉर्ड बनाया, जिसमें 2024-25 में माल ढुलाई से राजस्व 1,80,000 करोड़ होने का अनुमान है। दोनों मंत्रालयों ने अपने आवंटित बजट का पूर्ण उपयोग करते हुए बुनियादी ढांचे की रफ्तार बढ़ाई है। सड़क परिवहन मंत्रालय पिछले कुछ वर्षों में मंत्रालय का फंड उपयोग 100 प्रतिशत से अधिक रहा है। वित्त वर्ष 2023-24 में, मंत्रालय ने 2,70,435 करोड़ के बजट के मुकाबले 2,75,986 करोड़ खर्च किए।

रेल मंत्रालय ने भी अपने आवंटित बजट का प्रभावी ढंग से उपयोग किया है। 2024-25 के लिए रेलवे को 2.62 लाख करोड़ का रिकॉर्ड पूंजीगत व्यय आवंटित किया गया था। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने वित्त वर्ष 2024-25 में 2,50,000 करोड़ से अधिक का अब तक का सबसे अधिक पूंजीगत व्यय किया, जो 2,40,000 करोड़ के लक्ष्य से भी ज्यादा है।

**भविष्य का रोडमैप :** सड़क क्षेत्रः वित्त वर्ष 2026-27 के लिए सड़क परिवहन मंत्रालय का आवंटन बढ़कर 3.09 लाख करोड़ से अधिक होने का अनुमान है। 2026-27 में रेलवे का पूंजीगत व्यय 2,93,030 करोड़ रहने की उम्मीद है।

## प. बंगाल में 7 पर्यवेक्षक बंधक, नाराज सीजेआई बोले-हमें पता है उपद्रवी कौन

### वोटर लिस्ट से नाम कटने पर लगातार दूसरे दिन प्रदर्शन

**कोलकाता, जेएनएन।** पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में 7 न्यायिक अधिकारियों (जिनमें 3 महिलाएं शामिल हैं) को प्रदर्शनकारियों द्वारा बंधक बनाए जाने की घटना पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। ये अधिकारी स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के तहत मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य में तैनात थे। प्रदर्शनकारियों ने इन अधिकारियों को मालदा के कालियाचक-2 ब्लॉक ऑफिस में बुधवार दोपहर से रात के करीब 1 बजे तक बिना भोजन और पानी के घेरे रखा। रेस्क्यू के दौरान अधिकारियों के काफिले पर पथराव भी किया गया। सीजेआई सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने इसे न्यायपालिका पर 'शर्मनाक' और 'नियोजित हमला' बताया। कोर्ट ने कहा कि यह घटना सर्वोच्च अदालत के अधिकार को चुनौती देने जैसा है।



### 'सबसे ध्रुवीकृत राज्य'

सीजेआई ने सख्त लहजे में कहा कि उन्हें पता है कि इन घटनाओं के पीछे कौन है और इसे 'सुनियोजित साजिश' करार दिया। कोर्ट ने बंगाल को 'सबसे ध्रुवीकृत राज्य' भी कहा। म कोर्ट ने केंद्रीय बलों की तैनाती का आदेश दिया है। आयोग को घटना की जांच सीबीआई या एनआईए जैसी स्वतंत्र एजेंसी से कराने का सुझाव दिया गया है। मुख्य सचिव, डीजीपी को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। उधर, सीएम ममता बनर्जी ने कहा, सुप्रीम कोर्ट ने जो कहा है वह सही है, उकसावों में न आएं। किसी को भी जज या न्यायिक अधिकारियों को नहीं छूना चाहिए।

## हनुमान जयंती पर आया 'रामायण' का टीजर, नहीं दिखे सनी देओल

**मुंबई, जेएनएन।** हनुमान जयंती अवसर पर गुरुवार 'रामायण' का टीजर रिलीज हो गया। हालांकि, इसमें सनी देओल नजर नहीं आ रहे हैं। इसके पीछे मुख्य वजह फिल्म का पहला हिस्सा पूरी तरह से भगवान राम के शुरुआती जीवन और उनके अयोध्या से वनवास जाने की यात्रा पर केंद्रित है। रिपोर्ट्स के अनुसार, सनी देओल की अनुपस्थिति के निम्नलिखित प्रमुख कारण सामने आए हैं। फिल्म के पहले भाग में सनी देओल (हनुमान) का केवल 15 मिनट का कैमियो है, जिसकी शूटिंग वह पहले ही पूरी कर चुके हैं। रामायण के दूसरे भाग में हनुमान के किरदार पर मुख्य रूप से ध्यान दिया जाएगा, जहां सनी देओल का रोल काफी बड़ा होगा। सनी देओल वर्तमान में अन्य फिल्मों की शूटिंग में व्यस्त हैं। वह 'रामायण पार्ट 2' के लिए अपने बड़े हिस्से की शूटिंग अप्रैल के अंत तक शुरू करेंगे। निर्देशक नितेश तिवारी ने इस पहले टीजर को मुख्य रूप से रणबीर कपूर के राम अवतार, उनके अयोध्या काल और एक योद्धा के रूप में उनके परिवर्तन को दिखाने के लिए सीमित रखा है। फिल्म का पहला भाग दिवाली 2026 पर और दूसरा भाग दिवाली 2027 पर रिलीज होने की संभावना है।






सर्वे

परिवार में रोजगार न होने पर बुजुर्गों की मानसिक सेहत पर 12 फीसदी तक ज्यादा खतरा

# बेरोजगार बच्चों के कारण बढ़ रहा बुजुर्गों में डिप्रेशन

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत में बेरोजगारी को आमतौर पर युवाओं की समस्या माना जाता है, लेकिन इसका प्रभाव अब परिवार के बुजुर्ग सदस्यों की मानसिक सेहत पर भी गहराई से पड़ने लगा है। हाल ही में सामने आए एक अध्ययन ने इस कड़वी सच्चाई को उजागर किया है कि जिन घरों में वयस्क बच्चे बेरोजगार हैं, वहां माता-पिता के डिप्रेशन में जाने का खतरा काफी बढ़ जाता है। पारंपरिक भारतीय समाज में बुजुर्ग अपनी आर्थिक और भावनात्मक सुरक्षा के लिए बच्चों पर निर्भर रहते हैं। ऐसे में जब युवा पीढ़ी रोजगार से दूर होती है, तो यह केवल उनकी व्यक्तिगत समस्या नहीं रह जाती, बल्कि पूरे परिवार में असुरक्षा, तनाव और चिंता का माहौल पैदा करती है। यह स्थिति खासतौर पर उन परिवारों में अधिक गंभीर हो जाती है, जहां सामाजिक सुरक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं सीमित हैं। यह शोध संकेत देता है कि बेरोजगारी अब एक व्यापक सामाजिक और मानसिक स्वास्थ्य संकट का रूप ले रही है। नए सर्वे में खुलासा हुआ है कि जिन बुजुर्गों के वयस्क बच्चे बेरोजगार हैं, उनमें डिप्रेशन का खतरा करीब 12 फीसदी तक बढ़ जाता है। यह निष्कर्ष 'लॉन्जिट्यूडिनल एजिंग सर्वे ऑफ इंडिया' के डेटा के विश्लेषण से सामने आया है। शोध के अनुसार, बच्चों की बेरोजगारी के कारण माता-पिता में डिप्रेशन का जोखिम 3.14 फीसदी से बढ़कर 12.48 फीसदी तक पहुंच जाता है। यह अध्ययन संकेत देता है कि बेरोजगारी केवल आर्थिक समस्या नहीं, बल्कि एक सामाजिक और मानसिक स्वास्थ्य संकट भी बनती जा रही है। भारत जैसे देश में, जहां बुजुर्गों की सुरक्षा काफी हद तक परिवार पर निर्भर है, यह मुद्दा और गंभीर हो जाता है।



### इस तरह किया शोध

- सर्वे में 45 वर्ष से अधिक उम्र के 73,000 से ज्यादा लोगों को शामिल किया गया
- शोध स्वीडन की उमेआ यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने किया
- रिपोर्ट 'सोशल साइंस एंड मेडिसिन' जर्नल में प्रकाशित

### इसलिए बढ़ता है डिप्रेशन का खतरा

- बुजुर्ग आर्थिक और सामाजिक रूप से बच्चों पर निर्भर रहते हैं
- बेरोजगारी से परिवार की आय और सुरक्षा दोनों प्रभावित होती हैं
- भविष्य को लेकर असुरक्षा और चिंता बढ़ती है

### भारत में असर ज्यादा

- देश में बड़ी बुजुर्ग आबादी, लेकिन सीमित सामाजिक सुरक्षा
- 60+ उम्र के सिर्फ 18 फीसदी लोगों के पास हेल्थ इंश्योरेंस

### परिवार पर निर्भरता ज्यादा

शोधकर्ताओं के मुताबिक, भारत में पीढ़ियों के बीच गहरा संबंध होता है। ऐसे में जब युवा बेरोजगार होते हैं, तो बुजुर्गों में असुरक्षा और मानसिक तनाव तेजी से बढ़ता है।

### सिफारिशें इनसे मिलेगी राहत

- सामाजिक मेलजोल और सक्रिय जीवनशैली
- परिवार और समुदाय से भावनात्मक समर्थन
- आर्थिक सुरक्षा के विकल्प

वर्गीकृत




**FINANCE**

AVAILABLE FOR SALE REPO VEHICLE TATA ACE GOLD DIESAL MODEL 2024 RC NO. - MP-04-ZW-2048 ENG. NO.700 CCDI04JWXSC7719 CHSIS NO. MAT559033PZJ25868 CONTACT SUNDRAM FINANCE LTD. BHOPAL MOB. : 9109107073

**अण्डा**

BHOPAL EGG RATE 430/-

Rate Suggested by RS Agro P.I.P.L. and Associated Poultry farmers.

**सलाह**

पाठकों को सलाह दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्रवाई करने से पूर्व आवश्यक/सम्पूर्ण जानकारी कर लेवें। यह समाचार पत्र विज्ञापनदाता द्वारा किये गये किसी भी प्रकार के दावे/प्रस्तुतीकरण के लिए जिम्मेदार नहीं है। -व्यवस्थापक

**आवश्यकता है**

आउटसोर्स एजेंसी को सरकारी कार्यालयों हेतु सुरक्षागार्ड, आफीसबाय सफाईकर्मी, कुक (M/F), कम्प्यूटर आपरेटर, सुपरवाइजरों की आवश्यकता है रिजयुम सहित संपर्क करें - 57,ग्रेस टावर द्वितीय तल, जोन-2 एम पी नगर भोपाल 8817793148 (9-4)

## हैदराबाद-गोरखपुर स्पेशल ट्रेन के बढ़े फेरे

**जागरण, बैतूल।** यात्रियों की सुविधा को देखते हुए हैदराबाद-गोरखपुर स्पेशल ट्रेन (07075/07076) के फेरों में वृद्धि की गई है। इस निर्णय से बैतूल सहित मध्य भारत के यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा। पूर्व मुख्य यातायात निरीक्षक अशोक कटारे ने बताया कि इस स्पेशल ट्रेन के दोनों दिशाओं में 4-4 अतिरिक्त फेरे बढ़ाए गए हैं। इन अतिरिक्त फेरों से बैतूल जिले के यात्रियों को लंबी दूरी की यात्रा के लिए अधिक विकल्प और सुविधा प्राप्त होगी।

## 25 साल पुराने चंदन के पांच पेड़ चोरी

**जागरण, सतना।** जिले के उचेहरा थाना क्षेत्र अंतर्गत अतरवेदिया कला गांव से बुधवार-गुरुवार की रात अज्ञात बदमाशों ने चंदन के पांच बेशकीमती पेड़ चोरी कर लिये। पुलिस ने चोरों की तलाश शुरू कर दी है। घटना फूला देवी पांडेय के घर की बगिया में हुई। देर रात अज्ञात बदमाश बगिया में घुसे और 25 साल पुराने चंदन के पांच बड़े पेड़ काटकर ले गए। सुबह जानकारी होने पर मामले की शिकायत थाने में दर्ज कराई। जहां से पेड़ काटे गए हैं, वहां केवल ठूंठ ही बचे हैं।

### "ट्वीट ऑफ द डे"



**कुणाल घोष**
नेता टीएमसी

भाजपा ऐसे महत्वपूर्ण समय में तृणमूल कांग्रेस को केंद्रीय एजेंसियों के माध्यम से परेशान करने की कोशिश कर रही है। चुनाव में तृणमूल कांग्रेस को भारी जनादेश मिलेगा और भाजपा को करारी हार का सामना करना पड़ेगा। वे हमारी पार्टी को परेशान करने के लिए जितनी गंदी चालें चलेंगे, बंगाल की जनता से वे उतने ही दूर होते जाएंगे।

# इलेक्ट्रिक वाहन पर अब देना होगा 4% रोड टैक्स, महंगी होंगी गाड़ियां

## प्रदेश की ईवी नीति में बदलाव, 27 मार्च को खत्म हुई टैक्स छूट की सुविधा

**नगर संवाददाता, भोपाल।** राज्य परिवहन विभाग ने प्रदेश की ईवी नीति में संशोधन कर दिया है। अब नए इलेक्ट्रिक वाहन पर ग्राहक को 4 प्रतिशत रोड टैक्स देना होगा। अभी तक रोड टैक्स और रजिस्ट्रेशन फीस में छूट थी, लेकिन अब इस छूट का समाप्त कर दिया गया है। जानकारी अनुसार परिवहन विभाग ने सभी प्रकार के ईवी वाहन जैसे दो पहिया, तीन पहिया और चार पहिया वाहनों पर रोड टैक्स व रजिस्ट्रेशन फीस लागू कर दी है। विभाग के अधिकारियों का कहना है कि यह टैक्स पेट्रोल व डीजल वाहनों के मुकाबले बहुत कम है, क्योंकि सरकार ईवी का बढ़ावा देना चाहती है।

ईवी नीति में हुए इस बदलाव का असर सभी तरह के इलेक्ट्रिक वाहनों पर पड़ेगा। चाहे कार हो, स्कूटर हो या कमर्शियल वाहन। यानी अब ईवी खरीदते समय ग्राहकों को पहले से ज्यादा खर्च करना होगा। उदाहरण के तौर पर, अगर कोई व्यक्ति 20 लाख रुपये की इलेक्ट्रिक कार खरीदता है, तो उसे अब करीब 80 हजार रुपये अतिरिक्त टैक्स देना पड़ेगा। इससे उन लोगों का बजट प्रभावित होगा, जो टैक्स छूट का फायदा उठाकर ईवी लेने की योजना बना रहे थे। ऑटो सेक्टर से जुड़े जानकार मानते हैं कि इस फैसले से बाजार की चाल बदल सकती है। अब ग्राहक पेट्रोल, डीजल, हाइब्रिड और इलेक्ट्रिक वाहनों की कीमतों की तुलना नए सिरे से करेंगे। टैक्स बढ़ने से ईवी की लागत बढ़ेगी, जिससे कुछ लोग अन्य विकल्पों की ओर रुख कर सकते हैं।




### किस गाड़ी पर कितना टैक्स

- 20 लाख की कार पर करीब 80 हजार ज्यादा
- 10 लाख के वाहन पर करीब 40 हजार अतिरिक्त

### खर्च उठाने लिया निर्णय

परिवहन विभाग का तर्क है कि राज्य में तेजी से बढ़ रहे इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग स्टेशन और अन्य सुविधाएं विकसित करने के लिए फंड की जरूरत है। हालांकि, विशेषज्ञों का कहना है कि इससे ईवी की रफ्तार थोड़ी धीमी पड़ सकती है, क्योंकि कीमत बढ़ने से ग्राहकों का रुझान बदल सकता है।

### इनका कहना है

"शासन के निर्देश पर ईवी के टैक्स नियमों में बदलाव किया गया है। अब चार प्रतिशत रोड टैक्स लागू किया गया है, जो तत्काल प्रभाव से प्रभावी हो चुका है।

■ **जितेन्द्र शर्मा**, आरटीओ भोपाल

### बिक्री की रफ्तार सुस्त पड़ने की आशंका

इस बदलाव के बाद ऑटोमोबाइल विशेषज्ञों का मानना है कि इस फैसले से ईवी की बिक्री की रफ्तार सुस्त पड़ सकती है। लोग अब पेट्रोल-डीजल और हाइब्रिड गाड़ियों के साथ ईवी की कीमतों की तुलना नए सिरे से करेंगे। टैक्स में इस बढ़ोत्तरी के कारण हाइब्रिड और इलेक्ट्रिक वाहनों के बीच का अंतर कम हो जाएगा, जिससे ग्राहकों का रुझान बदल सकता है।

# केमिकल कंपनी के 30 कर्मियों के कान खराब, पांच दिव्यांग

### उज्जैन में पीड़ित कर्मचारियों ने सीएम-कलेक्टर से की शिकायत, जांच शुरू

**जागरण, उज्जैन।** बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन के नागझिरी औद्योगिक क्षेत्र की ओंकार केमिकल कंपनी में काम करने वाले दो दर्जन से अधिक कर्मचारियों ने आरोप लगाया है कि केमिकल फैक्ट्री में काम करने के दौरान उनकी सुनने की क्षमता 90 प्रतिशत तक खत्म हो चुकी है। शहर के बीच चलने वाली ओंकार केमिकल कंपनी के कर्मचारियों ने इसकी शिकायत सीएम से लेकर उज्जैन कलेक्टर रौशन सिंह तक से की है। कलेक्टर ने बताया कि एक आवेदन आया है जिसमें कंपनी के खिलाफ शिकायत की है, जांच की जा रही है। प्रतिवेदन मिलते ही उचित कार्रवाई की जाएगी। हालत ये है कि 30 कर्मचारी बिना हियरिंग मशीन के अब सुन भी नहीं सकते हैं। सभी लोग मशीन लगाकर बात कर पाते हैं। ऐसे में अब उनके सामने रोजी रोटी का संकट खड़ा हो गया है, 30 से अधिक कर्मचारी बेहरेपन का शिकार हुए हैं उनकी उम्र महज 20 से 30 साल के बीच है। मजदूरों का कहना है कि जब उन्होंने अपनी परेशानी कंपनी प्रबंधन को बताई, तो मदद करने की बजाय उन्हें नजरअंदाज किया। कुछ मजदूरों को तो नौकरी से ही निकाल दिया गया। राजेश परमार और लखन चौहान जैसे कई मजदूर पिछले 4 साल से न्याय के लिए भटक रहे हैं।



### कई कर्मचारी सालों से काम कर रहे, उन्हें शिकायत नहीं

इस मामले में ओंकार केमिकल कंपनी के मैनेजर एम मोहन ने बताया कि जिन कर्मचारियों को दिक्कत हुई थी उनको हमने बोला था कि आप लोग का इलाज हम कराएंगे, लेकिन कोई नहीं आया। हम भी सालों से काम कर रहे हैं। करीब 100 कर्मचारी अभी भी काम कर रहे हैं। 11 वर्ष से कंपनी चल रही हैं। कई लोग सालों से काम कर रहे हैं। किसी को कुछ नहीं हुआ। ओंकार केमिकल में खून को पतला करने सहित अन्य दवाओं का केमिकल तैयार किया जाता है। कंपनी में हार्ट के लिए डाइकीटोन बनाया जाता है। इसके लिए 70 प्रतिशत रॉ मटेरियल डोमेस्टिक होता है, जबकि 30 प्रतिशत चाइना से इम्पोर्ट किया जाता है।

## संक्षिप्त खबरें

### निवाड़ी में डीसीसी बंद सैकड़ों युवा बेरोजगार



**जागरण, निवाड़ी।** जिले में संचालित डिस्ट्रिक्ट कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (डीसीसीसी) को बंद करने के फैसले का विरोध तेज हो गया है। यहां कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री और मंत्रालय के नाम ज्ञापन सौंपकर इस निर्णय को वापस लेने की मांग की है। यह ज्ञापन कलेक्टर के नाम डिप्टी कलेक्टर मनीषा जैन को सौंपा गया। प्रदेश के सभी जिलों में पिछले लगभग चार वर्षों से डीसीसीसी कंट्रोल रूम संचालित हो रहे थे। इन केंद्रों से सीएम हेल्पलाइन और आपदा प्रबंधन जैसी महत्वपूर्ण सेवाओं का संचालन किया जा रहा था। कर्मचारी डेटा मॉनिटरिंग से लेकर आपदा प्रबंधन तक की जिम्मेदारियां निभा रहे थे। राज्य लोक सेवा अभिकरण, मध्यप्रदेश के एक पत्र के माध्यम से 31 मार्च से इन कंट्रोल रूमों को बंद करने के निर्देश जारी किए हैं। इस निर्णय के परिणामस्वरूप प्रदेशभर में लगभग 350 से अधिक प्रशिक्षित और अनुभवी युवा बेरोजगार हो गए हैं।

### किडनी ट्रांसप्लांट का झांसा देकर लाखों ऐंठे



**जागरण, रीवा।** प्रदेश के रीवा में किडनी ट्रांसप्लांट कराने का झांसा देकर एक व्यक्ति से 56 लाख रुपए ऐंठ लिए। मामले में सिटी कोतवाली पुलिस ने आरोपी को हरदा जिले से गिरफ्तार किया है। रीवा के अशोक नगर तरहटी निवासी दिलीप कुमार सोनी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी पत्नी की तबीयत खराब होने पर डॉक्टरों ने किडनी ट्रांसप्लांट की सलाह दी थी। इसी दौरान उनकी मुलाकात प्रियांशू उर्फ आयुष पवार से हुई। आरोपी ने खुद को जानकार बताते हुए भोपाल के एक निजी अस्पताल में ट्रांसप्लांट कराने का भरोसा दिलाया। विश्वास में लेकर आरोपी ने इलाज और प्रक्रिया के नाम पर रकम मांगनी शुरू की।

# अतिक्रमण, सीवेज और कचरे से घुट रहा छोटे तालाब का दम

## याचिका पर सुनवाई करते हुए एनजीटी ने अपनाया कड़ा रुख, कलेक्टर को नोटिस

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** भोपाल का ऐतिहासिक छोटा तालाब संकट में है। छोटे तालाब के प्राकृतिक क्षेत्रफल और आकार को निरंतर कम किया जा रहा है। दरअसल भू-माफिया और अतिक्रमणकारी मलबा डालकर झील की सीमाओं को बदल रहे हैं। इससे न केवल झील का जल फैलाव क्षेत्र सिमट रहा है, बल्कि इसकी जल धारण क्षमता, भूजल का रिचार्ज सहित आसपास का पारिस्थितिक संतुलन भी प्रभावित हो रहा है। दूसरी ओर तालाब में नालों के जरिए सीधे मिल रहा सीवेज पानी को जहर बना रहा है। शहर के विभिन्न खुले नालों और पाइपलाइनों से काला, बदबूदार और दूषित जल बिना किसी ट्रीटमेंट के कई वर्षों से सीधे झील में प्रवाहित किया जा रहा है। इन्हीं सब अनदेखियों के चलते झील के संरक्षण, पुनर्स्थापन और सुरक्षा को लेकर राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) की केंद्रीय क्षेत्रीय पीठ, भोपाल ने कड़ा रुख अपनाया है। दरअसल अधिवक्ता हर्षवर्धन तिवारी के माध्यम से पर्यावरणविद् राशिद नूर खान द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए एनजीटी ने इस गंभीर पर्यावरणीय मामले का संज्ञान लिया है। अधिकरण ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए भोपाल कलेक्टर सहित अन्य संबंधित विभागों व प्राधिकरणों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। अतिक्रमण की मार केवल पानी तक सीमित नहीं है। झील के पास के हरित आवरण को पहुंचा नुकसान भी साफ नजर आता है। कई स्थानों पर पेड़ सूखे हुए हैं, तो कुछ जगह पेड़ों के कटे हुए ठूंठ अवैध कटाई की गवाही दे रहे हैं।



### सबूतों ने खोली प्रशासनिक दावों की पोल

याचिकाकर्ता द्वारा एनजीटी के समक्ष पेश किए गए 50 से अधिक पृष्ठों के फोटोग्राफिक साक्ष्य झील की बदहाली की गवाही दे रहे हैं। इन तस्वीरों के गहन अवलोकन से स्पष्ट होता है कि छोटा तालाब व्यापक पर्यावरणीय क्षरण का शिकार है। सबसे बड़ी चिंता का विषय झील में यूट्रोफिकेशन (पोषक तत्वों की अधिकता से शैवाल की अनियंत्रित वृद्धि) की स्थिति उत्पन्न हो गई है। इस वजह से पानी में ऑक्सीजन की भारी कमी हो गई है, जो मछलियों और अन्य जलीय जीवों के लिए जानलेवा साबित हो रही है। यह स्थिति पर्यावरणीय कानूनों और जल संरक्षण नियमों का खुला उल्लंघन है।

### कचरे का अंबार और बफर जोन में अवैध निर्माण

स्थानीय स्तर पर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की पूरी तरह से विफलता इन तस्वीरों में नजर आती है। झील के किनारों और जल क्षेत्र में बड़े पैमाने पर प्लास्टिक कचरा, पैकेजिंग सामग्री, घरेलू अपशिष्ट और निर्माण सामग्री का मलबा तैरता हुआ दिखाई दे रहा है। कई जगह तो कचरे के इस जमाव ने जल प्रवाह को ही बाधित कर दिया है, जिससे झील की सुंदरता और गुणवत्ता नष्ट हो रही है। इसके अतिरिक्त, वेटलैंड (संरक्षण एवं प्रबंधन) नियम, 2017 की धज्जियां उड़ाते हुए झील के अत्यंत समीपस्थ ःबफर जोनः में धड़ल्ले से अवैध निर्माण और मानवीय गतिविधियां जारी हैं। भूमि उपयोग में मनमाने तरीके से बदलाव किए जा रहे हैं।

# भोपाल में देर रात चली तेज हवा, कई जगह हुई बूंदाबांदी

### पांढुर्णा में तीन इंच बारिश, 11 जिलों में ओले और 40 से ज्यादा में बारिश

**नगर संवाददाता, भोपाल।** पश्चिमी विक्षोभ और ताकतवर चक्रवातीय परिसंचरण के कारण मप्र में मौसम बदला हुआ है। राजधानी में गुरुवार देर रात तेज हवा चली। इससे कई कॉलोनियों में बिजली गुल हो गई। कई स्थानों पर होर्डिंग गिरने की भी सूचना है। कई जगह बूंदाबांदी भी हुई। इधर बीते 24 घंटे में प्रदेश के कई जिलों में भी तेज आंधी तूफान, ओले और वर्षा दर्ज की गई है। मौसम केंद्र भोपाल द्वारा जारी बुलेटिन के मुताबिक पिछले 24 घंटे में सबसे ज्यादा बारिश पांढुर्णा जिले में हुई है। यहां बारिश का आंकड़ा 80 मिली मीटर यानि 3 इंच से अधिक दर्ज किया गया है। इसके बाद सौंसर में 40 एमएम, चांद में 29 एमएम सहित प्रदेश के 40 से ज्यादा जिलों में बारिश हुई है। वहीं दूसरी ओर सागर, धार सहित करीब 11 जिले ऐसे हैं, जहां ओलावृष्टि हुई है। तेज हवा, ओले और बारिश के कारण किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खेतों में रखी गेहूं फसल इस बारिश में खराब होने का खतरा बढ़ गया है। मौसम विभाग से मिली जानकारी अनुसार मध्य प्रदेश में मौसम ने गुरुवार शाम को अचानक करवट ली। भोपाल में बादल छा गए, सागर में बारिश हुई।

**सीहोर में शूटिंग का सामान खराब:** सीहोर में पंचायत वेब सीरीज के पार्ट-5 की शूटिंग चल रही है। यूनिट के लाइन प्रोड्यूसर जीशान जाफरी ने बताया कि सीहोर के महोडीया गांव में सीजन-5 की शूटिंग 16 मार्च से 9 अप्रैल तक चलना है। इसमें करीब 200 लोग काम कर रहे हैं। गुरुवार को अचानक हुई बारिश और तेज हवा से टेंट समेत दूसरा सामान उड़ गया।

**सागर में तेज हवा चली, बारिश हुई:** सागर में गुरुवार को दिनभर धूप-छांव का दौर जारी रहा। शाम को घने बादल छा गए, फिर बूंदाबांदी शुरू हुई। वातावरण में उमस बढ़ गई। सानौधा और आसपास के इलाकों में तेज हवा चलने के बाद बारिश हुई। इसके अलावा धार के ग्रामीण इलाकों में पानी गिरा।

### आस्था को लगी ठेस तो लोगों को किया जागरूक

# पूजा सामग्री का रचनात्मक उपयोग कर रहे जयपुर के पुजारी जीवराज

**जोधपुर, जेएनएन।** अक्सर लोग पूजा में उपयोग की हुई सामग्री माता की चुनरी, कान्हा जी के वस्त्र, पुरानी पूजा की तस्वीरें, फटी हुई धार्मिक पुस्तकें, बचा हुआ प्रसाद या मुरझाए हुए फूलों को पॉलिथीन बैग में भरकर यो तो नदी में फेंक देते हैं या किसी पेड़ के नीचे रख देते हैं? ये पवित्र वस्तुएँ, जिनका उपयोग कभी धार्मिक अनुष्ठानों में किया जाता था, जानवरों द्वारा बिखेर दी जाती हैं, नालियों में बह जाती हैं या हमारे जल स्रोतों को प्रदूषित कर देती हैं। जोधपुर नगर निगम के ब्रांड एंबेसडर पंडित जीवराज श्रीमाली अपना जीवन धरती माता की सेवा में समर्पित कर रहे हैं। उन्होंने अपना जीवन शहर को साफ करने के लिये समर्पित किया हुआ है। कई बार वे स्वयं के खर्च पर 250 किलोमीटर तक की यात्रा करके प्लास्टिक और कचरा रीसाइक्लिंग संयंत्रों तक पहुंचाते हैं।

उनकी कहानी 2016 में गुरों का तालाब से शुरू हुई, जो रोकड़िया बालाजी मंदिर के पास स्थित एक प्राचीन तालाब है। यह तालाब पूजा के अपशिष्ट, मूर्तियों, धार्मिक पुस्तकों और चित्रों को फेंकने का स्थान बना हुआ था। श्रद्धालु पूजा में उपयोग की गई वस्तुओं को यहाँ विसर्जित करते थे, जिससे गंदगी के ढेर लग जाता था आस्था को भी ठेस पहुंचाता था। पंडितजी ने लोगों को जागरूक करना शुरू किया, नगर निगम के साथ मिलकर सफाई अभियान चलाए और तालाब के चारों ओर सीसीटीवी कैमरे लगवाए। किसी को गंदगी फेंकते देख? वह विनम्रता से उनसे सफाई करने का अनुरोध करते हैं। उन्होंने पूजा के कचरे के लिए अलग-अलग कूड़ेदान बना रखे हैं। यह तालाब यह एकदम साफ-सुथरा है।



### पूजा सामग्री से बनाते हैं थैले

पंडित जीवराज श्रीमाली पूजा में उपयोग की गई वस्तुओं का रचनात्मक रूप से पुनः उपयोग करते हैं। वे पुरानी पूजा चुनरी, देवी-देवताओं की तस्वीरों वाले कपड़े और इसी तरह के कपड़ों से छोटे थैले बनाते हैं और उन्हें मात्र 5 में बेचते हैं। इससे प्राप्त धन से वे अपने पर्यावरण संरक्षण कार्यों में योगदान देते हैं।

### जीवों की भी करते हैं देखभाल

पंडित जीवराज श्रीमाली कछुए जैसे समुद्री जीवों को भी बचाते हैं, उनकी देखभाल करते हैं और फिर उन्हें वापस समुद्र में छोड़ देते हैं। उनका यह प्रयास सृष्टि के प्रति गहरा सम्मान है, पंडितजी का यह प्रयास केवल तालाबों की सफाई तक सीमित नहीं है, उनका यह प्रयास हमारी अंतरात्मा को शुद्ध करना भी है।







मुद्रक एवं प्रकाशक **राजीव मोहन गुप्त** द्वारा जागरण पब्लिकेशन्स प्रा. लि. हेतु 'दैनिक जागरण प्रेस' 33, जागरण भवन, प्रेस काम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल, मध्यप्रदेश -462011 (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। आर.एन.आई. नं. 1573/57, पंजीयन संख्या 7 म.प्र., **संस्थापक : स्व. गुरुदेव गुप्त,** संपादक : **राजीव मोहन गुप्त,** स्थानीय संपादक : **हरिमोहन गुप्त** फोन : **कार्या. :** 0755-6723200 **E-mail :** modemdj@gmail.com।